शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 99 | गुवाहाटी | रविवार, 5 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



चुनाव से पहले बिखर गया इंडी गठबंधन : भाजपा — पेज 3
कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपना खजाना भरना : प्रधानमंत्री — पेज 4
समाज में प्रेकर कार्य करने वाली महिलाओं और दलितों का सम्मान होना... — पेज 5
राज विस चुनाव : नौजवान हैरान, किसान परेशान, कानून व्यवस्था... — पेज 8


*राज्य सरकार की पहल*

## चावल-दाल के साथ राशन कार्ड में मिलेगी सस्ती चाय

**गुवाहाटी / नई दिल्ली।** राशन कार्ड पर सरकार जरूरतमद लोगों को अब तक चावल, गेहूं, दाल जैसी जरूरी चीजें मिलती रही है, लेकिन असम सरकार ने नई पहल की है। चाय प्रेमियों को तोहफा देते हुए असम सरकार ने राशन कार्ड पर 1 किलो चाय देने पर विचार कर रही है। असम सरकार राशन कार्डधारकों को रियायती मूल्य पर एक किलो चाय उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि राज्य में हर राशनकार्ड धारकों को 5 किलो चावल और 5 लाख रुपए तक का हेल्थ इंश्योरेंस मुफ्त मिलता है। अब प्रदेश सरकार राशनकार्ड धारकों को किफायती दरों पर 1 किलो चाय देने पर विचार कर रही है। राशनकार्ड धारकों को बाजार मूल्य से 75 फीसदी कम पर ये चाय मिलेंगी। असम चाय के 200 साल पूरे पर सरकार ये बात कही है। असम में 10 लाख -शेष पृष्ठ दो पर



## अगले पांच साल तक देश के 80 करोड़ लोगों को मिलेगा मुफ्त राशन : पीएम

**रतलाम ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां कहा कि भाजपा के प्रति मध्य प्रदेश में अटूट विश्वास रहा है। आज यह विश्वास और अधिक हो गया है जब भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा ने भारत को विश्व का पांचवां आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली देश बना दिया है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा समाप्त हो रही है। इसे पुन: पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा ताकि गरीब तबके के लोग अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। गरीबों को जो गारंटी मोदी देता है उसे वह पूरा भी करता है। इसलिए डबल इंजन की सरकार देश व समाज की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश में फिर से दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएं, यही सभी से आग्रह है। मोदी ने भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिसंबर को हमें विजय दिवस मनाना है। मिठाई के साथ ही रतलामी सेव भी खाई जाएगी, क्योंकि बिना रतलामी सेव के मिठाई का भी कोई स्वाद नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा की आंधी चल रही है। जनता भाजपा के समर्थन में है। दिल्ली में बैठकर -शेष पृष्ठ दो पर




पूर्वাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


## मिया वोटों की उम्मीद नहीं, मूल असमिया मुसलमानों पर है ध्यान : सीएम

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें *मिया मुसलमानों* से वोट की उम्मीद नहीं है। गुवाहाटी में मीडिया को संबोधित करते हुए हिमंत शर्मा ने यह भी कहा कि उन्होंने मेडिकल कॉलेजों का दौरा इसलिए नहीं किया क्योंकि वहां मिया मुस्लिम हैं। *मिया* असम में बंगाली भाषी या बंगाल मूल के मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे मिया मुसलमानों से वोट की उम्मीद नहीं है। मैं मेडिकल कॉलेजों का दौरा नहीं करता क्योंकि वहां मिया मुसलमान अधिक संख्या में हैं। हिमंत शर्मा ने आगे कहा कि वह और उनकी पार्टी राज्य में स्वदेशी मुसलमानों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम असम के मूल मुसलमानों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। असम के मूल मुसलमानों को छोड़कर, मैं कभी भी मुसलमानों से वोट की उम्मीद नहीं करता। यह बहुत दुखद है कि हर मेडिकल कॉलेज में मिया मुस्लिम हमारे मूल युवाओं से अधिक हैं। मैंने ज्यादा जाना बंद कर दिया है अब इन कॉलेजों के लिए। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और एआईयूडीएफ का असम में मुस्लिम समुदाय के साथ वोट का रिश्ता है और वर्षों से डर का माहौल बनाकर उनसे वोट मांगे गए हैं। शर्मा ने कहा कि दोनों दलों का प्रवासी मूल के मुसलमानों के साथ वोट मिलने तक का रिश्ता है, लेकिन उन्होंने उनके विकास के लिए या उन क्षेत्रों में जहां वे रहते हैं, कोई कदम नहीं उठाया है।



उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई सड़क, पुल, स्कूल नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में हमने स्वदेशी असमिया मुसलमानों की जीवन स्थितियों में सुधार के लिए उपाय किए हैं और जल्द ही उन पर एक सर्वेक्षण आयोजित किया जाएगा। इस बीच, असम स्थित ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख और धुबड़ी से सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने हिमंत शर्मा को जवाब देते हुए कहा कि मिया मुसलमानों के काम नहीं करने से गुवाहाटी वीरान हो जाएगा। उधर उधर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस और एआईयूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और एआईयूडीएफ का मुस्लिम समुदाय के साथ *वोटों का संबंध* है। यह लोग वर्षों से डर का माहौल बनाकर उनसे वोट मांगे जा रहे हैं। शर्मा ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दोनों पार्टियों का प्रवासी मूल के मुसलमानों के साथ तब तक संबंध है जब तक उन्हें वोट नहीं मिल जाते, लेकिन उन्होंने उनके विकास के लिए या उन -शेष पृष्ठ दो पर

## भूटान नरेश ही नहीं और देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी जल्द करेंगे राज्य का दौरा : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि कई देशों ने असम में नए सिरे से रुचि दिखाई है और उम्मीद है कि जल्द ही और अधिक राष्ट्राध्यक्ष पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगे। शर्मा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह बहुत सम्मान की बात है कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक असम का दौरा कर रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आशा और आकांक्षाएं बढ़ी हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि भूटान हमारा पड़ोसी देश है, लेकिन यह पहली बार है कि कोई राजा राज्य का दौरा कर रहा है। हमें उम्मीद है कि इससे कई और देशों के राजकीय दौरे का मार्ग प्रशस्त होगा। शर्मा ने कहा कि सरकार ने राजा को सर्वोत्तम आतिथ्य प्रदान करने और राज्य की असंख्य -शेष पृष्ठ दो पर



## रोटरी वे का मार्च में होगा उद्घाटन : डॉ. शर्मा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि मार्च महीने में उत्तर गुवाहाटी से गुवाहाटी को जोड़ने वाली ब्रह्मपुत्र पर बने पुल के साथ ही एक रोटरी वे का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज राजधानी दिसपुर जनता भवन स्थित मुख्यमंत्री के नए कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह रोटरी वे गुवाहाटी के भरलुमुख में होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थाई समाधान कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि किस प्रकार मालीगांव की ओर से आने वाली गाड़ियां -शेष पृष्ठ दो पर



## वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए उपयोगी हैं घरेलू नुस्खे

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास इलाकों की हवा में घुलते जहर ने सरकार, नागरिक समाज और अदालतों की चिंता बढ़ा दी है। हवा के इस आपातकाल ने सांसों को संकट में डाल दिया है। इससे बचने के लिए लोग तरह तरह के उपाय कर रहे हैं लेकिन हवा में घुले जगह का कारगर उपाय आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खों में भी है। इसके मद्देनजर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की निदेशक डॉ. तनुजा नेसारी से आज *हिन्दुस्थान समाचार* ने फौरी उपायों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस संकट का हल दुनिया की सबसे भरोसेमंद भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में है। लोगों को आयुर्वेद के कुछ उपायों को अपने रोजमर्रा के जीवन में उतारना होगा। उनके मुताबिक यदि इस संक्रमण काल में आप सिर्फ गर्म पानी का सेवन शुरू कर दें, तो वह प्रदूषण की समस्या से राहत दिलाने में उपयोगी होगा। डॉ. तनुजा नेसारी ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर लोगों को अनावश्यक घर से बाहर जाना कम कर देना -शेष पृष्ठ दो पर


S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


**सुप्रभात**

*कर्म सुख भले ही न ला सके, परंतु कर्म के बिना सुख नहीं मिलता।*

– डिजरायली

### न्यूज गैलरी

## हरदीप पुरी ने नव निर्मित अस्पताल का किया उद्घाटन

**शिवसागर।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को असम के शिवसागर जिले में 483 करोड़ रुपए की लागत से बने मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) की प्रतिबद्धताओं के तहत सिउ-का-फा अस्पताल के लिए वित्तीय मदद प्रदान की है। इसका प्रबंधन एवं संचालन औरंगाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

## नक्सलियों ने भाजपा नेता की हत्या की

**नारायणपुर ( हि.स. )।** मतदान से तीन पहले नक्सलियों ने शनिवार शाम करीब 05:30 बजे नारायणपुर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य रतन दुबे की धारदार हथियार से हत्या कर दी। भाजपा के नारायणपुर जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे, परिवहन संघ के जिलाध्यक्ष भी थे। बताया जा रहा है कि वे घटना के वक्त कौशलनार बाजार में भाजपा का प्रचार करने गए थे। कौशलनार -शेष पृष्ठ दो पर

## नेपाल में भूकंप से भारी तबाही, 154 की मौत, भारत देगा हर संभव मदद

**काठमांडू ( हि.स. )।** पश्चिमी नेपाल में शुक्रवार देररात आए 6.4 तीव्रता के भूकंप से भारी तबाही हुई है। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अब तक 154 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप रात 11:47 बजे आया। इसका केंद्र जाजरकोट जिले में था। इस बीच शनिवार सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की भूकंप त्रासदी पर गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने कहा है कि भारत, नेपाल को हर संभव सहायता देने को तैयार है। अधिकारियों ने कहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राहत और बचाव कर्मचारी मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। अब तक जाजरकोट में मलबे के ढेर से -शेष पृष्ठ दो पर



## जजों को होना चाहिए रिटायर, ताकि आने वाली पीढ़ियां पुराने कानूनी सिद्धांतों को फिर से तैयार कर सकें : सीजेआई

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्यायाधीशों को सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां समाज को विकसित करने के लिए पुराने कानूनी सिद्धांतों को फिर से तैयार कर सकें। सीजेआइ चंद्रचूड़ ने शनिवार को दिल्ली में हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। चंद्रचूड़ ने कहा कि जहां अमेरिकी संविधान में न्यायाधीशों के लिए सेवानिवृत्ति की कोई उम्र नहीं है। वहीं, भारत में, न्यायाधीश एक विशेष आयु के बाद सेवानिवृत्त हो जाते हैं। सीजेआई ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीशों को अवश्य ही सेवानिवृत्त होना चाहिए क्योंकि यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि किसी इंसान पर अपनी स्वयं की अचूकता के संदर्भ में यह धारणा थोप दी जाए कि उन्हें अपने कार्यालय से सेवानिवृत्त नहीं होना चाहिए। सीजेआई ने आगे कहा कि हमने उस मॉडल का अनुसरण किया है, जहां न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो जाते हैं। लेकिन, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो -शेष पृष्ठ दो पर



## अब फेस्टिव सीजन के दौरान सस्ते दामों में खरीद सकेंगे प्याज, केंद्र सरकार ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** इन दिनों देश भर में प्याज की कीमतों में बेहताशा बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। प्याज की कीमत लगातार आम जनता को रुला रही है। त्योहार के दौरान प्याज खाना आम आदमी के लिए बेहद मुश्किल हो गया है। इसी बीच केंद्र सरकार की एजेंसियों ने आम जनता को राहत देते हुए सस्ते दामों में प्याज मुहैया कराना शुरू किया है। इसी कड़ी में अब दिल्ली एनसीआर में लोगों को काफी सस्ते दाम में प्याज बेचा जा रहा है। दिल्ली एनसीआर के लोगों को सिर्फ 25 रुपए प्रति किलो के भाव पर प्याज उपलब्ध कराया जा रहा है। आम जनता इस महंगाई से काफी परेशान है, मगर सस्ते दाम में प्याज उपलब्ध होने से थोड़ी राहत मिली है। गौरतलब है कि बीते एक दो महीनों के दौरान प्याज की कीमतें आसमान छू रही है। देश के कई हिस्सों में प्याज की कीमत 100 रुपए किलो से भी अधिक हो गई है। वहीं त्योहारों के दौरान भी प्याज की बढ़ी कीमतों के कारण आम जनता के खाने का स्वाद खराब हुआ है। इसी बीच प्याज की कीमत से राहत उस समय मिली है जब देश में त्योहारों का मौसम भी शुरू हो -शेष पृष्ठ दो पर



## 19 को एयर इंडिया से यात्रा न करें पन्नू ने जारी किया धमकी भरा वीजियो

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू का एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें वह 19 नवंबर को एयर इंडिया से यात्रा करने की योजना बना रहे लोगों को धमकी देते हुए कह रहा है कि उनकी जान खतरे में होगी। पन्नू ने वीडियो में कहा कि हम सिख लोगों से 19 नवंबर को एयर इंडिया से यात्रा न करने के लिए कह रहे हैं। वैश्विक नाकाबंदी होगी। 19 नवंबर को एयर इंडिया से यात्रा न करें नहीं तो आपकी जान खतरे में पड़ जाएगी। पन्नू ने आगे दावा किया कि दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा 19 नवंबर को बंद रहेगा और इसका नाम बदल दिया जाएगा। खालिस्तानी आतंकवादी ने इस बात -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# बेटे को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर पिता ने की फायरिंग



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में एक व्यक्ति को पुलिस टीम पर गोली चलाने के आरोप में शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस गोली चलाने वाले व्यक्ति के बेटे को एक आपराधिक मामले में आरोपी होने पर गिरफ्तार करने गई थी, लेकिन पिता ने बेटे को गिरफ्तार करने आई पुलिस टीम पर गोली चला दी। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को हुई जब वालापट्टनम थाने से जुड़े पुलिसकर्मियों की एक टीम आरोपी रोशन को गिरफ्तार करने के लिए यहां चिरक्कल स्थित उसके घर गई थी। रोशन तमिलनाडु के एक मूल निवासी पर हमला करने के मामले में वांछित है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब हम घर पहुंचे, तो उसके पिता बाबू थॉमस ने अचानक पुलिस टीम पर गोली चला दी। सौभाग्य से किसी को कोई चोट नहीं आई। पुलिस ने थॉमस को बलपूर्वक हिरासत में ले लिया है, जबकि आरोपी रोशन पुलिस से हाथापाई के दौरान भागने में कामयाब हो गया। आरोपी के पिता को थाने लाया गया है और उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी रोशन की तलाश की जा रही है।

## फार्मा फैक्ट्री में भीषण धमाका, अब तक आठ शव मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के महाड एमआईडीसी में एक दवा निर्माता कंपनी में भीषण विस्फोट हुआ। पहले बताया जा रहा था कि हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक दवा कंपनी में एक दिन पहले आग लगने के बाद शनिवार दोपहर तक आठ शव बरामद किए जा चुके हैं। एक अधिकारी ने बताया कि तीन लापता लोगों की तलाश जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि यहां से करीब 170 किलोमीटर दूर रायगढ़ जिले के एमआईडीसी महाड में ब्लू जेट हेल्थकेयर में शुक्रवार सुबह 11 बजे आग लगी।

## बलूचिस्तान में फिर आतंकियों का हमला, 14 सैनिकों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को आतंकवादियों ने फिर सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें में कम से कम 14 सैनिक मारे गए। बलूचिस्तान में शुक्रवार को हुआ आतंकवादी हमला इस साल का सबसे वीभत्स हमला माना जा रहा है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के सबसे ज्यादा सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, आतंकवादियों ने यह हमला उस वक्त किया, जब सैनिकों के दो वाहन पसनी से ग्वादर जिले के ओरमारा इलाके में जा रहे थे। बयान के मुताबिक, इलाके में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और इस जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़कर न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। सेना की मीडिया शाखा ने हालांकि हमले के बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। इससे पहले आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस गश्ती दल को निशाना बनाकर विस्फोट किया जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। डान समाचारपत्र ने पुलिस अधकारी मोहम्मद अदान के हवाले से बताया कि यह घटना डेरा इस्माइल खान सिटी में हुई। अभी यह पता नहीं चल पाया कि हताहतों में पुलिसकर्मी भी हैं या नहीं। अफगानिस्तान से सटा डेरा इस्माइल खान लंबे समय से आतंकियों का गढ़ है।

## मिजोरम में हेरोइन के साथ म्यांमार का नागरिक गिरफ्तार



**एजल (हिंस)।** तस्करी की गतिविधियों के खिलाफ जारी अभियान में असम राइफल्स ने मिजोरम के चंफाई जिले से 2.06 करोड़ रुपए मूल्य की 295.28 ग्राम हेरोइन बरामद की। आज दी गई औपचारिक सूचना के अनुसार, असम राइफल्स और आबकारी और नारकोटिक्स विभाग की एक टीम ने म्यांमार के एक नागरिक के पास से हेरोइन बरामद की। सुरक्षा अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। करीब 2 करोड़ 06 लाख 69 हजार 600 रुपए मूल्य की हेरोइन नंबर 4 की पूरी खेप और आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी और नारकोटिक्स विभाग, चंफाई को सौंप दिया गया है।

## पूसीरे फेस्टिव स्पेशल ट्रेनें चलाएगी




**गुवाहाटी (हिंस)।** त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार टर्मिनल- जोगबनी और आनंद विहार टर्मिनल- पूर्णिया जंक्शन के बीच दोनों दिशाओं में चार-चार ट्रिपों के लिए दो जोड़ी विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने आज बताया है कि ट्रेन संख्या 04010 (आनंद विहार टर्मिनल- जोगबनी) स्पेशल 07 से 28 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को 23:45 बजे आनंद विहार टर्मिनल से रवाना होगी और गुरुवार को 05:20 बजे जोगबनी पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 04009 (जोगबनी- आनंद विहार टर्मिनल) स्पेशल 09 से 30 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को 09:00 बजे जोगबनी से रवाना होगी और अगले दिन 16:05 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। 20 कोचों वाली इस ट्रेन में यात्रियों के लिए एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सेकेंड सीटिंग कोच होंगे। एक और ट्रेन संख्या 04048 (आनंद विहार टर्मिनल- पूर्णिया) स्पेशल 08, 11, 14 और 17 नवंबर को आनंद विहार टर्मिनल से 15:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 16:05 बजे पूर्णिया पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 04047 (पूर्णिया- आनंद विहार टर्मिनल) स्पेशल 09, 12, 15 और 18 नवंबर को पूर्णिया से 16:55 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17:50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

## मुकेश अंबानी धमकी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** उद्योगपति मुकेश अंबानी को धमकी भरा ई-मेल भेजने के मामले में आज शनिवार को मुंबई पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक तेलंगाना और दूसरा गुजरात का रहने वाला है। पिछले हफ्ते अंबानी को फिरौती कि धमकी देने वाले 5 ई-मेल मिले थे। आरोपितों ने अंबानी को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगी थी। इस मामले में मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुकेश अंबानी को धमकी देने के मामले में 19 साल के गणेश रमेश वनपर्थी नाम के युवक को तेलंगाना के वारंगल से गिरफ्तार किया गया है। गणेश ने 01 नवंबर को सुबह करीब 10.32 बजे अंबानी को धमकी भरा ईमेल भेजकर 500 करोड़ रुपए की मांग की थी। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने उसके द्वारा भेजा गया धमकी भरा ई-मेल भी रिकवर कर लिया है।

## कमाल : फेफड़े में धंसी सुई निकालकर एम्स के डॉक्टरों ने बचाई बच्चे की जान




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने सात वर्षीय बच्चे के बाएं फेफड़े में धंसी सुई को चुंबक की मदद से सफलतापूर्वक निकाला है। अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी। अस्पताल ने कहा कि बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की टीम ने जटिल एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिये फेफड़े के भीतर धंसी चार सेंटीमीटर की सुई को निकाला। बच्चे को हेमोप्टाइसिस (खांसी के साथ रक्तस्राव) की शिकायत के बाद गंभीर स्थिति में बुधवार को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विशेष जैन ने बताया कि रेडियोलॉजिकल जांच से पता चला कि बच्चे के बाएं फेफड़े में सिलाई मशीन की एक लंबी सुई धंसी हुई है। डॉ. जैन ने एक परिचित के जरिये उसी शाम चांदनी चौक बाजार से चुंबक खरीदने की व्यवस्था की। जैन ने कहा कि चार मिलीमीटर चौड़ाई और 1.5 मिलीमीटर मोटाई वाला चुंबक इस काम के लिए एकदम सही उपकरण था। प्रक्रिया की जटिलताओं के बारे में बताते हुए, बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सुई फेफड़े के भीतर इतनी गहराई तक धंसी थी कि पारंपरिक तरीके लगभग अप्रभावी साबित होते। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की टीम ने गहन चर्चा की, जिसका उद्देश्य सुई को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से निकालने के लिए अभिनव समाधान तलाशना था। डॉ. जैन ने कहा कि प्राथमिक उद्देश्य श्वासनली को किसी भी तरह के जोखिम से बचाकर चुंबक को सुई के स्थान तक ले जाना था। टीम ने सरलतापूर्वक एक विशेष उपकरण तैयार किया, जिसमें चुंबक को एक रबर बैंड और धागे का उपयोग करके सुरक्षित रूप से जोड़ दिया गया था। डॉ. यादव के अनुसार, टीम ने बाएं फेफड़े के भीतर सुई के स्थान का पता लगाने के लिए श्वास नली की एंडोस्कोपी शुरू की और टीम को केवल सुई की नोक का पता चला, जो फेफड़ों के भीतर गहराई तक फंसी हुई थी। डॉ. जैन ने कहा कि इस चुंबक उपकरण की मदद से सुई को सफलतापूर्वक निकाला गया। एम्स के मुताबिक, बच्चे के फेफड़े में सुई कैसे पहुंची, इस बारे में परिवार कोई जानकारी नहीं दे सका।

# पृष्ठ एक का शेष

### चावल-दाल के साथ...

से अधिक चाय वर्कर्स हैं, जो संगठित सेक्टर में काम करते हैं। ये चाय मजदूर प्रदेश के 850 से अधिक चाय बगानों में काम करते हैं। आपको बता दें कि असम भारत के खपत का 55 फीसदी चाय उत्पादन करता है। असम के चाय बेल्ट बह्मपुत्र और बराक घाटियों में 60 लाख से अधिक लोग रहते हैं। हाल ही में असम सरकार ने चाय बगान में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी को बढ़ाकर 18 रुपए कर दिया था। इस वेज बढ़ोतरी के साथ ब्रह्मपुत्र घाटी में चाय श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 250 रुपए हो गई। वहीं बराक घाटी में दैनिक मजदूरी 228 रुपए हो गई। चाय बागान श्रमिकों के लिए नई मजदूरी 1 अक्तूबर से लागू हो गई।

### अगले पांच साल तक...

लोग हिसाब-किताब कर रहे हैं। वह गणित गड़बड़ा जाएगा। भाजपा को दो तिहाई बहुमत से भी अधिक सीटें मध्य प्रदेश में मिलेंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि हर क्षेत्र में भाजपा सरकार ने विकास के द्वार खोले हैं। चंद्रमा पर झंडा गाड़ा है। विश्व में भारत की नई पहचान बनाई है जिसमें मध्य प्रदेश का भी बड़ा योगदान है। एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी एक बार फिर यह नारा सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा आप के परिवार के वर्तमान एवं बच्चों के भविष्य के लिए काम कर रही है। मध्य प्रदेश के मेरे भाई-बहनों मेरी गारंटी है आप का सपना ही मोदी का संकल्प है। इसलिए गरीब से गरीब परिवार को समर्थ बनाना भाजपा सरकार का मिशन है। भाजपा सरकार गरीब की हर चिंता समाधान करेगी, उनकी छोटी-छोटी जरूरत को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस ही है जिसने आदिवासी राष्ट्रपति का विरोध किया था। भाजपा सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान दिलवाया। बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, रानी कमलापति के नाम पर अनेक संस्थानों के नाम हैं। आदिवासी सशक्तीकरण के लिए भाजपा ने काम किया। देश में आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी और भी अनेक कार्य किए। पूरे देश का आदिवासी समाज कांग्रेस से नाराज है उसे सजा देने के मूड में है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस का मतलब हजारों करोड़ का घोटाला, कांग्रेस का मतलब राज्य को बीमार बनाने की गारंटी। आप जानते हैं कांग्रेस के दो नेता आपस में क्यो लड़ रहे हैं? वे सीएम की कुर्सी के लिए नहीं लड़ रहे उन्हें पता है कि उनकी दाल यहा गलने वाले नहीं इसलिए वे कुर्सी के लिए नहीं लड़ रहे हैं। यह जो अंदर कपड़ा फाड़ चल रहा है वे नेता अपने-अपने बेटों के लिए लड़ रहे हैं ताकि कांग्रेस पर कब्जा कर सकें। कांग्रेस सिर्फ परिवारवाद का परचम लहरा सकती है, मध्य प्रदेश का परचम लहराना कांग्रेस के बस की बात नहीं है। कांग्रेस की आपस की लड़ाई में हमें एक बात भूलनी नहीं है जहां कांग्रेस को मौका मिला उन्होंने जनता के कपड़े फाड़ दिए। इसलिए इनको अवसर देना बहुत बड़ा संकट होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता फिल्मी है, कांग्रेसियों के डायलग भी फिल्मी है, कांग्रेस की घोषणाएं भी फिल्मी है और जब किरदार फिल्मी है तब सीन भी फिल्मी होगा। दो नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। अभी तो फिल्म का ट्रेलर है। ये अपने-अपने चेलों को बताते हैं एक बार अगर मौका मिल गया तो उसके बाद वो खुद के तो कपड़े फाड़ेंगे आपके भी फाड़ेंगे। प्रारंभ में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि मोदीजी ने प्रदेश के विकास में और जनकल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास का उन्होंने जिक्र किया तथा कहा कि वे हम सबको आशीर्वाद दें ताकि प्रदेश में कमल का फूल पुन: खिले और प्रदेश में भाजपा की सरकार बने।

### मिया वोटों की उम्मीद...

क्षेत्रों में कोई कदम नहीं उठाया जहां वे रहते हैं। उन्होंने उनके लिए कोई सड़क, पुल, स्कूल, कॉलेज नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में, हमने स्वदेशी असमिया मुसलमानों के जीवन स्तर में सुधार के लिए उपाय किए हैं और जल्द ही उन पर एक सर्वे किया जाएगा। शेष मुस्लमानों (प्रवासियों) के लिए भी राज्य सरकार ने बाल विवाह और मदरसा शिक्षा को रोकने के लिए कदम उठाए हैं। इसके साथ ही नए स्कूलों, कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना, संचार और विद्युतीकरण में सुधार के लिए पुल बनाए हैं। शर्मा ने आगे कहा कि हम मुसलमानों के इस वर्ग के लिए परोपकारी के रूप में काम कर रहे हैं क्योंकि हमें उनसे वोट मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनेता लोगों से वोट पाने की उम्मीद में उनके लिए काम करते हैं। भाजपा सरकार मुसलमानों के इस वर्ग के लिए *मुफ्त सेवा* कर रही है क्योंकि हमें पता है कि हमें उनसे वोट नहीं मिलेंगे। पर हम उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी मूल के मुसलमानों के लिए यह सरकार *बल्ले-बल्ले* है और उनके पास इससे बेहतर दिन कभी नहीं होंगे। कांग्रेस और एआईयूडीएफ वोटों को गिनेंगे, लेकिन हम चुनाव के दौरान वोट के लिए उनके क्षेत्रों में नहीं जाते हैं। एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के हालिया बयान का जिक्र करते हुए कि प्रवासी मूल के मुसलमान मेहनती हैं और उन्हें राज्य में अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में जगह मिलती है, शर्मा ने कहा कि इस पर विवाद नहीं किया जा सकता क्योंकि यह सच है कि वे सभी क्षेत्रों में हैं और यह असमिया युवाओं के लिए एक सबक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने इस समुदाय के युवाओं को राज्य भर में मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य संस्थानों में प्रवेश लेते हुए देखा है। इस समुदाय के लोगों से हम यह शिकायत नहीं कर सकते कि वे प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। अन्य समुदायों के युवाओं को भी इस भावना को विकसित करना चाहिए और कड़ी मेहनत करना चाहिए। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के बारे में शर्मा ने कहा कि भाजपा अच्छा प्रदर्शन करेगी और आसानी से चुनाव जीतेगी। परिणाम घोषित होने के बाद तीन दिसंबर की शाम को जश्न मनाएंगे।

### भूटान नरेश ही नहीं ...

संस्कृति और आगे के सहयोग के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। राजा काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व के लिए रवाना हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान, कई देशों के प्रतिनिधियों के राजदूतों ने राज्य का दौरा किया है और संबंधों को नवीनीकृत करने में अपनी रुचि व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में जी-20 बैठक में सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग ने मुझसे कहा कि वह असम का दौरा करने में रुचि रखते हैं और हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही होगा। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि दिसंबर 2019 में तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की असम यात्रा रद्द करनी पड़ी थी, लेकिन अब स्थिति बहुत अलग है और हमें उम्मीद है कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष हमसे मिलने आएंगे। राज्य में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ चल रहे आंदोलन के कारण 2019 में जापानी प्रधानमंत्री की यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। भूटान नरेश फिलहाल असम की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं और रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उधर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक शनिवार को असम के काजीरंगा में आईओआरए रिट्रीट पहुंचे। असम के पर्यावरण और वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी और असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनकी अगवानी की। भूटान नरेश ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ बैठक की। आपसी सम्मान और साझा दृष्टिकोण की विशेषता वाली इस बैठक ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच गहरे संबंधों को प्रदर्शित किया। हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि मुझे गुवाहाटी में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मिलने का सौभाग्य मिला। हमें महामहिम के दृष्टिकोण से बहुत लाभ हुआ है। मैंने माननीय प्रधानमंत्री के नेबरहुड फर्स्ट के सिद्धांत को मजबूत करने के लिए अपने लोगों के बीच उत्साह से अवगत कराया। दोनों नेताओं ने बुनियादी ढांचे में साझेदारी, स्वास्थ्य सेवा में सहयोग, साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों से लोगों के बीच संबंधों पर भी चर्चा की। मालूम हो कि भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक शुक्रवार को भारत पहुंचे और उन्होंने असम के अपने तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित कामाख्या मंदिर के दर्शन के साथ की। पारंपरिक बौद्ध पीले वस्त्र पहने राजा ने गर्भगृह में प्रार्थना की और देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के अलावा मिट्टी के दीपक जलाने के अलावा मंदिर की परिक्रमा की। अधिकारियों ने शाही आगंतुक को कामाख्या मंदिर की एक प्रतिकृति भेंट की। यहां लोकप्रिय गोपीनाथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उनकी अगवानी की। शर्मा ने पारंपरिक असमिया *गामोसा* (स्कार्फ) के साथ राजा का स्वागत किया। शाही आगंतुक ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। राजा वांगचुक के साथ भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

### रोटरी वे का मार्च ...

भूतनाथ से रोटरी वे के जरिए ब्रह्मपुत्र पर बने पुल होते हुए पान बाजार स्थित एमएमसी हॉस्पिटल के पास पहुंच जाएंगे। वहीं दूसरी ओर, पान बाजार की ओर से आने वाली गाड़ियां वर्तमान फोरलेन रास्ते से सीधे शांतिपुर तक जाएगी। पान बाजार से भूतनाथ की ओर जाने वाली वर्तमान फोरलेन सड़क वन वे हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लॉटरी वे के चालू हो जाने के बाद गुवाहाटी में घुसने और निकलने का मार्ग पूरी तरह से ट्रैफिक मुक्त हो जाएगा। पत्रकार सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य कई जानकारियां भी दीं।

### नेपाल में भूकंप से ...

92 और रूकुम पश्चिम में 62 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। इस बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप त्रासदी में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने शोक संदेश में कहा है कि इस आपदा की घड़ी में भारत, नेपाल को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड प्रभावित क्षेत्र जाजरकोट पहुंच चुके हैं। नेपाली सेना की मेडिकल टीम और दवाइयों के साथ पहुंचे प्रचंड ने भूकंप प्रभावित का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने राहत और बचाव के काम में सभी से सहयोग की अपील की है। जाजरकोट और रूकुम के अस्पतालों में जगह नहीं बची है। अब घायलों को सुर्खेत और नेपालगंज के अस्पतालों में हेलीकॉप्टर के जरिए भेजा जा रहा है। आसपास के इलाकों से मेडिकल टीमें बुलाई गई हैं।

### जजों को होना चाहिए ...

एक न्यायाधीश के रूप में 23 वर्षों से सिस्टम में है, मेरी राय अलग है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश इंसान होते हैं जिनमें गलतियां होने की संभावना होती है और समाज विकसित होता है। आपको यह दायित्व आने वाली पीढ़ियों को सौंपना चाहिए जो अतीत की त्रुटियों को इंगित करने और समाज के विकास के लिए कानूनी सिद्धांतों में बदलाव करने में सक्षम होंगी। इसका कारण बताते हुए सीजेआई ने कहा कि भारतीय संदर्भ में, अनिर्वाचित न्यायाधीशों को जीवन भर पद पर बने रहने के लिए इस प्रकार की शक्ति देना, बुद्धिमानी से भारतीय संविधान द्वारा नहीं अपनाया गया है। वर्तमान में, भारत में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु निचली अदालतों में 60 वर्ष, उच्च न्यायालयों में 62 वर्ष और उच्चतम न्यायालय में 65 वर्ष है। एक संसदीय समिति ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के कार्यकाल को मौजूदा सेवानिवृत्ति की आयु से आगे बढ़ाने के लिए एक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली की सिफारिश की थी। यूपीए-2 सरकार के कार्यकाल के दौरान, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु को शीर्ष अदालत के बराबर लाने के लिए लोकसभा में एक विधेयक पेश किया गया था, लेकिन यह कभी भी विचार के लिए नहीं आया और समाप्त हो गया।

### अब फेस्टिव सीजन ...

गया है। त्योहारों के सीजन के दौरान महंगाई पर काबू पाने के लिए ये कदम सरकार ने उठाया है। इसी कड़ी में कदम उठाते हुए केंद्र ने कहा है कि अब दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी के सफल बिक्री केंद्र पर 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से प्याज मिलेगा। प्याज की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। हैदराबाद कृषि सहकारी संघ तेलंगाना और अन्य दक्षिणी राज्यों में ऐसी ही पहल संचालित कर रहा है। सहकारी निकाय एनसीसीएफ और नेफेड पहले ही केंद्र सरकार की ओर से रियायती दर पर बफर प्याज की खुदरा बिक्री कर रहे हैं। नेफेड ने अब तक 21 राज्यों के 55 शहरों में मोबाइल वैन और स्टेशन आउटलेट सहित 329 खुदरा केंद्र स्थापित किए हैं। दूसरी ओर एनसीसीएफ ने 20 राज्यों के 54 शहरों में 457 खुदरा केंद्र स्थापित किए हैं। केंद्रीय भंडार ने भी तीन नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में अपने आउटलेट से प्याज की खुदरा आपूर्ति शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सफल मदर डेयरी में इस सप्ताहांत से बफर प्याज की बिक्री शुरू होगी। तेलंगाना और अन्य दक्षिणी राज्यों में उपभोक्ताओं को प्याज की खुदरा बिक्री हैदराबाद कृषि सहकारी संघ (एचएसीए) कर रही है। मंत्रालय ने खरीफ फसल की आवक में देरी के कारण प्याज की कीमतों में हालिया वृद्धि से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बफर स्टॉक से प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की है। सरकार ने चालू वर्ष के लिए पांच लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाए रखा है और अतिरिक्त दो लाख टन का बफर बनाने की योजना है। सरकार के इन कदमों से प्याज की थोक कीमतों में गिरावट का रुख दिख रहा है, लेकिन खुदरा बाजारों में इसका असर दिखने में समय लग रहा है। मंत्रालय ने कहा, खुदरा कीमतों में आने वाले सप्ताह में इसी तरह की गिरावट की उम्मीद है। इसके अलावा सरकार ने आम घरों में दाल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती कीमत पर भारत दाल पेश की है। भारत दाल को नेफेड, एनसीसीएफ, केंद्रीय भंडार, सफल और तेलंगाना तथा महाराष्ट्र में राज्य नियंत्रित सहकारी समितियों के जरिए उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 19 को एयर इंडिया ...

पर प्रकाश डाला कि यह वही दिन है जिस दिन चल रहे क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच होगा। 10 अक्तूबर को, पन्नू अमेरिका स्थित प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन का प्रमुख है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध से सीखने की धमकी दी थी, ताकि भारत में भी इसी तरह की प्रतिक्रिया न हो। अमृतसर में जन्मे पन्नू 2019 से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के स्कैनर पर हैं, जब जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ अपना पहला मामला दर्ज किया था। उन पर आतंकवादी कृत्यों और गतिविधियों की वकालत करने और उन्हें संचालित करने में प्राथमिक भूमिका निभाने और अपनी धमकियों और डराने-धमकाने की रणनीतियों के माध्यम से पंजाब और भारत के अन्य हिस्सों में भय और आतंक फैलाने का आरोप लगाया गया है। 3 फरवरी, 2021 को एक विशेष एनआईए अदालत द्वारा पन्नुन के खिलाफ गिरफ्तारी के गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, और उन्हें पिछले साल 29 नवंबर को घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था।

### हरदीप पुरी ने नव ...

स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) द्वारा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल से असम के ऊपरी हिस्सों के निवासियों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने पूर्वोत्तर के विकास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा महत्व दिए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर सरकार और ओएनजीसी जैसे सार्वजनिक उद्यम यहां लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पेट्रोलियम राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि नए अस्पताल की अत्यधिक उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं से पूरे क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। यह अस्पताल 35 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें 300 बिस्तरों की सुविधा के अलावा 70 विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध होंगे।

### नक्सलियों ने भाजपा...

बाजार, थाना से लगभग 05 किमी दूर है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस एवं सुरक्षा बल को रवाना किया गया। शव को जिला मुख्यालय नारायणपुर लाया गया है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के नारायणपुर विधानसभा के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे जी की प्रचार के दौरान नक्सलियों द्वारा निर्ममता से की गई हत्या से मैं बेहद व्यथित हूं। इस कायरतापूर्ण घटना की समूची पार्टी निंदा करती है।

### वायु प्रदूषण के ...

चाहिए। इसके साथ लोगों को सुबह -शाम गर्म पानी और नमक से गरारे करना चाहिए। नाक में अणु तेल लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोगों को जल नेति भी अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, इससे नाक को साफ रखने में काफी मदद मिलती है। घर से बाहर निकलने से पहले मास्क या स्कार्फ से चेहरा ढकना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौजूदा स्थिति में लोगों को एसी के इस्तेमाल से जितना हो सके, बचना चाहिए। फिर चाहे घर पर हो या फिर गाड़ी में। तनुजा नेसारी ने बताया कि लोगों को इस समय खान पान का भी खास ख्याल रखना चाहिए। शाम के वक्त खट्टी दही और टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए। इस समय प्रदूषण के साथ -साथ मौसम में बदलाव हो रहा है तो खान-पान का खास ख्याल रखना चाहिए। जहां तक हो सकें ताजा खाना खाना चाहिए। प्रदूषण के मद्देनजर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए रोजाना प्राणायाम भी करना चाहिए । उन्होंने बताया कि इलाइची और हल्दी शरीर में विषैले प्रभाव को कम करती है। इसलिए सुबह के नाश्ते में इलाइची या अदरक की चाय को शामिल करना चाहिए। हल्दी का दूध और च्यवनप्राश का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहद सरल आयुर्वेद के उपायों के साथ लोग इस विषैले प्रदूषण का न केवल सामना कर सकते हैं बल्कि स्वस्थ रह सकते हैं।

# चुनाव से पहले बिखर गया इंडी गठबंधन : भाजपा

## मिशन बीटीआर के तहत 40 परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की व्यापक तैयारियां

**गुवाहाटी ( हिंस )।** देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के घटक दलों की राजनीति परम् सत्ता केंद्रित है। इनकी राजनीति देश के लोगों के लिए नहीं है। उन्होंने साबित कर दिया है कि इनकी कोई जवाबदेही नहीं है। बिहार, मध्य प्रदेश, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में इन दलों के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ, खासकर कांग्रेस के खिलाफ जो रुख अख्तियार किया है, वह व्यवहारिक रूप से परस्पर विरोधी है। उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही इंडी गठबंधन के घटक दलों द्वारा गठबंधन नियमों के उल्लंघन साबित हो गया है। यह बयान प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। बरुवा ने कहा कि हाल ही में इंडी मोर्चा के सबसे बड़े घटकों में से एक नीतीश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस मोर्चे के एजेंडे को लागू करने में कांग्रेस पार्टी की कोई जिम्मेदारी नहीं दिख रही है। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने चेतावनी दी थी कि कांग्रेस पार्टी को समाजवादी पार्टी के साथ मध्य प्रदेश में सीट बंटवारे में की गई गड़बड़ी को झेलना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी मोर्चा की आंतरिक उथल-पुथल के बारे में स्पष्ट रूप से बात की है। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी अब इंडी फ्रंट के तहत एक पार्टी-शासित राज्य केरल में बाम मोर्चा के खिलाफ, पंजाब में आम आदमी पार्टी के खिलाफ, पश्चिम बंगाल में सीधे तौर पर तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन कार्यक्रम शुरू कर रही है। ऐसे में वास्तव में देश भर में बंटा इंडी गठबंधन भारत के लोगों को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं कर पाएगा। दूसरी ओर, कई दशकों से अधिक समय से सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी की लोगों के बीच कोई विश्वसनीयता नहीं है। कांग्रेस के विधायकों के रुख ने हाल ही में अमृत कलश अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के राज्य नेतृत्व के रुख के विपरीत जाकर इसे साबित कर दिया है। राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग के माध्यम से, कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने कांग्रेस के प्रति चरम बेवफाई साबित कर दी है। खासकर इंडी अलायंस की ओर से भाजपा नीत राज्य सरकार के खिलाफ चार्जशीट बनाने की जिम्मेदारी रकीबुल हुसैन जैसे विवादास्पद कांग्रेसी नेता को देने से कांग्रेस पार्टी के असली स्वरूप का खुलासा हो गया है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि रकीबुल हुसैन का राजनीतिक जीवन स्वयं इस तरह के सौ आरोप पत्रों का आधार हो सकता है। मनोज बरुवा ने कहा कि इसलिए राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर इंडी फ्रंट किसी भी तरह से लोगों का विश्वास जीतने में सक्षम नहीं है। बरुवा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में विशेष संवैधानिक दर्जा प्राप्त क्षेत्र बीटीआर में बड़े पैमाने पर संगठनात्मक अभियान तेज कर दिया है। भाजपा असम प्रदेश के 40 वरिष्ठ पदाधिकारियों को बीटीआर के 40 परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में काम करने की जिम्मेदारी दी गई है। ये पदाधिकारी नवंबर माह में बीटीआर के तहत हर बूथ पर समीक्षा कार्य पूरा करेंगे। अगले चरण में इन बूथों के सशक्तिकरण का कार्यक्रम दिसंबर में शुरू किया जाएगा। बीटीआर के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में फिर से एक-एक विधायक को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। दो या तीन विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी असम सरकार में वरिष्ठ मंत्रियों को दी गई है। कैबिनेट मंत्रियों से लेकर राज्य के अधिकारियों तक सभी ने बीटीआर क्षेत्र में बूथ सशक्तिकरण कार्य पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित किया है। इस बीच, बीटीआर के भेरगांव में आज एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जा गया। अगले चरण में राज्य सरकार के प्रभारी मंत्रियों, विधायकों की उपस्थिति में प्रत्येक विधानसभा और बीटीआर परिषद क्षेत्र के आधार पर जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। इस संगठनात्मक प्रक्रिया के माध्यम से, भाजपा पहले से ही इस परिषद क्षेत्र में अपने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए एक ठोस प्रयास कर रही है। मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के लोगों ने भाजपा के प्रयासों को सराहा है।

## नकली नोट बनाने की मशीन के साथ चार गिरफ्तार




**नगांव ( हिंस )।** जिले की कसुवा पुलिस की कार्रवाई में नकली नोट बनाने के आरोप में मशीन के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि कसुवा के उत्तर शिमुलुगुरी में कसुवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की। छापामारी के दौरान बंदनागांव के एक दंपति सहित कुल चार लोगों को हिरासत में लिया गया। आरोपितों को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे नकली नोट के बंडल बेचने वाले थे। अभियान का नेतृत्व कसुवा थाना प्रभारी राजा इरशाद ने किया। छापामारी में गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान विचेनो उइखान, ए शिमराई, उत्तर शिमुलुगुड़ी के इदरीस अली और काजीरंगा बालीसरिया के अनवर हुसैन के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए लोगों से नकली नोट छापने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रिंटिंग मशीन, छापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कागज, तीन मोबाइल हैंडसेट, पांच सौ रुपए के नौ नोट, नकली नोटों का एक बंडल जब्त किया गया।

## पादरी पॉल दिनाकरन के विरुद्ध कार्रवाई में जुटा एनसीपीसीआर

**इटानगर ( हिंस )।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने हाल ही में अरुणाचल *प्रार्थना उत्सव* के दौरान बच्चों की बीमारियों को ठीक करने के लिए जादुई उपचार का उपयोग करने के आरोपी पादरी पॉल दिनाकरन के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आयोग ने जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। साथ ही स्थानीय अधिकारियों से पादरी पॉल दिनाकरन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को कहा है। सीपीसीआर अधिनियम, 2005 के तहत स्थापित, एनसीपीसीआर के पास बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम, 2012 सहित बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों के कार्यान्वयन की निगरानी करने का निर्देश दिया। सोशल जस्टिस फोरम ऑफ अरुणाचल (एसजेएफए) द्वारा दायर एक शिकायत के जवाब में आयोग ने कहा कि पादरी पॉल दिनाकरन अलौकिक शक्तियों का उपयोग करके बीमारियों को ठीक करने का दावा कर रहा था। इतना ही नहीं उन्होंने दर्शकों के सामने उन बच्चों को भी प्रस्तुत किया जिनके ठीक होने का पादरी ने दावा किया था। शिकायत में इन गतिविधियों के फोटो और वीडियो साक्ष्य शामिल किए गए हैं। एनसीपीसीआर इस मामले को बेहद गंभीरता से देख रहा है, क्योंकि उसका मानना है कि पादरी पॉल दिनाकरन की हरकतें ड्रग्स एंड मैजिकल रेमेडीज एक्ट-1954 का उल्लंघन हैं और आदिवासी बच्चों को सार्वजनिक समारोहों में शामिल कर अंध विश्वास का प्रचार करता है। सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13 (1) (जे) के अनुसार, आयोग ने मामले की जांच शुरू कर दी है, आयुक्त अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो द्वारा राज्य के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव को जारी एक नोटिस प्रेषित किया गया है। आयोग ने स्थानीय अधिकारियों से वीडियो और फोटोग्राफिक साक्ष्यों के आधार पर पादरी पॉल दिनाकरन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया है। इसके अलावा, अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे पादरी द्वारा ठीक किए गए बच्चों की पहचान करें और उन्हें व्यापक चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए सरकारी अस्पतालों में रेफर करें, ताकि किसी भी बीमारी या मनोवैज्ञानिक संकट की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

## रिश्वत लेते लॉट मंडल गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय में की गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि, नगांव जिले के रूपही राजस्व सर्कल के लॉट मंडल (लेखपाल) सत्यनारायण डेका ने रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता से उसके म्यूटेशन संबंधी मामले को निपटाने के लिए पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में लॉट मंडल ने रिश्वत की रकम घटाकर तीन हजार रुपए कर दी थी। रिश्वत देने के इच्छुक नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने उपरोक्त लोक सेवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए इस निदेशालय से संपर्क किया। तदनुसार आज सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की एक टीम द्वारा सर्कल अधिकारी के कार्यालय में एक जाल बिछाया गया। सत्यनारायण डेका को कार्यालय में शिकायतकर्ता से मांगी गई रिश्वत के हिस्से के रूप में दो हजार रुपए स्वीकार करते ही स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसे जब्त कर लिया गया है। आरोपी लोक सेवक के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाते हुए, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## भूटान नरेश वांगचुक गुवाहाटी से जोरहाट के लिए रवाना



**गुवाहाटी ( हिंस )।** तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर कल गुवाहाटी पहुंचे भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक आज सुबह गुवाहाटी के बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से ऊपरी असम के जोरहाट के लिए रवाना हुए। वो राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा जाएंगे। उनके स्वागत के लिए काजीरंगा के कोंहरा वनांचल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। राजा वांगचुक को जोरहाट के लिए विदा करते समय हवाई अड्डे पर असम सरकार की ओर से पी एंड आरडी मंत्री रनजीत कुमार दास और मुख्य सचिव पबन कुमार बोरठाकुर, गुवाहाटी नगर निगम के मेयर मृगेन शरणिया, कामरूप (मेट्रो) के उपायुक्त और असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह मौजूद रहे। इससे पहले भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु और विभिन्न शिक्षा संस्थानों के फैकेल्टी के साथ होटल रेडिसन ब्लू मुलाकात की।

## सड़क हादसे में बोलेरो चालक की मौत

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के रोहा में हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना रोहा के दिघली में एक बोलेरो पिकअप (एएस-01जीसी-5805) और एक कंटेनर ट्रक (एनएल-01जी-7541) के बीच हुई। दोनों वाहन गुवाहाटी की ओर से नगांव की ओर जा रहे थे। कंटेनर ट्रक किसी कारण से पीछे हट गई और बाद में आ रही पिकअप वाहन से टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो के ड्राइवर अनु बोड़ो की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आकाशवाणी गुवाहाटी की पहल पर आकाशवाणी जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** आकाशवाणी गुवाहाटी केंद्र के क्षेत्रीय समाचार विभाग की पहल पर आज एक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रेटर मिर्जा क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान दक्षिण कामरूप कॉलेज के सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के सहयोग से कॉलेज के दीक्षांत सभागार में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में सैकड़ों छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। दक्षिण कामरूप कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवज्योति दास, आकाशवाणी के पूर्व अधिकारी एवं प्रख्यात फिल्म निर्देशक-आलोचक नयन प्रसाद और उत्पल दत्ता ने आकाशवाणी गुवाहाटी के क्षेत्रीय समाचार प्रभाग के सचिव मानसप्रतिम शर्मा की उपस्थिति में स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवज्योति दास ने आकाशवाणी गुवाहाटी के क्षेत्रीय समाचार विभाग को कॉलेज में इस तरह के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों से नॉन-स्टॉप कार्यक्रमों



में रुचि रखने का आग्रह किया। उन्होंने सूचना के प्रचार और प्रसार में आकाशवाणी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी के पूर्व अधिकारी नयन प्रसाद ने अपने 30 साल के करियर के बारे में बताया कि कैसे रेडियो पर समय का सही उपयोग किया जाता है। आकाशवाणी के एक अन्य पूर्व अधिकारी उत्पल दत्ता ने अपने भाषण में रेडियो में लोगों के विश्वास पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे रेडियो अभी भी आधुनिकता के दौर में एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में खड़ा है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से रेडियो कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ युवाबाणी आदि कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया। गौरतलब है कि आज के आयोजन के अनुरूप एक करियर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और पश्चिम गुवाहाटी पुलिस जिले के पुलिस उपायुक्त पद्मनाभ बरुवा, राज्य युवा आयोग की सदस्य डॉ. अंकिता दत्ता भी उपस्थित थीं। छात्रों को संबोधित करते हुए, पद्मनाभ बरुवा ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययन करते समय अपने करियर के बारे में सोचने की आवश्यकता है और उपस्थित छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वयं में अंतर्निहित प्रतिभाओं की पहचान करें। उन्होंने व्यक्तित्व विकास में आत्मविश्वास की आवश्यकता का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे मन के अंदर के डर को कई अभ्यासों से दूर किया जा सकता है। डॉ. अंकिता दत्ता ने एक पेशे के रूप में पत्रकारिता के महत्व और एक पत्रकार की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला।

## होजाई में राज्य स्तरीय बास्केट बॉल चैंपियनशिप 2023 आयोजन कल से

**होजाई ( निसं )।** असम बास्केटबॉल एसोसिएशन व होजाई जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से 6 से 9 नवंबर 2023 तक होजाई के नेताजी सुभाष इंडोर स्टेडियम में *ऑल असम इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर मेन बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023* का आयोजन होने जा रहा है। जिला आयुक्त व ऑल असम इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर मेन बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023 के मुख्य सलाहकार लचित कुमार दास ने बताया कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 6 नवंबर को दोपहर 3 बजे आयोजित होगा, जहां रिंकी भुइयां शर्मा, मुख्य संरक्षक, असम बास्केटबॉल एसोसिएशन और सीएमडी, प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी और पल्लब लोचन दास, अध्यक्ष, असम बास्केटबॉल एसोसिएशन और सांसद, तेजपुर लोकसभा कई अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन




में राज्य के 25 जिलों की लगभग 25 टीमें भाग लेंगी। उन्होंने आगे कहा हम इस चैंपियनशिप को उचित तरीके से आयोजित करने के लिए पूरी तरह से तैयार और उत्साहित हैं। जिला पुलिस अधीक्षक व ऑल असम इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर मेन बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023 के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने कहा यह गर्व की बात है कि होजाई में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप आयोजित होने जा रही है। उन्होंने सभी से उक्त कार्यक्रम में सहयोग करने का आग्रह किया।

## तस्करी की गायों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी गुवाहाटी की वशिष्ठ पुलिस के छापे में तस्करी की गायों से भरे वाहन के साथ दो कुख्यात पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आज बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ पुलिस ने शहर के साउकुची में छापामारी अभियान चलाया। अभियान में स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने एक वाहन (एएस-13एसी-3050) सहित गायों को जब्त कर लिया। वाहन से तस्करी की 10 गायें जब्त की गईं। वाहन चालक और हैंडीमैन को तस्करी की गायों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर तस्करों से पूछताछ कर रही है।

## वनबंधु परिषद की महिला समिति ने लगाया दीवाली स्टॉल

**गुवाहाटी ( विभास )।** आज होटल विश्वरत्न में लगाए गए दीपावली बाजार *नक्षत्र* में वनबंधु परिषद की गुवाहाटी महिला समिति ने संस्थापक अध्यक्षा सुशीला गुप्ता के मार्गदर्शन में एफ टी एस बाजार स्टॉल का सफलतापूर्वक संचालन किया। महिला समिति की अध्यक्षा वंदना बगड़िया ने जानकारी दी कि दीवाली स्टॉल हेतु भारत के विभिन्न शहरों मुम्बई, अहमदाबाद, दिल्ली, बीकानेर, चेन्नई, कोलकाता, नासिक हेदराबाद, इन्दोर, पूना, सिलीगुड़ी, बनारस से उपयोगी घरेलु सामग्री यथा मसाले, चटपटे नमकीन, मूड़ी, आलू पापड़, लाल मिर्च अचार, अगर बत्ती, हींग, रोली इत्यादि उपयागी सामग्री शहरवासियों के लिए मंगायी गई थी। स्टॉल में बिक्री की गई सामग्री से जो भी आय हुई है, एकल अभियान के वनवासी बच्चों के शिक्षा अभियान को समर्पित है। विदित हो कि वनबंधु परिषद के पूर्वांचल के असम, त्रिपुरा, मणिपुर एवं अरूणाचल प्रदेश में 7000 से अधिक छोटे-छोटे




वनवासी गांव में एकल विद्यालय संचालित हैं जहां बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा के साथ संस्कार एवं व्यवहारिक शिक्षा भी दी जाती है। यह एफ टी एस बाजार भी पूर्व वर्षो की तरह उद्देश्य की पूर्ति में ऐतिहासिक रहा है। एफ टी बाजार की तैयारियों में महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष मीरा सराफ, रीता अग्रवाल, सचिव सरीता अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्या बिमला बजाज सहित महिला समिति की और भी कई सदस्याओं का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग मिला।

## सीमावर्ती बेरोजगारों के लिए एसएसबी ने चलाया माशरूम खेती प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**कोकराझाड़ ( विभास )।** 6वीं वाहिनी की सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रानीगुली के कार्यवाहक कमांडेंट संजीव कुमार के अगुवाई में समवाय सरलपाड़ा के अंतर्गत भारत-भूटान सीमावर्ती सरलपाड़ा में नागरिक कार्यक्रम के दौरान 30 दिनों का मशरूम खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन एसएसबी के उपकमांडेंट प्रभाकर कुमार वैद्य के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्रों के 30 ग्रामीणों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष व महिलाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए प्रभाकर कुमार वैद्य ने बताया कि पिछले कुछ वर्षो में किसानों का रूझान मशरूम की खेती की तरफ तेजी से बढ़ीं है। भारत में 10-12 वर्षो में मशरूम के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इस समय हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना व्यापारिक स्तर पर मशरूम की खेती करने वाले प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। भारत में मशरूम को खुम्भ, खुम्भी, भमोड़ी और गुच्छी आदि नाम से भी जाना जाता है। देश में बेहतरीन पौष्टिक खाद्य के रूप में मशरूम का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा मशरूम के पापड़, जिम का सप्लीमेन्ट्री पाउडर, अचार, बिस्किट, टोस्ट, कूकीज, नूडल्स, जैम (अजीर मशरूम) सॉस, सूप, खीर,



ब्रेड, चिप्स, सेव चकली आदि भी बनाए जाते हैं। साथ ही साथ उन्होंने ने बताया कि एसएसबी ने समय-समय पर सीमावर्ती क्षेत्रों में नि:स्वार्थ पुरुष एवं महिलाओं को इस तरह का व्यावसायिक प्रशिक्षण देती रहती है। ताकि क्षेत्र के ग्रामीण रोजगार के लिए तैयार हो सके तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़े सके। इस कार्यक्रम में सीमावर्ती गांव के लगभग 100 ग्रामीण उपस्थित थे।


## लघु उद्योग भारती पूर्वोत्तर की महिला समिति ने दो दिवसीय दिवाली मेले का किया शुभारंभ

**गुवाहाटी ( विभास )।** लघु उद्योग भारती (पूर्वोत्तर) की महिला समिति ने जू रोड स्थित वृंदावन गार्डन में वोकाल फोर लोकल को चरितार्थ करते हुए दो दिवसीय दिवाली मेला का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन असम के वाणिज्य और उद्योग मंत्री विमल बोरा में फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उद्घाटन के अवसर पर मंत्री बड़ा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने हमारे देश को विश्व के में सर्वश्रेष्ठ बनाने में जो कदम उठाया है और अलग-अलग समय में देशवासियों को जो अलग-अलग आह्वान किया है उसमें एक आह्वान है लोकल फोर वोकल का। जिसके तहत ग्रामीण शिल्प को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्पाद का मूल्य निर्धारित कर बाजार में उपलब्ध करा कर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने का वातावरण बनाया गया है। लोकल में भोकल अब ग्लोबल बन गया है। इसलिए अब लोकल फोर भोकल की जगह भोकाल फोर ग्लोबल हो गया है। इससे पहले लघु उद्योग भारती (पूर्वोत्तर) महिला समिति की अध्यक्ष नेहा खंडेलवाल ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर मंच पर उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष रवि सुरेका, निवर्तमान अध्यक्ष



मनोज लुंडिया, विशिष्ठ अतिथि चिन्मय मिशन की गुरु मां अनन्या चैतन्य उपस्थित थी। समारोह में असम गौरव पद्मश्री सम्मान प्राप्त हेम प्रभा चुतिया को उनकी हस्त शिल्प में मूंगा व एंडी कपड़े पर श्रीमांत शंकरदेव विरचित गुणमाला, माधव देव विरचित नामघोषा, मद्भावगत गीता संस्कृत में और अंग्रेजी में लिखने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हम प्रभात चुटिया ने कहा कि मुझे भारत में असम सरकार ने जो सम्मान प्रदान किया है वह मेरा नहीं बल्कि आसन की जनता का सम्मान है इस सम्मान से असम वासीयो को एक नई प्रेरणा मिली है कि हथकरघा बुनाई से भी पद्मश्री सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। गुरु मां अन्यना ने कहा कि असम की संस्कृति का विश्व पटल पर प्रचार होना चाहिए। मैं मध्य प्रदेश में रहती हूं लेकिन मुझे असम आने से पहले असम की संस्कृति असम का बिहू नृत्य और असम के परिधानों के बारे में जानकारी नहीं थी। असम में आने के पश्चात ही मुझे लगा कि इस तरह की संस्कृति की जानकारी अन्य प्रांतो में क्यों नहीं है। पूर्व अध्यक्ष मनोज लुंडिया ने लघु भारती के जन्म लग्न से आज तक के इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से बताया। ग्राम्य शिल्पी प्रकोष्ठ के संयोजक और दिया वितरण कार्यक्रम के प्रमुख अरुप पुजारी ने ग्राम शिल्प दीपक वितरण के बारे में बताया। इस मेले में 62 स्टाल में ग्राम शिल्प की सामग्रियां उपलब्ध थी। मुख्य अतिथि ने कुछ लोगों को दिया वितरण भी किया। महिला समिति रंजन भजनका ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अमित चिरांवाला उपाध्यक्ष प्रमोद मोर, पर्थ प्रतिम पाठक, सचिव विवेक अग्रवाल, महिला मंडल की सचिव कृष्ण कलिता, कोषाध्यक्ष कीर्ति अग्रवाल, दिया वितरण समिति के अरूप बोरपुजारी, संजय निमोदिया और अन्य कई सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपना खजाना भरना : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपना खजाना भरना है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक दल गरीबों को बांटने की नई-नई साजिशें रच रहे हैं। वह जातिवाद का जहर फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के लिए देश में सबसे बड़ी जाति गरीब है और मोदी उनके सेवक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब को धोखे के सिवाय कभी कुछ नहीं दिया। कांग्रेस गरीब की कभी कद्र नहीं करती। उसे गरीब का दुख-दर्द कभी समझ नहीं आता। इसलिए जब तक कांग्रेस केंद्र सरकार में रही, वो गरीबों के हक का पैसा लूटकर खाती रही, अपने नेताओं की तिजोरी में भरती रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस नहीं चाहती कि गरीबों का कल्याण हो, वह नहीं चाहती कि उनकी स्थिति सुधरे। कथित महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि ये पैसा सट्टेबाजों का है, जुए का खेल खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों और नौजवानों को लूट कर जमा किया है। लूट के इसी पैसे से कांग्रेस के नेता अपना घर भर रहे हैं। मोदी ने कहा कि यहां की सरकार और मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता से बताना चाहिए कि दुबई में बैठे इस घोटाले के आरोपितों के साथ उनके क्या संबंध हैं। आखिर ये पैसा पकड़े जाने के बाद यहां के मुख्यमंत्री क्यों बौखला गए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी को तो ये कांग्रेसी दिन-रात गालियां देते हैं, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री अब देश के सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों को भी गाली देने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद ऐसे घोटालों की सख्ती से जांच की जाएगी, आपका पैसा लूटने वालो को जेल भेजा जाएगा। इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है। इसलिए छत्तीसगढ़ कह रहा है- अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो। छत्तीसगढ़ भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चुनाव संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हम जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया और मैं गारंटी देता हूं कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ही संवारेगी, लेकिन भाजपा के संकल्प पत्र के आगे कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा भी है। कांग्रेस की प्राथमिकता है अपने नेताओं के चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। पीएससी घोटाले में कांग्रेस ने यही तो किया।

# दिल्ली में सबसे ज्यादा प्रदूषण हरियाणा से आता है : प्रियंका कक्कड़

अजय त्यागी




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को मीडिया रिपोर्टों के हवाले से दावा किया कि दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण में सबसे बड़ी भूमिका पड़ोसी राज्य हरियाणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा तो पूरी तरह से वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग भी नहीं करता है। प्रियंका ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि देश में सबसे प्रदूषित रहे जिलों में 20 जिले हरियाणा के और दो पंजाब के हैं। इन शहरों में सबसे ऊपर हनुमानगढ़, फतेहाबाद, हिसार, झील, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा है। उन्होंने याद दिलाया कि शुक्रवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा था कि गाजियाबाद में उतरते ही उनकी आंखों में जलन होने लगी। प्रियंका ने कहा कि ये सारा प्रदूषण हरियाणा से है। हरियाणा वायु प्रदूषण की पूरी तरह से मॉनिटरिंग भी नहीं करता है। हरियाणा का क्षेत्रफल करीब 45 हजार वर्ग किलोमीटर है। इसमें सिर्फ 29 जगहों पर ही वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग होती है। इसके ठीक विपरीत दिल्ली में एक पढ़ी-लिखी सरकार है। दिल्ली में करीब 37 किलोमीटर पर एक मॉनिटरिंग सेंटर है और कुल 40 मॉनिटर हैं। उन्होंने कहा कि हम समस्याओं का समाधान निकालने में विश्वास रखते हैं। शुक्रवार को गाजियाबाद के लोनी में एक अफसर के घर के आगे एक्यूआई मॉनिटर लगा हुआ है।

वहां रीडिंग कम रखने के लिए लगातार वाटर कैनन का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके बावजूद वहां की रीडिंग दिल्ली से ज्यादा थी। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि पंजाब में पराली का एपीसेंटर दिल्ली से करीब 500 किलोमीटर दूर है जबकि हरियाणा का 129 किलोमीटर दूर है। हवा की गति भी कम है। इसलिए यह समझा जा सकता है कि दिल्ली में पराली का प्रदूषण कहां से आ रहा है। हरियाणा सरकार से सवाल पूछा जाना लाजमी है कि वो पराली के प्रदूषण को कम क्यों नहीं कर पा रही है जबकि पंजाब में केवल एक साल में करके दिखा दिया। हरियाणा सरकार ने पराली के समाधान के लिए क्या कदम उठाए हैं या किस इंडस्ट्री के साथ समझौता किया है, ताकि वो पराली खरीद लें। पंजाब सरकार ने भटिंडा में 9 केंद्र बनाए हैं, जहां पर पराली को जमा किया जा सकता है और इंडस्ट्री में इस्तेमाल हो सकता है।

# बवाना इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्टरी में भीषण आग



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उत्तरी दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर 5 स्थित साइकिल असेंबल करने वाली एक फैक्टरी में शनिवार को भीषण आग लग गई। इसमें बिल्डिंग का दो फ्लोर पूरी तरह चपेट में आ गया है। मौके पर 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को सुबह 9:00 बजे मिली थी। फिलहाल किसी के अंदर फंसे होने की आशंका नहीं है। आग बुझाने का काम जारी है। मौके पर दमकल की 20 गाड़ियां पहुंची, जो आग बुझाने का काम कर रही हैं। दमकल विभाग के अनुसार पिछले साल के मुकाबले इस बार आग लगने की ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं। पिछले वर्ष एक जनवरी से 31 अक्टूबर तक आग लगने की 2459 घटनाएं हुईं जबकि इसी अवधि में इस वर्ष 31 अक्टूबर तक 2669 घटनाएं हो चुकी हैं।

# उद्योगपति मुकेश अंबानी को धमकी देने वाला आरोपित तेलंगाना से गिरफ्तार

**मुंबई, (हि.स.)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को लगातार पांच धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले आरोपित को महाराष्ट्र पुलिस ने तेलंगाना से गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान गणेश रमेश वनपारधी के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपित को शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपित को 08 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मुकेश अंबानी के ई-मेल पर एक हफ्ते के अंदर पांच ई-मेल आए थे। मेल का जवाब न देने पर पहले 20 करोड़ रुपये फिर 200 करोड़ और 400 करोड़ की फिरौती मांगी गई और रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी थी। मुकेश अंबानी को पहला धमकी भरा ई-मेल पिछले हफ्ते मिला था। इसके बाद 31 अक्टूबर और 01 नवंबर को दो और ई-मेल भेजे गए। पहले मेल को नजरअंदाज करने पर दूसरा ई-मेल भेजा गया और 20 करोड़ की जगह 40 करोड़ की मांग की गई थी। इसके बाद पांच दिनों में मेल की संख्या और फिरौती की रकम बढ़ती गई। मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस, क्राइम ब्रांच और साइबर क्राइम डिपार्टमेंट ने जांच शुरू की। ई-मेल ट्रेस करने के बाद पुलिस ने आरोपित को तेलंगाना से गिरफ्तार किया।

# महाराष्ट्र: रायगढ़ जिले में केमिकल कंपनी हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत, 3 अब भी लापता

**-मृतकों के परिजनों को कंपनी की ओर से 30 लाख रुपये और मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद घोषित**



**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी में ब्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी में हुए विस्फोट में अब तक 8 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। इस घटना में अभी तीन लोग लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम, पुलिस टीम और हेल्थ फाउंडेशन के कार्यकर्ता मौके पर शनिवार को भी लापता लोगों का शव ढूढ रहे हैं। इस घटना में मृतकों के आश्रितों को कंपनी की ओर से 30 लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री शिंदे समूह के विधायक भरत गोगावले ने बताया कि बीमा कंपनियों की ओर मृतकों के परिजनों को और भी आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास जारी है। इस घटना में 7 मजदूर घायल हो गए हैं, इन सभी का इलाज महाड के ग्रामीण अस्पताल में जारी है। महाड एमआईडीसी में स्थित ब्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी में शुक्रवार को सुबह 10 बजे विस्फोट हुआ था। इसके बाद कंपनी में आग लग गई थी। बताया जा रहा है कि यहां धमाकों का सिलसिला शाम तक जारी था और करीब 20-25 धमाके हुए। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया था। भारी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने शुक्रवार को देर रात तक आग पर काबू पा लिया था। हालांकि विस्फोट और कंपनी में रसायन के रिसाव की वजह से मजदूरों को ढूंढने में काफी दिक्कत आ रही थी। समाचार लिखे जाने तक मौके पर शनिवार को राहत और बचाव कार्य जारी है।

# एक करोड़ की रंगदारी मामले में 'गोगी गैंग' का शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के नॉर्दन रेंज-II की टीम ने गोगी गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अमित उर्फ मिट्ठू के रूप में हुई है। यह माजरा डबास, दिल्ली का रहने वाला है। इसके पास से एक लोडेड पिस्तौल भी बरामद किया गया है। वह पहले भी गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। पुलिस के मुताबिक 24 अक्टूबर को लाडपुर, रोहिणी के रहने वाले एक सख्स ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ बदमाशों ने उसके घर के गेट पर गोलीबारी की है। उसके घर के पास दो खाली कारतूस और तीन पर्ची मिली थीं। जिसमें एक करोड़ की रंगदारी की मांग की गई थी। गोगी गैंग के सदस्य दीपक उर्फ तीतर और दिनेश कराला द्वारा धमकी दी गई थी। पर्ची में धमकी भरा मैसेज लिखा था कि मांग पूरी ना होने पर अगली बार उसके परिवार में किसी एक के सीने पर गोली चलाई जाएगी। थाना कंझावला में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि पहले भी इसी तरह की धमकियां और जबरन वसूली की मांग की गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अपराध शाखा की टीम को पकड़ने का काम सौंपा गया था। सब इंस्पेक्टर प्रदीप दहिया को गुप्त सूचना मिली कि अमित उर्फ मिट्ठू अपने साथियों से मिलने के लिए द्वारकाधीश अपार्टमेंट, सेक्टर 26, रोहिणी के पास आने वाला है। आरोपित को पकड़ने के लिए डीसीपी संजय भाटिया की देखरेख में एसीपी नरेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर संदीप स्वामी, संदीप तुषिर, प्रदीप दहिया, सतेंद्र दहिया, प्रवीण दहिया, परवीर की टीम बनाकर द्वारकाधीश अपार्टमेंट के पास जाल बिछाया गया और आरोपित अमित उर्फ मिट्ठू को लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अमित उर्फ मिट्ठू ने खुलासा किया कि वह गोगी गैंग का शातिर शूटर है और अब गिरोह के सदस्यों के लिए काम करता है। हाल ही में उसे गोगी गैंग के सदस्य मोहित द्वारा गिरोह के दूसरे सदस्य कुलवंत उर्फ कल्लू और मंजीत की दिल्ली में एक व्यापारी के घर की पहचान कराने में उनकी मदद करने और जबरन वसूली के लिए चोरी की बाइक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद वह कंझावला में कुलवंत उर्फ कल्लू से मिला और लाडपुर, दिल्ली में कारोबारी के घर की रेकी की। हाल ही में अपराध शाखा द्वारा गिरफ्तार बदमाश कुलवंत उर्फ कल्लू सहित उसके अन्य सहयोगियों ने मंजीत की मदद से व्यापारी के घर के सामने गोलियां चलाईं और एक पर्ची के जरिये जबरन वसूली की धमकी दी थी। जांच में पता चला की इसपर पहले से कंझावला और नांगलोई थाना में मामला दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी से दो मामले कंझावला और क्राइम ब्रांच के सुलझाए गए हैं। अमित उर्फ मिट्ठू केवल 12वीं तक की पढ़ाई की है। तीन साल पहले 2020 में वह दीपक उर्फ तीतर के संपर्क में आया और आसानी से पैसे कमाने के लिए अपराध में शामिल हो गया।



# दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार में 6.4 तीव्रता का भूकंप

आशीष वर्मा




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। दिल्ली के साथ यूपी-बिहार में भी भूकंप आया है। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और बिहार में लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आये। हालांकि अभी तक कहीं से किसी भी तरह से जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। लोगों का कहना है कि जब वे सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक पंखे हिलने के साथ ही उन्हें भूकंप के झटके महसूस हुए। करीब एक मिनट तक तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक देर रात 11:32 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नेपाल में था और गहराई जमीन के नीचे 10 किमी. थी। इससे पहले 22 अक्टूबर को दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता 6.1 थी।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने रोम में इटली के राष्ट्रपति से रणनीतिक साझेदारी पर की चर्चा



**रोम/नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैतरेला और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने इन नेताओं से रक्षा, साइबर सुरक्षा के अलावा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। इटली के अपने समकक्ष एंतोनियो ताजानी के निमंत्रण पर रोम पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को पुर्तगाल और इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी की। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि रोम में बैठक के दौरान इटली के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और भारत-इटली तथा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को गहरा बनाने के अपने मजबूत समर्थन को दोहराया। इस मुलाकात पर जयशंकर ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, "दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए वह राष्ट्रपति मैतरेला के मागदर्शन को अहमियत देते हैं। एक अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में भारत-इटली का संबंध स्थिरता का कारक है।" विदेशमंत्री जयशंकर ने इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रोसेतो से मुलाकात के दौरान रक्षा विनिर्माण और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री क्षेत्रों में औद्योगिक सहयोग समेत कूटनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर बातचीत की। बयान के अनुसार जयशंकर की इटली यात्रा ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से कायम ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ किया है।

समकालीन वैश्विक मुद्दों और चुनौतियों समेत रणनीति साझेदारी के विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाया है। उन्होंने इटली के उद्यम मंत्री एडॉल्फो उर्सो से भी मुलाकात की। उनसे कृषि-प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, डिजिटल बुनियादी ढांचा, नवोन्मेष और अंतरिक्ष क्षेत्र पर जोर देते हुए द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, 'उद्यम मंत्री एडॉल्फो उर्सो के साथ सार्थक बातचीत हुई। 'मेड इन इटली' और 'मेड इन इंडिया' के अनुभवों को साझा किया। मुझे विश्वास है कि आज हमारी बातचीत से आर्थिक साझेदारी का दायरा बढ़ेगा।' इससे पहले जयशंकर ने इटली में अपने समकक्ष ताजानी के साथ व्यापक व सार्थक बैठक की। दोनों देशों ने श्रमिकों, छात्रों और पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवाजाही और प्रवासन साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। डॉ. जयशंकर ने सीनेट के विदेश मामलों और रक्षा आयोग के संयुक्त सत्र को भी संबोधित किया।

# बिना लाईसेंस पटाखों के विक्रय पर प्रतिबंध

**नाहन, (हि.स.)।** जिला दंडाधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने यहां एक आदेश जारी कर सिरमौर जिला में बिना लाईसेंस के पटाखों के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार केवल ऐसे स्थानों पर ही पटाखों का भंडारण, विक्रय और डिस्पले किया जा सकेगा जिसे सम्बन्धित एसडीएम की पूर्व स्वीकृति से नगर परिषद, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। पटाखों को चलाने के संबंध में भी जिला दंडाधिकारी ने आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक किसी भी प्रकार के पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है साइलेंस जोन जिसमें हॉस्पिटल शिक्षण संस्थान, न्यायालय और धार्मिक संस्थान शामिल हैं के 100 मीटर के दायरे में पटाखों के चलो पर प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने जिला के सभी एसडीएम को पटाखों के विक्रय के संबंध में लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया है। पटाखों का विक्रय निर्धारित स्थल पर केवल लाइसेंस प्राप्त करने पर ही किया जा सकता है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से 12 नवंबर 2023 तक लागू रहेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर संकट बरकरार

अजय कुमार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली गैस चैंबर बनी हुई है। दीपावली से पहले हवा तेजी से जहरीली हो रही है। सांसों और आंखों पर संकट मंडरा रहा है। उम्मीद थी कानून का डंडा चलने के बाद सरकार के प्रयास से अगले दिन स्थिति में कुछ सुधार होगा। मगर नहीं हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आज (शनिवार) सुबह चार बजे आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा। एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 500 के पार पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली में गंभीर श्रेणी के साथ एक्यूआई 459 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार आज एयर क्वालिटी इंडेक्स में थोड़ा सुधार होगा लेकिन अगले तीन दिनों तक हवा गंभीर श्रेणी में बनी रहेगी। इसलिए फिलहाल प्रदूषण से खास राहत मिलने की संभावना नहीं है। इस वजह से एक-दो दिन में ग्रैप के चौथे चरण के प्रतिबंध भी लागू किए जा सकते हैं। इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप समिति ने स्थिति की समीक्षा की है। आयोग का कहना है कि दिल्ली का औसत एयर इंडेक्स 368 रहा। एक समय दोपहर 12 बजे एयर इंडेक्स 475 पहुंच गया था। इसके बाद एयर इंडेक्स में थोड़ा सुधार हुआ। इस वजह से शाम पांच बजे एयर इंडेक्स 456 था। फिलहाल ग्रैप के तीसरे चरण के प्रतिबंध लागू रहेंगे। जरूरत पड़ने पर चौथे चरण के प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। इससे पहले कल (शुक्रवार) सुबह पांच बजे के आंकड़े भी डरावने रहे। इन आंकड़ों मुताबिक दिल्ली में गंभीर श्रेणी के साथ एक्यूआई 459 बना हुआ था। नोएडा में यह स्तर 418 था। गाजियाबाद का एक्यूआई सुबह 363 दर्ज किया गया था। गुरुवार शाम पांच बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 402 था। इसे वायु गुणवत्ता सूचकांक का सबसे खतरनाक स्तर माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी में तेजी से जहरीली हो रही हवा के बीच दिल्ली सरकार ने गुरुवार को नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के स्कूल दो दिन तक (तीन और चार नवंबर) बंद रहने की घोषणा की थी। शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को फटकार लगाई थी। दिल्ली के 37 निगरानी स्टेशन में से कम से कम 18 में गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में दर्ज किया था। उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

# भाजपा ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को घेरा, चुनाव में हवाला के पैसे पर स्मृति ईरानी ने पूछे सवाल




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को घेरते हुए बड़ा हमला किया है। राज्य के विधानसभा चुनाव में हवाला ऑपरेटर के पैसे का प्रयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है। राष्ट्रीय राजधानी के भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीयमंत्री स्मृति ईरानी ने भूपेश बघेल पर सवालों की बौछार की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल कर छत्तीसगढ़ का चुनाव लड़ रही है। सत्ता में रहते हुए सट्टेबाजी का खेल छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेतृत्व का चेहरा बन गया है। शुक्रवार को भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने प्रस्तुत हुए हैं। असीम दास से 5.30 करोड़ रुपये से ज्यादा बरामद हुए हैं। केन्द्रीयमंत्री ईरानी ने इस पर सवाल पूछे कि क्या यह सत्य है कि 2 नवंबर को होटल ट्राइडेंट में असीम दास से पैसा बरामद हुआ? क्या ये सत्य है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुंचाते थे? क्या ये सत्य है कि शुभम सोनी को एक वॉयस मैसेज के माध्यम से आदेश दिया गया कि वह रायपुर जाए और बघेल को चुनाव खर्च के लिए पैसा दे? क्या यह सत्य है कि अलग-अलग बैंक खातों से 15.50 करोड़ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत फ्रीज किया गया? स्मृति ईरानी ने कहा कि तथ्य चौंकाने वाला है कि जिस शुभम सोनी के बारे में असीम दास ने बयान दिया है, यह माना जा रहा है कि जांच एजेंसी के पास शुभम सोनी की आवाज में भी सुबूत उपलब्ध हैं। असीम दास ने अपने बयान में कुबूल किया है कि वह आदेश के मुताबिक दुबई गए थे। उन्हें आदेश दिया गया था कि कांग्रेस के चुनाव खर्च के लिए पैसे दिए जाएं। असीम दास ने कुबूल किया है कि यह पैसा महादेव ऐप के तहत अवैध सट्टेबाजी का है। असीम दास ने कुबूल किया है कि शुभम सोनी महादेव के शीर्ष स्तर के प्रबंधन का हिस्सा है। केंद्रीयमंत्री ने कहा कि शुभम ने लिखित बयान में कहा है कि महादेव ऐप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 538 करोड़ रुपये रिश्वत दी है। यह एकमात्र ऐसी जानकारी नहीं है, बल्कि एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के प्रमोटर्स प्रशासन और कांग्रेस के नेताओं से जो संरक्षण चाहते थे, वो चंद्रभूषण वर्मा नाम के एक अधिकारी के माध्यम से भी प्रोटेक्शन मनी भेजते थे। चंद्रभूषण वर्मा ने अब तक 65 करोड़ रुपये रिश्वत के तौर पर हैंडल किए हैं।

# गर्व से कहो नाई समाज के लोग हमारे भाई हैं : अखिलेश यादव

**गोरखपुर, (हि.स.)।** हमारे नाई समाज के लोगों ने लिखा है, नारे लगाए हैं, मैं देख रहा हूं कि गर्व से कहो हम नाई हैं। हमारे समाजवादी साथी इनको जोड़ते हुए कहेंगे गर्व है कि हमारे ये भाई हैं। यह बातें शनिवार को गोरखपुर के रेशमा रावत कृषक इंटर कॉलेज में आयोजित नाई महासभा की महारैली में आई जनता और सपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। वह जननायक कपूरी ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली को सम्बोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने मंच से भाजपा पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब-जब मुख्यमंत्री यहां आए हैं फिर जब वापस गए हैं तो किसी न किसी की हत्या हुई है, आप अखबार उठाकर देख लीजिए। ये है इनकी जीरो टॉलरेंस। सपा अध्यक्ष ने निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह का भेदभाव भारतीय जनता पार्टी में हो रहा है मुझे उम्मीद है इस तरह के सम्मेलन से बहुजन समाज जागरूक होगा। वो एक साथ आएंगे और इन



गलत नीतियों के खिलाफ आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा को हराएंगे। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री कुछ नहीं जानते, विधानसभा में आपने नहीं सुना था 46 में 56। हमने उनसे कहा वो सूची दे दो, आज तक नहीं दे पाए। ये बताएं गोरखपुर यूनिवर्सिटी में भर्ती कौन हुए हैं? अखिलेश यादव ने मंच से कहा कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) में कोशिश होगी कि जनता के हर वर्ग को जोड़ा जाए, कुछ लोग आए ना आए लेकिन ये जनता का पीडीए है।

**प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल खराब** – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर जमकर हमला बोला। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो गई है, कोई गरीब इलाज कराने जाए तो इलाज नहीं मिल रहा। अभी बीजेपी ने कोई भी एक जिला अस्पताल नहीं बनवाया। किस भरोसे और उम्मीद के साथ एम्स बना था, जो एम्स में इलाज होना चाहिए थे वो अभी भी नहीं हो पा रहें। इससे पूर्व सपा अध्यक्ष एंव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गोरखपुर दौरे पर शनिवार पहुंचे। वह सहजनवा में भीटी रावत गए। यहां पर उन्होंने स्वर्गीय रेशमा रावत की मूर्ति का अनावरण किया।

# समाज में प्रेरक कार्य करने वाली महिलाओं और दलितों का सम्मान होना चाहिए : आनंदीबेन पटेल

## – राज्यपाल से प्रयागराज के मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों ने भेंट की

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के नेतृत्व में प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के 51 मलिन बस्तियों में रहने वाले 209 परिवारों के 410 बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ आज राजभवन का भ्रमण कर राज्यपाल का आशीर्वाद एवं सानिध्य प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल कहा कि राजभवन का भ्रमण कर सभी बच्चे अपने संस्मरणों को लिपिबद्ध करें। उन्होंने मंत्री की मलिन बस्तियों व गरीब परिवार के बच्चों हेतु किये जा रहे पहल का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेरक कार्य करने वाली महिलाओं एवं दलितों का सम्मान होना चाहिए, जिससे समाज को प्रेरणा मिल सके। राज्यपाल ने उपस्थित बच्चों को राजभवन में संचालित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि यहां बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे के प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ यहां की अध्यासित महिलाओं के आय सृजन हेतु उन्हें सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने विश्वविद्यालय की चर्चा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नामांकन हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों का पंजीकरण कम होने के कारण नैक मूल्यांकन



प्रभावित होता है। इसलिए ऐसे प्रयास किये जाने चाहिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के शत-प्रतिशत बच्चे विश्वविद्यालयों में अपना नामांकन करायें। राज्यपाल ने बच्चों को राजभवन भ्रमणोपरांत अपने अनुभवों को लिखकर राजभवन भेजने हेतु कहा। उन्होंने बच्चों के राजभवन आने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी बच्चे खूब पढ़ाई करें और जीवन में अच्छे कार्यों हेतु प्रेरित हों। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बेटा और बेटी में भेद नहीं करने की अपील की तथा कहा कि दलित और मलिन बस्तियों के साथ-साथ सम्पन्न घरानों के बच्चों को भी जोड़े ताकि छुआ-छूत और भेदभाव की भावना को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चे को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अभिभावकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्हें बच्चों के मनोबल को हमेशा बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की नसीहत भी दी। इस अवसर पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ह्यनन्दीङ्क ने राज्यपाल को महिला सशक्तीकरण की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि राज्यपाल की प्रेरणा से प्रेरित होकर आज राजभवन में प्रयागराज से मलिन बस्ती के गरीब बच्चे यहां राजभवन का भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर हर तरफ रोशनी होती है। पटाखे फोड़े जाते हैं, लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं लेकिन झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को त्योहार पर भी खुशियां नसीब नहीं होती हैं। इस अवसर पर मंत्री ने राज्यपाल को दीपावली उपहार भेंट किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रयागराज की पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# लखनऊ के 100 पार्कों का होगा मेकओवर, ओपन एयर जिम बनेगा जरिया

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के पार्कों में ओपन एयर जिम उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी के तहत राजधानी लखनऊ में 100 पार्कों में भी ओपन एयर जिम उपकरण के इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने इस प्रक्रिया में तेजी लाते हुए ई-टेंडर जारी करते हुए ई-बिडिंग प्रक्रिया के जरिए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया है।

**10 नवंबर है आवेदन की अंतिम तिथि** – एलडीए द्वारा ई-टेंडर के जरिए जो आवेदन मांगे गए हैं, उनके ऑनलाइन सबमिशन की अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित की गई है। वहीं, 11 नवंबर को यह टेंडर खुलेगा जिसके जरिए कार्यों को पूर्ण करने वाले आवेदनकर्ता का निर्णय किया जाएगा। खास बात यह है कि इस टेंडर में ज्वाइंट वेंचरिंग का प्रावधान नहीं है, यानी कि दो कंपनियां संयुक्त उपक्रम के तौर पर आवेदन नहीं कर सकतीं। इस टेंडर के अनुसार, केवल एक आवेदनकर्ता कंपनी या फर्म ही आवेदन की पात्र होगी। जिन पात्र आवेदनकर्ता को यह टेंडर मिलेगा, उन्हें 6 महीनों के अंदर लखनऊ के चिह्नित विभिन्न पार्कों में न केवल ओपन एयर जिम इक्विप्मेंट्स को इंस्टाल करना होगा बल्कि 5 वर्षों तक उनका उचित रखरखाव भी सुनिश्चित करना होगा।

**3.66 करोड़ रुपए खर्च कर पार्कों का होगा मेकओवर** – राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि एलडीए ने जो ई-टेंडर जारी किया है उसकी टेंडर फीस 4366 रुपए रखी गई है। वहीं, इस निविदा में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदनकर्ता को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) के तौर पर 7.32 लाख रुपए जमा कराने होंगे। ई-टेंडरिंग प्रक्रिया को दो चरणों में पूर्ण किया जाएगा। पहले चरण में फाइनेंशियल बिड जबकि दूसरे चरण में टेक्निकल बिड के जरिए पात्र आवेदनकताओं का निर्धारण होगा। सभी आवेदनकर्ता एक बार में एक ही आवेदन दे सकेंगे और एक से ज्यादा आवेदन देने वाले आवेदनकताओं का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। बिडिंग के जरिए जिस कंपनी या फर्म को यह टेंडर मिलेगा, उसे सभी कार्यों की गुणवत्ता व रखरखाव को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार सुनिश्चित करना होगा।

**पार्कों में सुविधाएं बढ़ाकर स्वास्थ्य का लाभ देने पर फोकस** – प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार का फोकस पार्कों में उत्तम नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराकर जनता को उत्तम स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश भर के पार्कों में यह सुविधा आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में प्रदेश सरकार का फोकस 500 पार्कों में इस सुविधा को जल्द से जल्द पूर्ण करने पर है। फिलहाल 100 पार्कों में अगले 6 महीने के अंदर ओपन एयर जिम की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# मिठाई व किराने की दुकानों पर छापेमारी से कतरा रहा खाद्य विभाग

**बागपत, (हि.स.)।** बागपत जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पुलिस के साथ छापामारी कर दो कुंतल मावा नष्ट कराया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि टीम मावा बेचने वालों पर ही कारर्वाई करती है। मिठाई की दुकानों और किराने की दुकानों पर मिलावटी सामानों की कोई जांच नहीं हो रही है। दीपावली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को छापामारी के निर्देश दिए हैं। विभाग की टीम छापामारी कर रही है। शनिवार को खेकड़ा पाठशाला के पास एक गाड़ी से दो कुंतल मावा नष्ट कराया गया है। मिलावटी मावे की खेप गाड़ी में धनौरा सिल्वरनगर से दिल्ली सप्लाई होने के लिए जा रही थी। सहायक खाद आयुक्त मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मौके पर मावे के दुर्गंधपूर्ण पाये जाने पर नमूने संग्रहीत किए और 2 कुंतल मावा मौके पर नष्ट कराया। वही संकरौद गांव निवासी दीपक चौधरी का कहना है कि जनपद में केवल मावा के ही नमूने लिए जा रहे हैं। न तो मिठाई की दुकानों की कोई जांच हो



रही है और न किराने की दुकानों पर सैंपल लिए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों से साठ-गांठ कर रखी है जिसके कारण बाजारों में मिलावटी, तेल, घी, व अन्य सामानों की बिक्री चल रही है। उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया मां गंगा का पंचमेवा और दूध से अभिषेक

**–गंगा को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प**

**वाराणसी, (हि.स.)।** कांग्रेस के कार्यकताओं ने शनिवार को प्राचीन शीतला घाट (दशाश्वमेध) पर मां गंगा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचमेवा और दूध से अभिषेक किया। मां गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने की वर्षगांठ पर महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जुटे कार्यकताओं ने घाट पर काशीवासियों के सुख-समृद्धि की कामना भी की। दुग्धाभिषेक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने संयुक्त रूप से कहा कि माँ गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए वर्ष 2008 में चार



नवम्बर को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देवनदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया था। तत्कालीन यूपीए सरकार ने अपना वादा पूरा कर मां गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित कर भारत का मान बढ़ाया। प्रमोद पांडेय ने काशी की जनता से अपील करते हुए कहा कि वह हर संभव मां गंगा को स्वच्छ रखें। गंगा में कूड़ा, फूल- माला आदि न बहायें, इस राष्ट्रीय धरोहर को संजोकर आने वाली पीढ़ियों को इसका भान कराएं। हम सभी ने मिलकर आज मां गंगा का पंचमेवा और दूध से अभिषेक कर प्रण किया कि हम मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने में तन, मन और धन से सहयोग करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गंगा केवल नदी नहीं, बल्कि संस्कृति और आस्था की प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन महानगर कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रमोद वर्मा ने किया। कार्यक्रम में दुर्गाप्रसाद गुप्ता,सतनाम सिंह, मनोज द्विवेदी, साजिद अंसारी, देवेंद्र सिंह, शकील अहमद जादूगर, कुंवर बबलू बिंद,आकाश त्रिपाठी, जमाल भाई ,नरसिंह दास, पारसनाथ यादव, रामजी गुप्ता आदि शामिल रहे।

# पलामू में मंदिर दर्शन कर लौट रही महिला को बस ने रौंदा, मौत, चार घंटे तक जाम रहा एनएच

**पलामू, (हि.स.)।** जिले में अहले सुबह हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने सास के साथ मॉर्निंग वाक के बाद मंदिर से भगवान का दर्शन कर लौट रही थी। इसी दौरान एक यात्री बस ने महिला को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटना मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ नेशनल हाइवे 98 पर छतरपुर थाना के समीप हुई। दुर्घटना में मौत की शिकार हुई महिला ज्ञांति देवी (34) खजुरी नौडीहा गांव निवासी चितरंजन कुमार सिंह की पत्नी थी। उनके दो छोटे बच्चे हैं। छतरपुर में मध्य विद्यालय के सामने पूरे परिवार के साथ रहती थी। सुबह पांच बजे अपनी सास के साथ मॉर्निंग वाक पर निकली थी। रोजाना के रूटीन के मुताबिक मॉर्निंग वाक के बाद छतरपुर थाना के सामने ठ-



ाकुरबाड़ी मंदिर में गई थी। वापस घर लौटने के क्रम में करीब 5:30 बजे थाना गेट के सामने सिंह बस ने महिला को पीछे से रौंद दिया। बस के टक्कर से महिला गिर गई तो उसपर बस का आगे का टायर चढ़ गया। थाना के गेट पर ड्यूटी में तैनात संतरी ने बस को रोका। बस छत्तीसगढ़ के कोरबा से छतरपुर के रास्ते डेहरी ऑन सोन जा रही थी। घटना के बाद चालक और खलासी बस छोड़ कर फरार हो गए। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुआवजा और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। साढ़े चार घंटे तक सड़क जाम रहा। बीडीओ के समझाने के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। पुलिस ने बस को जब्त कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेज दिया है।

# लोहरदगा में तुरी समुदाय के लोग स्वरोजगार अपनाकर हो रहे आत्मनिर्भर

**लोहरदगा, (हि.स.)।** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र के गजनी पंचायत अंतर्गत चाल्हो ग्राम के 13 से 15 घरों के 50 से 60 लोग बांस से सामान बना कर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। चाल्हो गांव के प्रकाश तुरी, सीमा तुरी, कर्मी देवी, पूजा कुमारी, बीरबल तुरी, विक्रम तुरी, जुलिया तुरी, एतवा तुरी, कृष्णा तुरी, ललिता तुरी ने स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में इन्हें जमशेदपुर ट्रेंनिग के लिए भेजा गया। वर्तमान समय में अपने घरों पर रह कर बांस से सुप, दउरा, टोकरी, पंखा सहित कई प्रकार की वस्तु तैयार कर लोहरदगा, रांची व स्थानीय बाजारों में बेच कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। अभी तूरी समाज के लोग पुरी मुस्तैदी के साथ छठ पर्व की तैयारियों में लगे हैं।



लोहरदगा जिले में बांस के बने सूप दउरा की काफी मांग होती है। इन्हें कीमत भी अच्छी मिलती है। परिवार के सभी सदस्य मिलकर काम करते हैं और बेहतर आमदनी इन्हें होती है। बीरबल तुरी का कहना है कि वर्तमान समय में एक बम्बू बांस की कीमत 40 से 50 रुपये है। एक सूप तैयार करने में लगभग 100 रुपये का खर्च आता है। बांस से बने वस्तुओं की बिक्री के लिए बड़ा बाजार का क्षेत्र में अभाव है। सरकार के द्वारा बांस से बने वस्तुओं की बिक्री के लिए बाजार की व्यवस्था की जाती तो अच्छी आमदनी होती।

# सोहराय पर्व का गोट बोंगा 12 को, आदिवासी बहुल क्षेत्रों के घरों में रंग-रोगन शुरू

**रांची, (हि.स.)।** बाहा बोंगा के बाद आदिवासी समाज की सबसे बड़ी और पवित्र पूजा गोट बोंगा यानी सोहराय पर्व 12 नवंबर से शुरू होगा। यह पर्व पांच दिनों तक चलेगा। कार्तिक अमावस्या के दिन सामूहिक रूप से विभिन्न गांव के नायके बाबा (पुजारी) द्वारा अपने-अपने गांव में गोट बोंगा कर इस पर्व की शुरूआत की जाती है । गोट बोंगा में मुर्गे की बलि चढ़ाई जाती है। इसके बाद गांव के लोगों द्वारा प्रसाद के रूप में सोड़े ग्रहण किया जाता है। जमशेदपुर शहर के ग्रामीण इलाकों करनडीह, सारजमदा, तालसा, शंकरपुर, रानीडीह, मातलाडीह, काचा, परसुडीह, पोंडेहासा, छोलागोड़ा आदि ग्रामीण इलाकों में अभी से ही सोहराय पर्व की तैयारियां चल रही है। गांव के पुरुष बाजारों से आवश्यक सामग्री खरीदने में लगे हुए हैं, वहीं महिलाएं अपने-अपने घरों की दीवारों में लिपाई



पुताई व रंगाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की कलाकृति बनाने में व्यस्त है। सुंदर और आकर्षक कलाकृति बनाने में आदिवासी समाज की महिलाओं को महारत हासिल है जिनमें उनकी छोटी-छोटी बच्चियों भी उनका हाथ बटाते दिख जाते हैं।

सारजमदा पुड़सी पिंडा के मुड़द माझी बाबा लेदेम मुर्मू ने कहा कि फसल की अच्छी पैदावार होने के बाद सभी किसान सोहराय पर्व के माध्यम से अपने-अपने गाय और बैलों की पूजा करते हैं लेकिन इस बार इंद्र देवता की कृपा से बारिश का खतरा बना हुआ है। महिला तथा पुरुष सभी साफ सुथरे और नए पारंपरिक परिधान में रहते हैं और पांच दिनों तक चलने वाला यह सोहराय पर्व आपसी भाईचारा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर हड़िया (पेय पदार्थ) का भी सेवन किया जाता है। कई कई गांवों में पर्व के चौथे दिनों से बैल नाच की प्रतियोगिता भी रखी जाती है।

# नीतीश ने जदयू कार्यालय का किया निरिक्षण, मंत्री विजय चौधरी से की मुलाकात

**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार सुबह राजधानी पटना की सड़कों पर निकल पड़े। वे मुख्यमंत्री आवास से निकलकर सबसे पहले जदयू कार्यालय पहुंचे। वे करीब 10 मिनट तक जदयू कार्यालय में रहे और यह जानकारी ली कि सुबह-सुबह पार्टी कार्यालय में कौन-कौन से नेता और पदाधिकारी मौजूद रहते हैं। इसके बाद सीएम सीधे मंत्री विजय चौधरी के आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आए दिन सुबह-सुबह मुख्यमंत्री आवास से निकलकर सचिवालय पहुंचते हैं। वहां विभागीय पदाधिकारी से बातचीत कर उनका फीडबैक लेते हैं लेकिन शनिवार को सचिवालय में छुट्टी का दिन है। ऐसे में नीतीश मुख्यमंत्री आवास से निकाल कर जल्दी ऑफिस पहुंचे और वहां से अटल पथ होते हुए सीधा मंत्री विजय कुमार चौधरी आए, जहां इन दोनों नेताओं के बीच वर्तमान राजनीतिक परिवेश पर चर्चा हुई। इसके बाद सीएम प्रधान सचिव दीपक कुमार से मिलने उनके



आवास पहुंच गए। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शुक्रवार की शाम सीएम आवास पहुंच गए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की।

रथ पर सवार होकर पहुंचे लालू और तेजस्वी से बंद कमरे में करीब आधे घंटे तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बातचीत की। कहा जा रहा है कि तीनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सीपीआई के मंच से कांग्रेस को खूब कोसा था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस को विपक्षी एकता से कोई मतलब नहीं रह गया है। कांग्रेस की वजह से गठबंधन को लेकर कोई काम नहीं हो रहा है। वह देश के पांच राज्यों में होने वाले चुनाव में व्यस्त है। नीतीश गुरुवार को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित भाजपा हटाओ देश बचाओ रैली में शामिल होने पहुंचे थे।

# सांगठनिक एकजुटता और सक्रियता ही कांग्रेस का सबसे बड़ा हथियार : अमिता भूषण

**बेगूसराय, (हि.स.)।** कांग्रेस पार्टी की बढ़ती धमक, राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की वापसी के संकेत से उत्साहित कांग्रेस कार्यकताओं ने स्थानीय स्तर पर सांगठनिक गतिविधियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी आलोक में आज सदर प्रखंड क्षेत्र के चांदपुरा गांव में प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय एक वृहत बैठक आयोजित किया गया। जिसमें वर्तमान सांगठनिक स्थिति, संगठन की गतिशीलता बढ़ाने की कार्ययोजना पर विमर्श सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक में पूर्व विधायक एवं महिला कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमिता भूषण ने कार्यकताओं के साथ अनुभव साझा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि राजनैतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही है। जिस झूठे वादों और जुमलों पर सवार होकर भाजपा सत्ता में आई, आज वह उनके गले की फांस बन गई है। हालत यह है कि 24 घंटे



चुनावी मोड में रहने वाले पीएम आज मिजोरम में चुनाव प्रचार करने नहीं जा पा रहे हैं। मंहगाई और बेरोजगारी पर सरकार से सवाल पूछा जा रहा है। राहुल गांधी की लोकप्रियता शिखर पर है, हम पांचों राज्य जीतने जा रहे हैं। इसके लिए सांगठनिक तौर पर हमारी एकजुटता और सक्रियता ही सबसे बड़ा हथियार होगा, हम इसके लिए प्रतिबद्ध होकर काम करेंगे। मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य रामरझिन हजारी, जयप्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत राय, जिला परिषद सदस्य अमित कुमार, अरविंद सिंह, माधो सिंह, मनोज सिंह, प्रमोद चौधरी, देवेन्द्र तांती, शंकर साह, ब्रजेश सहनी, आलोक कुमार, विजय राय, अरुण राय, धीरज कुमार, नीरज तांती, कुंदन कुमार, संजय कुमार एवं कुमार रत्नेश टुल्लू आदि उपस्थित थे।

# अमित शाह आज मुजफ्फरपुर में रैली को करेंगे संबोधित

**पटना, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर रविवार को बिहार आएंगे। पिछले 10 महीने में यह उनका पांचवां दौरा है। वे मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डे पर रैली को संबोधित करेंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक वे यहां सवा दो घंटे तक रहेंगे। शाह हवाई जहाज से दिल्ली से सीधे पटना पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से पताही हवाई अड्डे पर पौने एक बजे पहुंचेंगे। तीन बजे वे फिर पटना के लिए रवाना हो जाएंगे। भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह महागठबंधन के जाति वोट को बड़ा झटका दे सकते हैं। भले ही बिहार सरकार जातीय गणना की रिपोर्ट जारी कर चुकी है और ऐसी संभावना है कि जातियों की नई रिपोर्ट के आधार पर सरकार बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ा सकती है। लोकसभा चुनाव से इसे विपक्षी गठबंधन का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। ऐसे में शाह मुजफ्फरपुर से जाति के खिलाफ नया एजेंडा सेट कर सकते हैं। इस इलाके में भाजपा के कोर वोटरों की संख्या अधिक है। मुजफ्फरपुर से सटे वैशाली लोकसभा क्षेत्र राजपूत और भूमिहार बाहुल इलाका होने के बाद भी 2014 से



भाजपा इसे अपने सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ते रही है। ऐसे में शाह के इस दौरे को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि यहां से भाजपा अपना उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। इससे पहले पिछले 2 चुनाव से लोजपा इस सीट से जीत रही है। 2014 में पार्टी के राम किशोर सिंह तो 2019 में वीना देवी यहां से चुनाव जीती थीं।

1999 से मुजफ्फरपुर लोकसभा से राजग के उम्मीदवार चुनाव जीतते रहे हैं। 2014 से लगातार यहां से भाजपा के अजय निषाद सांसद हैं। ऐसे में मुजफ्फरपुर को भाजपा का सुरक्षित सीट माना जाता है लेकिन पार्टी के सूत्र यह कहते हैं कि सांसद अजय निषाद और पार्टी के भीतरी कलह के कारण यहां एंटी इनकंबेसी की स्थिति बन गई है। ऐसे में अमित शाह की मुजफ्फरपुर यात्रा से इसका समाधान निकलने की उम्मीद है। शाह की रैली मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट पर होने वाली है। मुजफ्फरपुर में अमूमन में पॉलिटिकल रैली सिकंदरपुर या खुदीराम स्टेडियम में होता है। इससे पहले पताही एयरपोर्ट पर इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली हुई थी। ऐसे में इस जगह को सियासी दृष्टिकोण से काफी अहम माना जा रहा है। रैली का शहर भले मुजफ्फरपुर हो लेकिन ये इलाका वैशाली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ऐसे में निगाहें भले मुजफ्फरपुर में हैं लेकिन अमित शाह का निशाना वैशाली को साधना है।

## संपादकीय

# परिवहन मैत्री माहौल के लिए

**अंततः** हिमाचल सरकार को रोड टैक्स में छूट देकर परिवहन मैत्री माहौल के लिए सामंजस्य बैठाने की आवश्यकता दिखाई दी। परिवहन व्यवस्था में आए गतिरोध को खत्म करने के लिए स्टेट रोड टैक्स में आधे से भी अधिक बढ़ी दरों से पीछे हटकर सरकार ने यह स्वीकार किया है कि पर्यटन, माल ढुलाई और तीर्थयात्रा के लिए यह कदम जरूरी हो गया था। सरकार की चुनौती बढ़े हुए कर ढांचे की स्वीकार्यता है, जबकि राजकोषीय घाटे से उबरने के लिए नए पैगाम में, नए आर्थिक संसाधन जुटाने की अनिवार्यता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। बहरहाल परिवहन के दायित्व में सरकार ने सभी वर्गों के साथ बातचीत करके जो निष्कर्ष निकाला, उससे राहत के रास्तों पर पड़ोसी राज्यों की आपत्तियां कुछ हद तक समझी गई हैं, लेकिन पर्यटन व माल ढुलाई के लिए घरेलू स्तर पर भी परिवहन को ठोस नीति चाहिए। खास तौर पर जब सरकार पांच करोड़ पर्यटक आगमन के लक्ष्य को लेकर चल रही है, तो वाहनों की तादाद और रफ्तार पर कुछ तो नीतिगत फैसला हो। जाहिर तौर पर नाममात्र के पर्यटक ही हिमाचल पथ परिवहन के नियमित रूट पर प्रदेश में आते हैं, जबकि अधिकांश यात्राओं के लिए निजी आपरेटरों के पहिए घूम रहे हैं। हिमाचल में पर्यटक वाहनों का पंजीकरण क्योंकि अति भारी कीमत वसूल करता है, इसलिए प्रायः ऐसी बसें-टैक्सियां बाहरी राज्यों में परिवहन उद्योग को संबल दे रही है। इसलिए केवल स्टेट रोड टैक्स की कटौती से ही हिमाचल में परिवहन मैत्री का माहौल उत्पन्न नहीं होगा, बल्कि ऐसे वाहनों की पंजीकरण फीस भी घटानी होगी। कठिन व महंगे पंजीकरण शुल्क अदायगी के कारण अंततः हिमाचल के खजाने को ही नुकसान हो रहा है। हिमाचल में पर्यटन, परिवहन, शहरी विकास तथा कला, संस्कृति एवं भाषा विभागों का एक्शन ग्रुप होना चाहिए ताकि नीतियां व नियम बनाते हुए एक दूसरे के हितों का ख्याल रखा जाए। मिशन पांच करोड़ पर्यटक को हासिल करने के लिए कमोबेश हर विभाग का एक पर्यटन सैल बनाना आवश्यक है। पर्यटन परिवहन को महज ट्रांसपोर्ट की शब्दावली नहीं समझ सकती, बल्कि हर सैलानी की इसमें भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। पांच करोड़ सैलानियों की आमद को परिवहन के नजरिए से समझना होगा। अब तक प्रदेश में पंजीकृत वाहनों की संख्या बाइस लाख है और इसमें बाहरी वाहनों को जोड़ दिया जाए, तो करीब पचास लाख गाडियां हर साल यहां दौड़ रही हैं। दूसरी ओर वर्तमान डेढ़ से पौने दो करोड़ पर्यटकों की संख्या को पांच करोड़ तक बढ़ाने के लिए कम से कम आज की स्थिति से दो गुना वाहन चाहिएं यानी पचास लाख अतिरिक्त वाहन आने बाकी हैं। ऐसे में कोशिश यह होनी चाहिए कि अधिकांश वाहन हिमाचल में पंजीकृत हों या स्टेट रोड टैक्स की दरें बाहरी वाहनों को यहां आने को प्रेरित करें। इसी के साथ इलैक्ट्रिक वाहनों की दृष्टि से हिमाचल पूरे उत्तर क्षेत्रीय राज्यों के लिए एक मॉडल अख्तियार कर सकता है। पर्यटन की क्षेत्रीय संभावनाओं में कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे सहयोग की तलाश करनी चाहिए, ताकि पर्यटन उद्योग एक आदान प्रदान की तरह विकसित हो। देश के मेट्रो शहरों तथा अति व्यस्त पर्यटक स्थलों की एक खासियत यह भी है कि वहां हिमाचल के मुकाबले सस्ता परिवहन उपलब्ध है। खास तौर पर टैक्सी सेवाएं पर्यटक सहूलियत में विकसित करने के लिए सहमति और सौहार्द का माहौल बनाना होगा। इलैक्ट्रिक वाहनों के जरिए हिमाचल का पर्यटन क्षेत्र नई उम्मीदें पाल सकता है। इलैक्ट्रिक टैक्सियों के लिए मिल रही पचास फीसदी सबसिडी का असली उद्देश्य पर्यटक को सस्ती वाहन सेवा देना होना चाहिए और इसके लिए निम्न दरों पर प्वाइंट टू प्वाइंट सेवाएं शुरू करनी होंगी। बेशक हिमाचल परिवहन निगम अपने रूट निर्धारित करते हुए अब श्रद्धालुओं के लिए यात्रा की सुविधा बढ़ा रहा है या आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के लिए सीधी बस सेवाएं भी शुरू कर रहा है, लेकिन राज्य के भीतर साइट सीईंग जैसी बस सेवाओं के अलावा सस्ती टैक्सी सेवाओं के लिए जोरदार हस्तक्षेप करना होगा।

> हिमाचल में पर्यटन, परिवहन, शहरी विकास तथा कला, संस्कृति एवं भाषा विभागों का एक्शन ग्रुप होना चाहिए ताकि नीतियां व नियम बनाते हुए एक दूसरे के हितों का ख्याल रखा जाए। मिशन पांच करोड़ पर्यटक को हासिल करने के लिए कमोबेश हर विभाग का एक पर्यटन सैल बनाना आवश्यक है। पर्यटन परिवहन को महज ट्रांसपोर्ट की शब्दावली नहीं समझ सकती, बल्कि हर सैलानी की इसमें भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। पांच करोड़ सैलानियों की आमद को परिवहन के नजरिए से समझना होगा। अब तक प्रदेश में पंजीकृत वाहनों की संख्या बाइस लाख है और इसमें बाहरी वाहनों को जोड़ दिया जाए, तो करीब पचास लाख गाड़ियां हर साल यहां दौड़ रही हैं। दूसरी ओर वर्तमान डेढ़ से पौने दो करोड़ पर्यटकों की संख्या को पांच करोड़ तक बढ़ाने के लिए कम से कम आज की स्थिति से दो गुना वाहन चाहिएं यानी पचास लाख अतिरिक्त वाहन आने बाकी हैं। ऐसे में कोशिश यह होनी चाहिए कि अधिकांश वाहन हिमाचल में पंजीकृत हों या स्टेट रोड टैक्स की दरें बाहरी वाहनों को यहां आने को प्रेरित करें। इसी के साथ इलैक्ट्रिक वाहनों की दृष्टि से हिमाचल पूरे उत्तर क्षेत्रीय राज्यों के लिए एक मॉडल अख्तियार कर सकता है।

## कुछ अलग

# जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को समन किया था, ताकि शराब घोटाले के संदर्भ में पूछताछ की जा सके, लेकिन केजरीवाल ने समन को ही गलत तथा राजनीति से प्रेरित करार देते हुए पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने कुछ सवाल भी पूछे कि जांच एजेंसी ने उन्हें मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर बुलाया है। ईडी ने उन्हें 'गवाह' या 'संदिग्ध' के तौर पर समन भेजा था। भाजपा नेताओं के इन बयानों के मायने क्या हैं कि केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जा सकता है, लिहाजा यह समन भाजपा के निर्देशानुसार भेजा गया है! केजरीवाल ने ईडी को लिखे पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के नाते उन पर काफी सरकारी दायित्व हैं और पार्टी का राष्ट्रीय नेता होने के नाते राज्यों के पार्टीजनों की अपेक्षा है कि वह चुनाव प्रचार करें। लिहाजा वह ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। चूंकि यह समन ही अवैध और अस्पष्ट है, लिहाजा उसे वापस ले लिया जाए। हमारी खबर है कि ईडी केजरीवाल को नया समन भेजेगा। यदि जरूरत पड़ी, तो अदालत का हस्तक्षेप भी मांगा जा सकता है। केजरीवाल ईडी के तीन समन ठुकरा सकते हैं। यदि फिर भी वह पेश नहीं होते हैं, तो ईडी को अगली कार्रवाई के लिए अदालत में ही जाना पड़ेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी 5 समन भेज चुका है, लेकिन वह एक बार भी पेश नहीं हुए हैं। आजकल नेताओं ने ईडी के समन को गंभीरता से लेना छोड़ दिया है, क्योंकि सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि समन न मानने की स्थिति में ईडी किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकता है। उसके लिए अदालत में आना अनिवार्य है। बहरहाल ईडी के संदर्भ में ही एक घटना राजस्थान में हुई है कि वहां के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ईडी के एक अधिकारी को 15 लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। वह अधिकारी इंफाल (मणिपुर) से राजस्थान आया था, ताकि भ्रष्टाचार के एक मामले को रफा-दफा किया जा सके। अब कांग्रेस नेता यह भी सवाल उठा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में जो काले संदूक आ रहे हैं और करोड़ों की धरपकड़ की गई है, उसमें ईडी या सीबीआई की कितनी संलिप्तता है? जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए हैं। इनसे सरकार और जांच एजेंसियों के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है और वे सवालिया होने लगी हैं। आम आदमी की चिंता बढ़ने लगी है कि जिन जांच एजेंसियों को, संविधान के तहत, भ्रष्टाचार की जांच का, जनादेश प्राप्त है, वे खुद ही दागी और कटघरे में मौजूद हैं। बीते दिनों सीबीआई ने 5 करोड़ रुपए के भुगतान मामले में ईडी के एक सहायक निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ दिन पहले असम पुलिस ने एक सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया था, जो एक व्यापारी से पैसे वसूलने की साजिश में जुटा था। बीते साल मई में खुद सीबीआई ने अपने ही चार सब-इंस्पेक्टरों को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। ऐसे कथित भ्रष्ट मामलों की फेहरिस्त काफी लंबी है। प्रथमद्रष्ट्या माना जा सकता है कि हमारी प्रमुख जांच एजेंसियां भी दूध की धुली नहीं हैं। यह बेहद गंभीर स्थिति है, लेकिन वे आर्थिक अपराधों को नहीं पकड़ सकतीं और कानूनी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकतीं, ऐसा मानना गलत है। दिल्ली शराब घोटाले के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने ही 338 करोड़ रुपए के मुनाफे और सरकारी जनसेवक को कथित घूस दिए जाने की बात अपने फैसले में कही है।

## संपादकीय

### सतत एवं समग्र विकास के सार्वभौमिकता के सिद्धांत के अनुसार व्यक्तियों, समुदायों, गांवों, शहरों का सम्पूर्ण विकास होना आवश्यक है

# जनजातीय संस्कृति एवं सतत विकास

**प्रो. सुरेश शर्मा**

> जनजातीय शब्द ऐसे मानव समुदाय के लिए प्रयुक्त किया जाता है जो अपनी एक विशेष संस्कृति, खानपान, परिधान, वेशभूषा, पहचान, धर्म परम्परा तथा भाषा या बोली के लिए जाने जाते हैं तथा काफी लंबे समय से एक क्षेत्र विशेष के निवासी होते हैं। ये लोग एक विशेष भू-भाग पर रहते हैं जिनमें संस्कृति, सामान्य निरंतर संपर्क तथा क्षेत्र विशेष के कारण एकता की भावना होती है, जिनके जीवन रीति-रिवाज और व्यवहार के तौर तरीके आदिम जातियों की विशेषताओं से युक्त रहते हैं। जनजातीय लोगों की विशेषता है कि वे अपनी संस्कृति के लिए रूढ़िवादी, सख्त तथा रक्षात्मक होते हैं।

**भारत** में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है जो कि लगभग 10.4 करोड़ के लगभग है। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश की कुल जनसंख्या का 5.7 प्रतिशत जनजातीय लोग निवास करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार हिमाचल में लगभग 32 प्रतिशत लोग ही जनजातीय क्षेत्रों में निवास करते हैं, बाकि 68 प्रतिशत लोग शिक्षा, नौकरी के लिए तथा भू-सम्पत्ति खरीद कर दिल्ली, चंडीगढ़ एवं समीपवर्ती जिलों सोलन, शिमला, कुल्लू, मंडी, चम्बा तथा कांगड़ा के विभिन्न भागों में बस चुके हैं। इस समय भारत में संविधान के अनुच्छेद 342 के अन्तर्गत 730 से अधिक अनुसूचित जातियां अधिसूचित हैं। जनजातीय शब्द ऐसे मानव समुदाय के लिए प्रयुक्त किया जाता है जो अपनी एक विशेष संस्कृति, खानपान, परिधान, वेशभूषा, पहचान, धर्म परम्परा तथा भाषा या बोली के लिए जाने जाते हैं तथा काफी लंबे समय से एक क्षेत्र विशेष के निवासी होते हैं। ये लोग एक विशेष भू-भाग पर रहते हैं जिनमें संस्कृति, सामान्य निरंतर संपर्क तथा क्षेत्र विशेष के कारण एकता की भावना होती है, जिनके जीवन रीति-रिवाज और व्यवहार के तौर तरीके आदिम जातियों की विशेषताओं से युक्त रहते हैं। जनजातीय लोगों की विशेषता है कि वे अपनी संस्कृति के लिए रूढ़िवादी, सख्त तथा रक्षात्मक होते हैं। जनजातीय लोग बहुत आसानी से अपनी संस्कृति में किसी बाह्य व्यक्ति का दखल स्वीकार नहीं करते। ये लोग भोले-भाले, सीधे-सादे तथा भौतिकवाद की छाया से बहुत दूर होते हैं। हिमाचल प्रदेश में मुख्यतः किन्नर, गुज्जर, लाहौली, गद्दी, स्वांगला, पंगवाली तथा खम्पा जनजातियां निवास करती हैं। इस वर्ष सिरमौर के ट्रांस गिरि में बसने वाले भाटी समुदाय को भी केन्द्र सरकार ने अनुसूचित जनजाति में शामिल किया है। ये सभी जनजातियां अपनी पृथक-पृथक तथा समृद्ध संस्कृति के लिए जानी जाती हैं। सामान्य रूप से संस्कृति मानवीय संस्कारों की एक सुंदर कृति है। यह सांस्कृतिक परिवेश संस्कारों का एक ऐसा आवरण है जिसमें हम मानसिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, संवेगात्मक एवं भावनात्मक एवं रूप से सुरक्षित पाते हैं। संस्कृति एक विशाल शब्द है। खानपान, पहरावा, रीति-रिवाज, संस्कार, परंपराएं, धार्मिक आस्थाएं, विश्वास, अविश्वास, अंधविश्वास, लोकाचार, रीतियां-कुरीतियां तथा



पूजा पद्धतियां, ये सब संस्कृति को परिभाषित करते हैं। संस्कृति के दो रूप माने गए हैं जिनमें वृक्ष रूप संस्कृति की परम्परा या स्थायित्व को प्रतिबिंबित करता है तथा नदी रूप उसकी गतिशीलता तथा निरंतरता को व्यक्त करता है। संस्कृति का परम्परागत एवं गतिशील होना आवश्यक है क्योंकि ठहरे हुए पानी में भी सड़ांध आ जाती है। नवीनता, निरंतरता, गतिशीलता तथा रचनात्मकता के कारण ही संस्कृति नित-नवीन रहती है। आज संपूर्ण विश्व सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। सितम्बर 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 देशों के शीर्ष सम्मेलन में निश्चित वैश्विक एजेंडा के 17 सतत विकास के लक्ष्यों में सार्वभौमिकता के सिद्धांत में 'कोई पीछे न छूटे' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इन 17 एसडीजी लक्ष्यों यानी 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स' में आर्थिक संपन्नता, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी, भुखमरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशहाली, लैंगिक समानता, जल स्वच्छता, ऊर्जा, आर्थिक वृद्धि, उत्कृष्ट कार्य, बुनियादी सुविधाएं, उद्योग एवं नवाचार, असमानताओं में कमी, संवहनीय शहर, उपभोग एवं उत्पादन, औद्योगिक विकास, वैश्विक समस्याएं, जलवायु, कार्यवाही, पारिस्थितिक प्रणालियां, शांति, न्याय एवं भागीदारी आदि मुख्य लक्ष्य हैं। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपेक्षित, वंचित तथा हाशिए पर जी रहे लोगों, परिवारों, समुदायों तथा जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। इन लक्ष्यों में सतत विकास लक्ष्य क्रमांक ग्यारह सांस्कृतिक परम्परागत एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन तथा संवहनीय शहरों एवं समुदायों के विकास पर आधारित है। वर्तमान में जनजातीय लोगों, समुदायों तथा संस्कृतियों पर भी भौतिकवाद की चकाचौंध का प्रभाव पड़ा है। आज जनजातीय विकास के नाम पर सांस्कृतिक व्यवसायीकरण, भौतिकवाद का प्रभावित नहीं बल्कि परम्परागत संस्कृति का संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देना भी बहुत आवश्यक है। परम्परा एवं आधुनिकता के संगम एवं सन्तुलन बनाए रखने से ही सतत विकास संभव है। यहां पर यह विचारणीय है कि परम्परागत संस्कृति को अपनाना पिछड़ापन तथा रूढ़िवादिता नहीं है तथा आधुनिकता एवं भौतिकवाद से प्रभावित होना कोई आधुनिकता नहीं है। वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से इतना सम्पन्न तथा महत्वाकांक्षी हो गया है कि वह भौतिकवाद तथा आधुनिकता की छाया से बच नहीं सकता। यह भी आवश्यक है कि जीवन में भौतिक सुखों का उपयोग एवं उपभोग करते हुए जीवन शैली में परम्परागत मूल्यों एवं आदर्शों का अनुकरण एवं अनुसरण करते हुए एक संतुलित जीवन व्यतीत किया जाना चाहिए। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण, संकलन, संग्रहण एवं संवर्धन के लिए सरकार, व्यवस्थाओं तथा विभागों को विशेष आर्थिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उनकी लोक कलाओं, हस्त कलाओं तथा परम्परागत व्यवसायों को संरक्षण दिया जाना चाहिए। जनजातीय लोक कलाओं को भविष्य की पीढियों के प्रेषण के लिए कार्यशालाओं तथा सेमिनारों का आयोजन आवश्यक है ताकि वे अपनी बहुमूल्य संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस कर सकें। जनजातीय जीवन शैली एकला संस्कृति, संस्कृति कर्मियों पर शोध कार्य होने के साथ लिखित रूप तथा तकनीक के प्रयोग से वीडियोग्राफी से दस्तावेजीकरण होना चाहिए। सतत एवं समग्र विकास के सार्वभौमिकता के सिद्धांत के अनुसार व्यक्तियों, समुदायों, गांवों, शहरों का सम्पूर्ण विकास होना आवश्यक है ताकि 'कोई पीछे न छूटे' का लक्ष्य प्राप्त हो सके। जनजातीय परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक संरक्षण, संग्रहण तथा संवर्धन के लिए जनजातीय लोक भाषाओं, लोक बोलियों, लोक साहित्यों, लोक गाथाओं, लोक पहेलियों, लोक समुदायों, लोक संस्कृतियों, लोक संस्कृति कर्मियों, लोक संगीत, लोक गीतों, लोक वाद्यों, लोक नृत्यों, लोक नाट्यों, लोक दन्त कथाओं का संरक्षण एवं संवर्धन करके उसे शुद्ध रूप से भविष्य की पीढियों के लिए प्रेषित करने की आवश्यकता है, तभी सतत सांस्कृतिक विकास संभव है।

# भारत में भ्रष्टाचार और विपक्षी दल

> भ्रष्टाचार राजनीतिक दलों के लिए नासूर बन चुका है। आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबे होने के बावजूद विपक्षी दलों को छापे की कार्रवाई में द्वेष नजर आता है। विपक्षी दल छापे पड़ने पर हायतौबा तो मचाते हैं किन्तु देश से समूल रूप से भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे हो, इसका उपाय नहीं बताते। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संयुक्त तौर पर लोकसभा चुनाव लडने का मंसूबा पाले विपक्षी दलों ने एक बार भी भ्रष्टाचार के संपूर्ण खात्मे की बात नहीं कही। इसके विपरीत सीबीआइ और ईडी की कार्रवाई पर सवाल जरूर खड़े किए हैं। इन एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक जा चुके हैं, किन्तु वहां भी इनकी दाल नहीं गल सकी। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी, अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी, लालू यादव का राष्ट्रीय जनता दल, सोनिया गांधी की कांग्रेस और फारूक अब्दुला की नेशनल कान्फ्रेंस सहित सभी छह दल इंडिया एलायंस के मुख्य घटक हैं।

**देश** के राजनीतिक दलों के नेता कितने भ्रष्ट हैं, इसका अंदाजा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई छापेमारी से लगाया जा सकता है। भ्रष्टाचार राजनीतिक दलों के लिए नासूर बन चुका है। आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबे होने के बावजूद विपक्षी दलों को छापे की कार्रवाई में द्वेष नजर आता है। विपक्षी दल छापे पडने पर हायतौबा तो मचाते हैं किन्तु देश से समूल रूप से भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे हो, इसका उपाय नहीं बताते। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संयुक्त तौर पर लोकसभा चुनाव लडने का मंसूबा पाले विपक्षी दलों ने एक बार भी भ्रष्टाचार के संपूर्ण खात्मे की बात नहीं कही। इसके विपरीत सीबीआइ और ईडी की कार्रवाई पर सवाल जरूर खड़े किए हैं। इन एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक जा चुके हैं, किन्तु वहां भी इनकी दाल नहीं गल सकी। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी, अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी, लालू यादव का राष्ट्रीय जनता दल, सोनिया गांधी की कांग्रेस और फारूक अब्दुला की नेशनल कान्फ्रेंस सहित सभी छह दल इंडिया एलायंस के मुख्य घटक हैं। इन सभी दलों के कई नेताओं और मंत्रियों पर सीबीआई और ईडी छापे मार चुकी है। इनमें से कई मंत्री-नेता जेल में बंद हैं। ज्यादातर को जमानत तक नहीं मिल सकी है। शराब घोटाले में फंसे दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के दूसरे नेता लंबे अर्से से जमानत के लिए तरस रहे हैं। यही स्थिति भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त दूसरे दलों के नेताओं की है। नेताओं का बस चलता तो शायद भाजपा की तरह अदालतों पर भी मिलीभगत का आरोप लगा देते। मजबूरी और डर का ही परिणााम है कि लंबे अर्से से जेल में बंद होने के बावजूद अदालतों पर भेदभाव बरतने का आरोप नहीं लगा सके। ईडी और आयकर विभाग की नई कार्रवाई में पश्चिम बंगाल में ममता कैबिनेट में खाद्य मंत्री रथिन घोष के 13 ठिकानों पर छापे मारे गए। वहीं, इनकम टैक्स चोरी के मामले में आईटी डिपार्टमेंट की टीमों ने तमिलनाडु में 40 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की। डीएमके सांसद एस. जगतरक्षकन के घर और ठिकानों पर छापेमारी की गई। तेलंगाना में बीआरएस की विधायक मंगती गोपीनाथ से संबंधित ठिकानों पर छापे पड़े। साथ ही कर्नाटक में डीसीसी बैंक के चेयरमैन मंजूनाथ गौड़ा के शिवमोगा स्थित आवास पर भी ईडी ने छापेमारी की। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में और जेल मंत्री सत्येन्द्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग केस में लंबे समय से जेल में हैं। मनीष सिसोदिया ने गिरफ्तारी के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सत्येन्द्र जैन का भी इस्तीफा लेना पड़ा जो कि जेल मंत्री होते हुए साल भर से जेल में थे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी शराब घोटाले में जेल में हैं। ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के मामले में तलब किया है। पश्चिम बंगाल में पहले जहां शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता सरकार के मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मंत्री पद से हटना पड़ा था, वहीं राशन वितरण घोटाले में पूर्व खाद्य मंत्री और मौजूदा वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक की गिरफ्तारी हो गई। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपने विरोधियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। ममता सरकार के मंत्री रहे पार्थ की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के घर से 22 करोड़ रुपए और एक अन्य सहयोगी के घर से 28 करोड़ बरामद किए थे। पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के समय ममता बनर्जी उन्हें तुरंत मंत्री पद से हटाने को मजबूर हो गई थी। दो साल पहले नारदा स्टिंग मामले में भी ममता सरकार के दो मंत्रियों सुब्रत मुखर्जी और फिरहाद हकीम को गिरफ्तार किया था। जब इन दोनों मंत्रियों और एक विधायक को गिरफ्तार किया गया था तब ममता बनर्जी ने कोलकाता के सीबीआई दफ्तर के सामने धरना दे दिया था। तृणमूल कांग्रेस के एक बड़े और बाहुबली नेता अनुब्रत मंडल को मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव, उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रेलवे में नौकरी के बदले जमीन के मामले में चार्जशीटेड हैं। कांग्रेस के बड़े नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर रिहा हैं। क्रिकेट एसोसिएशन के फंड में घोटाले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुला के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। 2020 में ईडी ने उनकी 11.86 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क कर ली थी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मोदी सरकार पर अपने विरोधियों के खिलाफ केन्द्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। अशोक गहलोत इस बात से आग बबूला हो गए कि उनके बेटे वैभव गहलोत को भी ईडी ने सम्मन भेजा है। असल में भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने अशोक गहलोत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ईडी को एक शिकायत भेजी थी जिसमें कहा गया था कि काले धन को सफेद करने के लिए वैभव गहलोत की कंपनियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं पर की जा रही छापामारी को लेकर 13 राजनीतिक दलों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जब से केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है, ईडी और सीबीआई ने जितने नेताओं पर कार्रवाई की है, उनमें से 95 प्रतिशत मामले विपक्षी दलों के नेताओं से संबंधित हैं। याचिका में मांग यह थी कि इन एजेंसियों को गाईड लाईन जारी की जानी चाहिए, क्योंकि सरकार उनका राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है। याचिका में बताया गया था कि 2004 से 2014 के बीच 72 राजनेताओं के खिलाफ सीबीआई ने जांच की थी, जिनमें से 60 प्रतिशत से भी कम (43) विपक्षी पार्टियों से संबंधित थे। लेकिन मोदी सरकार में यह आंकड़ा 95 प्रतिशत के पार जा चुका है। विपक्षी पार्टियों ने कोर्ट में कहा कि ईडी की रेड एक प्रताडऩा के टूल के तौर पर इस्तेमाल की जा रही है।

## दृष्टिकोण

# भटके हुए इनसानों के कुत्ते

**किसी** ज़माने में कहते थे, राजा से काम करवाना हो, क़ानून लागू करवाना हो तो वज़ीर को तंग करो। आम नागरिक और आम कर्मचारी की तब भी ज्यादा बुक्कत नहीं थी और आज भी क्या बिसात। इस बार मामला पालतू कुत्ते द्वारा बड़े आदमी को काटने का रहा। दुर्घटना के बाद प्रभाव पैदा करने वाली अंग्रेज़ी भाषा में शिकायत हुई तो प्रशासनिक अफसर ने तत्काल मीटिंग कर अनुशासन पालकों की क्लास ली। उन सार्वजनिक स्थानों पर भी कुत्तों का ले जाना, घुमाना पूरी तरह बैन कर दिया जहां पहले अधूरी तरह से बैन था। उम्मीद के मुताबिक खूब प्रेस कवरेज मिली, फेसबुक ने भी पढ़वाया कि प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर पालतू कुत्ता घुमाता, कोई व्यक्ति नज़र भी आ गया तो मौका पर ही एक हज़ार रुपए का नकद चालान किया जाएगा। मतलब सभी पालतू कुत्ता घुमाऊ प्रेमियों को जेब में सुबह सुबह एक हज़ार की नकद राशि रखनी होगी। भुगतान, कार्ड से भी हो सकेगा। सभी पालतू कुत्तों के कान खड़े हो गए। बेचारे आवारा कुत्तों का कोई स्थायी मालिक नहीं होता, इसलिए कोई खतरा नहीं भौंका। मामला साधारण नहीं था, तभी अर्थ यह निकाला गया कि पालतू कुत्तों को गैर सार्वजनिक जगहों पर ले जाया जा सकता है। वहां चाहें तो आवारा कुत्तों के साथ मिलकर आम व्यक्तियों को काट सकते हैं। खतरनाक इत्तफाक रहा, अगली सुबह सामान्य सार्वजनिक जगह पर सिर्फ एक आवारा कुत्ते ने सिर्फ सात आम नागरिकों को जख्मी किया। नगरपालिकाजी का काम कम सक्रियता से चल गया क्योंकि किसी उच्चाधिकारी को काटने की दुर्घटना तो थी नहीं कि तुरंत बैठक बुलाई जाए और स्पष्ट भाषा में सख्त निर्देश दिए जाएं। मुद्दा वीआईपी हो जाए तो नगरपालिका में ज़िम्मेदारी की बाढ़ अचानक आ सकती है। ऐसी कागज़ी कमेटी का पुनर्गठन करना पड़ता है जो सख्त निर्णय लेगी कि कौन कौन से सार्वजनिक स्थल, सैरगाह या पार्क हैं जहां पालतू कुत्ते प्रवेश बंद के बोर्ड लगाए जाएंगे। बेचारे निरीक्षक को सुबह सुबह उठकर, हाथ में रसीद बुक पकडक़र निरीक्षण करना होगा ताकि दो-चार चालान काट कर यह साबित हो कि वीआईपी को काटने पर कार्रवाई हुई है। वैसे, शहर के सभ्य, जान पहचान रखने वाले, पढ़े लिखे, लोकतांत्रिक बाशिंदे अपने पालतुओं को घुमाना और जहां चाहे पौटी करवाना नहीं छोड़ते। कुछ आवारा कुत्ता प्रेमियों ने उस ख़ास कुत्ते की जिसने हिम्मत करके ख़ास टांग को जख्मी किया, प्रशंसा की। वह बात अलग है कि आवारा कुत्ता प्रेमी, नगरपालिका से अनुरोध करते आए हैं कि ऐसी जगह बनाई जाए जहां उन्हें स्थायी पनाह मिल सके, देखभाल हो सके। क्या पता कुत्तों ने ही मिलकर बैठक की हो, उसमें विमर्श हुआ हो कि हम कोई बेजान वस्तु नहीं हैं। इनसानों ने हमें परेशान कर दिया है। ब्रीडिंग करने वालों के अपने बाजारी स्वार्थ हैं। क्रॉस ब्रीडिंग से भी हमारे साथियों में गुस्सा बढ़ा है। हमारी उचित देखभाल नहीं हो रही। उन्होंने ही उस ख़ास कुत्ते को संदेश प्रेषित किया हो कि सुबह जहां सैर करने जाते हो, वहां शांत मन से किसी वीआईपी टांग को खोजकर ठीक से काटो ताकि इस क्षेत्र में मुद्दा बने। खैर बात आई और गई। सब कुछ वैसे ही चल रहा है जैसे बरसों से चलता आया है। आवारा इनसान और पालतू कुत्ते दोनों खुश हैं।

## देश दुनीया से

# चुनावी रियायतों की कीमतः आज भी नेपथ्य में हैं कई नीतिगत सवाल

**माओ** त्से तुंग की मशहूर उक्ति है, 'सत्ता बंदूक की नली से निकलती है।' लेकिन भारत के राजनीतिक परिदृश्य में सत्ता की चाबी चुनावी रियायतों में होती है। सत्ताओं द्वारा जनता के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करने का नया उपकरण नकद हस्तांतरण है। इन सर्दियों में जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें से चार अपेक्षाकृत कम औद्योगीकृत और ज्यादा आबादी वाले हैं। सभी राजनीतिक दल रोजगार, बिजली, सड़क, पानी और विकास की बात करते ही हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि अब चुनाव प्रतिस्पर्धी वादों, मुफ्त उपहारों और नकद हस्तांतरण की प्रतियोगिता बनकर रह गए हैं। महिला मतदाता इसमें गेम चेंजर बनकर उभरी हैं, जिन्हें आकर्षित करने के लिए राजनीतिक दलों में लोक-लुभावन वादे करने की होड़ दिख रही है। अब मध्य प्रदेश को ही लीजिए, जहां कांग्रेस द्वारा महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये देने के वादे के बाद शिवराज चौहान सरकार ने लाड़ली बहना योजना के तहत नकद हस्तांतरण को एक हजार से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपये कर दिया है और इसे तीन हजार रुपये महीना तक बढ़ाने का वादा भी किया है। वहीं, राजस्थान की गहलोत सरकार ने महिलाओं को दस हजार रुपये सालाना भत्ता देने का वादा किया है। तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव ने पात्र परिवारों की महिलाओं को तीन हजार रुपये प्रति माह देने का वायदा किया है। मतदाताओं को लुभाने की एक टॉप-अप रणनीति भी है। इसके तहत केंद्र सरकार द्वारा पहले से चलाई जा रही योजनाओं को राज्यों द्वारा पैसा उपलब्ध कराया जाता है। भारत में कृषि में लगी हुई 45 फीसदी से ज्यादा आबादी भी, जो राष्ट्रीय आय के छठे हिस्से पर जीवन-यापन करने को मजबूर है, राजनीतिक दलों के लिए एक निर्वाचन क्षेत्र है, जहां के मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक दल अपना कर्तव्य समझते हैं। 2018 में तेलंगाना और ओडिशा ने रायथु बंधु और कालिया नामक योजनाओं के तहत किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए। इस विचार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तौर पर अपनाया गया, जिससे किसानों को छह हजार रुपये मिलते हैं। आंकड़ों से मुआवजा बढ़ाने की राजनीतिक मजबूरी स्पष्ट होती है। 15 से ज्यादा राज्यों के आधे से ज्यादा परिवार कृषि पर निर्भर हैं। कांग्रेस ने रायथु बंधु भुगतान को 15 हजार तक बढ़ाने का और खेतिहर मजदूरों के लिए 12 हजार रुपये देने का वादा किया। अब केसीआर कहां पीछे रहने वाली थी? उसने रायथु बंधु भुगतान को बढ़ाकर 16 हजार रुपये वार्षिक कर दिया। महाराष्ट्र में भी पात्र किसानों को छह हजार रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने के लिए नमो शेतकारी महासम्मान नामक एक टॉप-अप योजना शुरू की गई है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय भुगतान निगम पोर्टल पर राज्यों द्वारा सात हजार से अधिक कोड के रजिस्ट्रेशन के साथ नकद हस्तांतरण का विस्तार दिखता है। इसमें उन योजनाओं के लिए भुगतान शामिल है, जो केंद्र द्वारा शुरू, लेकिन राज्यों द्वारा प्रशासित होती हैं। इसके अलावा, राज्यों द्वारा अतिरिक्त सब्सिडी वाली केंद्र की योजनाएं और राज्यों द्वारा शुरू की गई योजनाएं भी शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में केंद्र सरकार ने रसोई गैस की कीमतों में 200 रुपये की कटौती की थी। चुनावी राज्यों में में भी रसोई गैस सिलिंडर पर सब्सिडी बढ़ाई गई है। राजस्थान, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में सिलिंडर क्रमशः 500, 400 और 450 रुपये में दिए जा रहे हैं। मई 2023 में मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों द्वारा सहकारी समितियों से लिए गए ऋण पर ब्याज माफ करने का फैसला किया था। राज्य सरकार ने क्रेडिट सोसाइटियों के लिए गए दो लाख रुपये तक के ऋण पर देय ब्याज का भुगतान करने का वादा भी किया।

> सत्ताओं द्वारा जनता के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करने का नया उपकरण नकद हस्तांतरण है। इन सर्दियों में जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें से चार अपेक्षाकृत कम औद्योगीकृत और ज्यादा आबादी वाले हैं। सभी राजनीतिक दल रोजगार, बिजली, सड़क, पानी और विकास की बात करते ही हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि अब चुनाव प्रतिस्पर्धी वादों, मुफ्त उपहारों और नकद हस्तांतरण की प्रतियोगिता बनकर रह गए हैं। महिला मतदाता इसमें गेम चेंजर बनकर उभरी हैं, जिन्हें आकर्षित करने के लिए राजनीतिक दलों में लोक-लुभावन वादे करने की होड़ दिख रही है। अब मध्य प्रदेश को ही लीजिए, जहां कांग्रेस द्वारा महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये देने के वादे के बाद शिवराज चौहान सरकार ने लाड़ली बहना योजना के तहत नकद हस्तांतरण को एक हजार से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपये कर दिया है और इसे तीन हजार रुपये महीना तक बढ़ाने का वादा भी किया है।



# अमेरिका एक दिन खत्म हो जाएगा, वह सोवियत संघ की तरह बिखरेगा, हमास की चेतावनी

**बेरूत।**
इजराइल हमास के बीच जारी युद्ध के बीच हमास के एक वरिष्ठ नेता ने चेतावनी दी है कि एक दिन अमेरिका खत्म हो जाएगा और वह सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा। यरुशलम पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। दरअसल हमास के वरिष्ठ नेता अली बाराका ने लेबनान के एक यूट्यूब चैनल के साथ ये बातें कही। मिडिल ईस्ट मीडिया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस इंटरव्यू को ट्रांसलेट किया है। रिपोर्ट के अनुसार अली बाराका ने कहा कि अमेरिका को ब्रिटेन ने बनाया था और यह एक दिन सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा। इस क्षेत्र (पश्चिम एशिया) में अमेरिका के सारे दुश्मन करीब आ रहे हैं और आपस में बातचीत कर रहे हैं। एक दिन आएगा जब वह लड़ाई में एकजुट हो जाएंगे और अमेरिका बीते हुए समय की बात हो जाएगा। बाराका ने कहा कि अमेरिका ताकतवर नहीं रहेगा। अली बाराका ने उत्तर कोरिया की भी तारीफ की और कहा कि वही एकमात्र देश है जो अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब दे सकता है।

**रूस और चीन के नेताओं से मिल रहे हमास के नेता** – अली बाराका ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता दुनिया में एक मात्र देश है जो अमेरिका पर हमला कर सकता है। एक दिन आएगा जब उत्तर कोरिया दखल देगा क्योंकि वह हमारे गठबंधन का हिस्सा है। हमास नेता ने कहा कि हमास के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मॉस्को का दौरा किया था और एक जल्द ही बीजिंग भी जाएगा। अली बाराका ने कहा कि आज रूस हमारे साथ लगभग रोजाना संपर्क में रहता है। चीन ने अपने प्रतिनिधि को दोहा भेजा है और चीन और रूस के नेता हमास के नेताओं से मिल रहे हैं। हमास नेता ने कहा कि ईरान के पास अमेरिका पर हमला करने की ताकत नहीं है लेकिन अगर ईरान हस्तक्षेप करने का फैसला करता है तो वह इजराइल और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है। बता दें कि इजराइल और हमास के बीच जारी लड़ाई को करीब एक महीना पूरा हो चुका है। इस लड़ाई में अब तक साढ़े दस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल ने अब गाजा पट्टी में जमीना आक्रमण तेज कर दिया है और आने वाले दिनों में इजराइल और हमास की लड़ाई के गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीरिया से खुल सकता है इजराइल के खिलाफ नया मोर्चा, रूस से बिगड़ते रिश्तों ने बढ़ाई चिंता



**तेल अवीव।** इजराइल हमास के बीच छिड़ी लड़ाई को करीब एक महीना हो चुका है और अब इस लड़ाई के बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। दरअसल इजराइल की तरफ से सीरिया में मौजूद ईरान समर्थित कट्टरपंथियों के खिलाफ हवाई हमले किए जा रहे हैं। ईरान समर्थित लड़ाके और हिजबुल्ला सीरियाई सीमा से इजराइल पर हमले की कोशिशें कर रहे हैं, जिसके खिलाफ इजराइली सेना कार्रवाई कर रही है। अब इस मामले में अहम बात ये हुई है कि इजराइल द्वारा रूस को इन हमलों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है जबकि अभी तक आमतौर पर ऐसा होता था कि जब इजराइली सेना द्वारा सीरिया की सीमा में कार्रवाई की जाती थी तो रूस के साथ हमले की जानकारी साझा की जाती थी। रूस के उप-रक्षामंत्री मिखाइल बोगदानोव ने कहा कि जैसा कि होता है, अब इजराइल, सीरिया पर हमले से पहले जानकारी नहीं दे रहा है। हमें हमला होने के बाद इसका पता चलता है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि सीरिया की तरफ से इजराइल के खिलाफ नया मोर्चा खुल सकता है। लेबनान सीमा से इजराइल और हिजबुल्ला के बीच पहले से ही लगातार गोलीबारी हो रही है। ऐसे में जब अमेरिका द्वारा कोशिश की जा रही है कि इजराइल हमास संघर्ष को सीमित रखा जाए तो सीरिया से भी लड़ाई का मोर्चा खुलने हालात चिंताजनक हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि गेर पेडरसन का कहना है कि सीरिया से नया मोर्चा खुलने का सिर्फ खतरा नहीं है बल्कि यहां लड़ाई शुरू भी हो चुकी है।

### यूएन की अपील के बाद भी शरणार्थियों पर जुल्म कम नहीं, अफगानों को भगाने के लिए पाक ने बढ़ाई फोर्स



**काबुल।** पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सहित दुनियाभर के देशों के अनुरोध को ठुकराते हुए लाखों अफगान शरणार्थियों के निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लाखों अफगान शरणार्थियों का भविष्य अधर में है। अगर वे पाकिस्तान में रुकते हैं, तो उन्हें गिरफ्तारी का डर है। अगर अफगानिस्तान जाते हैं, जो वहां उनका न घर है, न काम काज, लिहाजा भुखमरी से मारे जाने का डर है। बहरहाल, सामूहिक निष्कासन की योजना को तेजी से पूरा करने के लिए पाकिस्तान ने सीमा पर जांच केंद्र और सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा दी है। वहीं, तालिबान ने पाकिस्तान से अफगानों पर क्रूरता बंद करने के लिए कहा है। तालिबान के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने पाकिस्तान की अंतरिम सरकार की आलोचना करते हुए लगभग धमकी भरे लहजे में कहा कि दशकों से पाकिस्तान में रह रहे अफगान मूल के लोगों को उनके घरों से बेदखल करने का पाकिस्तान का फैसला एकतरफा और क्रूरतापूर्ण है। पाकिस्तान को अपनी इस हरकत के नतीजों के बारे में भी सोचना चाहिए। पाकिस्तान में अफगान मूल के लोगों के घरों को तोड़ने और उनकी संपत्तियों पर कब्जा करने वालों से इतना ही कहेंगे कि कोई ऐसी भूल न करे, इसके नतीजे भुगतने होंगे। मुजाहिद ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुरोध किया कि पाकिस्तान को अफगानों पर अत्याचार करने से रोका जाए। अगर अफगानी मूल के लोगों को पाकिस्तान को निकालना भी है, तो उनके साथ सम्मान के साथ पेश आया जाए।

### अमेरिका ने इजराइल को 14.5 अरब डॉलर की सैन्य सहायता देने को मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने हमास के साथ युद्ध कर रहे इजराइल को 14.5 अरब डॉलर की सैन्य सहायता मुहैया करने को मंजूरी दी। यह मंजूरी हमास के साथ इस युद्ध में इजराइल के प्रति अमेरिका के व्यापक समर्थन को दर्शाती है, लेकिन इसके कारण सदन के नए स्पीकर माइक जॉनसन का दलगत रुख भी देखने को मिला जो डेमोक्रेटिक पार्टी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए सीधी चुनौती बन गया। जॉनसन ने तय नियमों से परे जाकर रिपब्लिकन पैकेज की वकालत की, जिसमें आपात सहायता देने के लिए अन्य सरकारी खर्चों में कमी करने की बात की गई है। इसने सदन में रिपब्लिकन पार्टी के नए रूढ़ीवादी नेतृत्व को स्थापित किया, लेकिन जिस विधेयक को आमतौर पर दोनों दल का समर्थन मिलने की संभावना थी, इस लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सांसद बंट गए। बाइडन ने कहा है कि वह विधेयक को लेकर वीटो का इस्तेमाल करुंगा। डेमोक्रेटिक पार्टी का कहना है कि रिपब्लिकन पैकेज से इजराइल को मदद पहुंचाने में देरी होगी।



# इजराइल ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल पर किया हमला, कई की मौत, नेतन्याहू का युद्धविराम से इनकार

**यरूशलम।**
इजराइल ने गाजा के बड़े अस्पताल अल-शिफा को निशाना बनाया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि इजराइली सेना ने पहले अस्पताल और फिर एंबुलेंस में घायलों को दूसरी जगह ले जाते समय उन पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा बमबारी में कई लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना की ओर से कहा गया है कि वह इसकी जांच कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कदरा ने कहा, हमने अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक रेड क्रॉस को इसकी सूचना दी है। हमास समर्थित टीवी चैनल अल-अक्सा ने पहले कहा था कि इस हमले के बहुत लोगों की जान गई है, लेकिन जो बयान जारी किया गया है, उसमें हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।



#### नेतन्याहू ने अस्थायी युद्धविराम से किया इनकार

वहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से कहा कि वह बंधकों की रिहाई के बिना आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध नहीं रोकेंगे। नेतन्याहू ने इजराइल द्वारा गाजा में ईंधन के प्रवेश की अनुमति देने की सभी रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया और कहा कि हम गाजा में ईंधन के प्रवेश की इजाजत नहीं देंगे। नेतन्याहू ने ब्लिंकन को बताया कि इजराइल अस्थायी युद्धविराम से इनकार करता है, जिसमें इजराइली बंधकों की रिहाई शामिल नहीं है। साथ ही इजराइल गाजा में ईंधन और धन भेजने का विरोध करता है।

टीवी पर संक्षिप्त संबोधन में नेतन्याहू ने वादा किया कि जल्द हमारी जीत होगी और पीढ़ियों तक इसकी जयकार होगी। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि इजराइल के दुश्मनों का लक्ष्य इस देश को मिटाना है, लेकिन वे इसमें कभी कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजराइल जीत हासिल करने तक नहीं रुकेगा।

#### इजराइल के साथ हमेशा खड़ा रहेगा अमेरिका: ब्लिंकन

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तेल अवीव में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात और एक बार फिर इजराइल को समर्थन की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्लिंकन ने कहा कि जब तक अमेरिका का समर्थन है, इजराइल कभी अकेला नहीं पड़ेगा। तेल अवीव में प्रेस वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्री ने इजराइल पर हमास के हमले की क्रूरता का भी जिक्र किया।

ब्लिंकन ने बताया कि उन्होंने गाजा में युद्ध के बीच मानवीय आधार पर संघर्ष रोकने की अमेरिका की मंशा के बारे में इजराइली नेतृत्व से बात की है। उन्होंने कहा कि इजराइली अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत में सवाल उठाए गए कि गाजा में ज्यादा से ज्यादा मानवीय सहायता पहुंचाने, बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और हमास को अस्थायी संघर्षविराम का फायदा उठाने से रोकने के उपयोग कैसे किए जा सकते हैं। ब्लिंकन ने कहा कि हमें फलस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। साथ ही इस बात को भी दोहराया कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है।

#### इजराइली सेना ने बढ़ाई गाजा की घेराबंदी

इजराइल-हमास युद्ध के बीच इजराइली सेना ने गाजा की चारों तरफ से सख्त घेराबंदी कर ली है। जबकि युद्ध में इजराइल के साथ खड़े अमेरिका ने सेना से घेराबंदी में ढील देने और मानवीय मदद के लिए युद्ध रोकने का दबाव बढ़ा दिया है। इसी क्रम में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजराइली नेताओं ने ताबड़तोड़ मुलाकातें कीं। इजराइल ने इसे आत्मरक्षा की लड़ाई कहते हुए युद्ध जारी रखा है। हमास व उसके इस्लामी जिहाद सहयोगी ने कहा कि उनके लड़ाकों ने गाजा में नष्ट हुई इमारतों-मलबों के ढेर के आसपास युद्ध में आगे बढ़ रहे सैनिकों के खिलाफ धमाके किए, ड्रोन से ग्रेनेड गिराए और मोर्टार और एंटी-टैंक रॉकेट दागे हैं। उधर, व्हाइट हाउस ने कहा है कि लड़ाई में कोई भी रुकावट अस्थायी व स्थानीय होनी चाहिए। उसने पूर्ण युद्धविराम की मांग खारिज की।

#### जर्मनी ने हमास पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

जर्मनी ने हमास की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए देश में यहूदी विरोधी विचारों को फैलाने के लिए फलस्तीन समर्थक समूह को भंग करने का आदेश दिया है। जर्मनी की गृह मंत्री नैंसी फेजर ने कहा, हमास के समर्थन में निकाली जाने वाली रैलियों और किसी भी तरह के हमास समर्थन गतिविधियों पर औपचारिक प्रतिबंध लागू कर दिया है।

# टाइम मैगजीन के कवर पेज पर बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना, बोलीं- मुझे सत्ता से बाहर करना मुश्किल



**ढाका।**
बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना टाइम मैगजीन के अगले अंक के कवर पेज पर दिखाई देंगी। शेख हसीना ने कहा कि उनकी सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर करना बेहद मुश्किल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेख हसीना ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे लोग मेरे साथ हैं। वही मेरी ताकत हैं। लोकतांत्रिक तरीके से मुझे सत्ता से बाहर करना आसान नहीं है। मुझे हटाने का एकमात्र विकल्प मुझे सत्ता से बेदखल करना है और मैं अपने लोगों के लिए मरने के लिए तैयार हूं। टाइम मैगजीन के नवंबर के अंक के कवर पेज पर शेख हसीना दिखाई देंगी। शेख हसीना साल 2009 से बांग्लादेश की पीएम हैं। उससे पहले वह 1996 से 2001 तक भी बांग्लादेश पीएम के पद पर रह चुकी हैं। शेख हसीना सबसे लंबे समय तक पीएम पद पर रहने वाली महिला हैं। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के उभार को रोकने और सेना को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रखना शेख हसीना की उपलब्धि है। चार्ली कैंपबेल ने लिखा कि वह मार्गरेट थैचर या इंदिरा गांधी से ज्यादा चुनाव जीत चुकी हैं और अब जनवरी में होने वाले आम चुनाव में भी वह दावेदारी पेश करने जा रही हैं। कवर स्टोरी के अनुसार, शेख हसीना पर 19 बार जानलेवा हमला हो चुका है और हाल ही में शेख हसीना की विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं, जिनमें सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन हिंसक झड़पों में कई लोग मारे गए हैं। बीएनपी की मांग है कि शेख हसीना कार्यवाहक सरकार को शासन देकर निष्पक्ष चुनाव कराए लेकिन शेख हसीना इसके लिए तैयार नहीं हैं। 17 करोड़ की आबादी वाले बांग्लादेश को एक जूट उत्पादक देश से एशिया प्रशांत क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में भी शेख हसीना का अहम योगदान माना जाता है। कवर स्टोरी का शीर्षक शेख हसीना एंड द फ्युचर ऑफ डेमोक्रेसी इन बांग्लादेश में आरोप लगाया गया है कि शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश में सरकार तानाशाही रुख अपना रही है। पिछले दो चुनावों की अमेरिका और यूरोपीय यूनियन ने भी आलोचना की है।

# हमास का दावा, इजराइली सेना ने गाजा में एक स्कूल को बनाया निशाना; हमले में 20 की मौत

**यरुशलम।**
इजराइल-हमास के बीच संघर्ष को करीब एक महीने होने जा रहा है। इसमें अभी तक साढ़े दस हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। फिर भी युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है। एक तरफ इजराइल ने आतंकियों को चुन-चुनकर खत्म करने की कसम खा ली है। इस बीच, हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने इजराइल पर उत्तरी गाजा में एक स्कूल को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीन में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार तड़के बताया कि उत्तरी गाजा के अल सफ्तावी इलाके में विस्थापित लोगों के लिए एक स्कूल को अस्थायी शिविर बनाया गया था, जिसपर इजराइली सेना ने हमला कर दिया। इस हमसे में 20 लोगों की जान चली गई। वहीं, दर्जन घायलों को गाजा के अल-शिफा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें, इससे पहले इजराइल ने गाजा के बड़े अस्पताल अल-शिफा को निशाना बनाया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया था कि इजराइली सेना ने पहले अस्पताल और फिर एंबुलेंस में घायलों को दूसरी जगह ले जाते समय उन पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा बमबारी में कई लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना की ओर से कहा गया है कि वह इसकी जांच कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कदरा ने कहा था कि हमने अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक रेड क्रॉस को इसकी सूचना दी है। हमास समर्थित टीवी चैनल अल-अक्सा ने पहले कहा था कि इस हमले के बहुत लोगों की जान गई है, लेकिन जो बयान जारी किया गया है, उसमें हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से कहा था कि वह बंधकों की रिहाई के बिना आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध नहीं रोकेंगे। नेतन्याहू ने इजराइल द्वारा गाजा में ईंधन के प्रवेश की अनुमति देने की सभी रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया था और कहा था कि हम गाजा में ईंधन के प्रवेश की इजाजत नहीं देंगे। नेतन्याहू ने ब्लिंकन को बताया था कि इजराइल अस्थायी युद्धविराम से इनकार करता है, जिसमें इजराइली बंधकों की रिहाई शामिल नहीं है।



# हिजबुल्लाह प्रमुख ने इजराइल को दी चेतावनी, कहा-अब लेबनान पर हमला करना, उनके इतिहास की सबसे बड़ी गलती

**बेरूत।**
इजराइल हमास के बीच युद्ध जारी है, जिसमें अब तक साढ़े 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह ने इजराइल को धमकाया है। हिजबुल्लाह प्रमुख ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यहूदी देश ने दोबारा लेबनान पर हमला किया तो यह उसकी मूर्खतापूर्ण गलती होगी। इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्ला ने कहा कि मैं इजराइल सरकार को साफ करना चाहता हूं कि यदि वह लेबनान के खिलाफ हमले का विचार कर रहे हैं तो यह उनके अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास की जीत सिर्फ फलस्तीनी नागरिकों की जीत होगी न कि ईरान या फिर मुस्लिम समुदाय की। उसने कहा कि युद्ध में हमास का साथ देना उसके संगठन का कर्तव्य है।



#### युद्ध में हिजबुल्लाह के 57 लड़ाके ढेर

इसके अलावा, हिजबुल्लाह प्रमुख ने अरब देशों से आग्रह किया है कि वे इजराइल के तेल निर्यात को रोक दें। प्रमुख का कहना है कि हम आठ अक्तूबर से लड़ाई में शामिल हैं। हमास के साथ इजराइल के खिलाफ हमारे लड़ाके लड़ रहे हैं। युद्ध में अब तक हमारे 57 लोगों की मौत हो चुकी है।

हालांकि, आईडीएफ प्रवक्ता, रियर एडमिरल डैनियल हगारी का कहना है कि हम बोलकर नहीं बल्कि अपनी सैन्य कार्रवाई से देंगे।

#### जानिए, क्या है हिजबुल्लाह

हिजबुल्ला एक शिया आतंकी संगठन है, जिसे ईरान समर्थन और सहयोग देता है। इसे 1975 से 90 तक चले लेबनान गृहयुद्ध की उपज माना जाता है। 1982 में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने इसकी स्थापना की। इसका लक्ष्य ईरान में हुई इस्लामी क्रांति दूसरे देशों में फैलाना और लेबनान में लड़ रही इजराइली सेना के खिलाफ एक संगठन खड़ा करना था।

#### हमले के यह तीन कारण

हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था। इजराइली सेना लगातार हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है और अतिक्रमण कर रही है। इजराइली सेना हमारी महिलाओं पर हमले कर रही है। हमास के प्रवक्ता गाजी हमाद ने अरब देशों से अपील है कि इजराइल के साथ अपने सभी रिश्तों को तोड़ दें। हमाद ने कहा कि इजराइल एक अच्छा पड़ोसी और शांत देश कभी नहीं हो सकता है।

### यूएन सलाहकार समिति में फिर से चुने गए अधाना

# भारतीय मिशन ने समर्थन के लिए सदस्य देशों का जताया आभार

**न्यूयॉर्क।**
वरिष्ठ भारतीय राजनयिक सुरेंद्र अधाना को 2024-26 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र के तहत स्थायी मिशन में प्रशासनिक और बजटीय प्रश्नों पर सलाहकार समिति (एसीएबीक्यू) में सेवा देने के लिए फिर से चुना गया है।


यह संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से चुने गए 21 सदस्यों की विशेषज्ञ समिति है। इसके सदस्य व्यक्तिगत क्षमता से काम करते हैं न कि सदस्य देशों के प्रतिनिधि के रूप में। इसका प्रमुख कार्य संयुक्त राष्ट्र महासचिव की ओर से महासभा को प्रस्तुत बजट की जांच एवं रिपोर्ट करना, महासभा को संदर्भित किसी भी प्रशासनिक एवं बजटीय मामले पर सलाह देना, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों की वित्तीय व्यवस्था के प्रस्तावों की जांच करना और संयुक्त राष्ट्र एवं उसकी एजेंसियों के खातों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना और महासभा को रिपोर्ट करना है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने एक्स पर कहा, सुरेंद्र अधाना एसीएबीक्यू समिति में फिर से चुने गए हैं। सभी सदस्य देशों को उनके समर्थन और विश्वास के लिए आभार।



#### भारतीय मिशन ने व्यक्त किया आभार

भारतीय मिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिर से चुना गया! भारत के उम्मीदवार, सुरेंद्र कुमार अधाना को 2024-26 की अवधि के लिए प्रशासनिक और बजटीय प्रश्नों पर सलाहकार समिति में सेवा देने के लिए फिर से चुना गया है। मिशन ने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उनके विश्वास और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

### पाकिस्तान के मियांवली एयरबेस पर हमला, गोलियों-बमों की आवाज से गूंजा पूरा इलाका, तीन आतंकी सक्रिय



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित मियांवली में सेना के एयरबेस पर शनिवार सुबह हमला हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ आतंकी अल-सुबह ही सीढ़ी लगाकर और तार काटकर एयरबेस की दीवार फांद गए। इस घटना से जुड़ी जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें एयरबेस में भीषण गोलीबारी और बमबारी के बाद आग लगी देखी जा सकती है। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एयरबेस पर छह आतंकियों ने हमला किया था। इनमें से तीन को पाकिस्तानी सेना ने मार गिराया। हालांकि, तीन आतंकी अभी भी बेस पर ही छिपे हैं, जिन्हें ढूंढने की कोशिश जारी है। इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन अपने आखिरी चरण में है। सेना ने बताया कि इस हमले में कुछ एयरक्राफ्ट को नुकसान पहुंचा है और उनमें ईंधन भरने वाले फ्यूलिंग टैंक ध्वस्त हो गए। आधिकारिक तौर पर किसी ने भी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि हमले में तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) संगठन के कई आत्मघाती हमलावर शामिल हैं। इस संगठन के प्रवक्ता मुल्ला मोहम्मद कासिम ने हमले को लेकर चेतावनी भी जारी की है।

# राज विस चुनाव : नौजवान हैरान, किसान परेशान, कानून व्यवस्था लहूलुहान, सरकार के अंदर घमासान : सुधांशु त्रिवेदी



**जयपुर ( हिंस )।** राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रदेश में पांच सालों के हालात पर तंज कसते हुए कहा कि नौजवान हैरान, किसान परेशान, कानून व्यवस्था लहूलुहान, सरकार के अंदर घमासान और किताबों में महाराणा प्रताप से ज्यादा अकबर महान इस तरह के हालात हैं। जब राजस्थान आना होता है तब एक आक्रोश उत्पन्न होता है। पिछले 5 वर्षों में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार की भरमार है, नारियों का सम्मान तार-तार है, तुष्टिकरण की भरमार है और इस दृश्य को देखकर वेदना होती है। कांग्रेस ने सत्ता पाने से पहले बेरोजगार नौजवानों को भत्ता देने की गारंटी दी थी, लेकिन गारंटी पूरी नहीं की। पेपर लीक की बात करें तो डेढ़ दर्जन बार पेपर लीक हुए, किसानों के लिए 2018 के चुनाव में राहुल गांधी का जो तेवर था, 10 तक की गिनती और कर्ज माफ लेकिन 5 साल हो गए हालात जस के तस हैं। राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी शनिवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कभी सांप्रदायिक सौहार्द का वातावरण ऐसा नहीं था। पहले कट्टरपंथियों का मनोबल इतना ऊंचा नहीं था जैसा कि अभी है। कानून व्यवस्था इतनी ध्वस्त नहीं थी जो इस समय दिखाई दे रही है। महिलाओं और दलितों पर अत्याचार में प्रदेश नंबर वन है। महिलाओं के प्रति तो इतनी भयंकर घटनाएं हुई है जिसे बयां करना भी मुश्किल है। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनी जिसने 3 करोड़ 40 लाख जन-धन खाते खोले जिसके माध्यम से 12000 करोड़ रुपए जमा हुए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख लाभार्थियों को लोन दिया गया जिसमें से 9 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 70,316 किलोमीटर की सड़कें बनी है जिसमें 15000 किलोमीटर से ज्यादा गावों को ढाणियों से जो ?ा गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 82 लाख से ज्यादा किसानों को 16000 करोड़ की राशि मिली। 42 लाख परिवारों के यहां नल से जल पहुंचाने का काम किया गया और पीएम आवास योजना के तहत 20 लाख आवास मिले। त्रिवेदी ने कहा कि जल जीवन मिशन में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार और घोटाले के मामले राजस्थान में सामने आ रहे हैं। 42 लाख परिवारों को जल की सप्लाई हुई है। महिलाओं के साथ अत्याचार की इतनी वीभत्स घटनाएं राजस्थान में देखने को मिली हैं किसी बहन को भट्टी में जला देना, किसी के साथ पुलिस के द्वारा बलात्कार किया जाता है, तो कहीं बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया जाता है। प्रदेश में भ्रष्टाचार को नई ऊंचाईयां मिल रही है। एक चोर के घर में बोरा भरके प्रॉपर्टी के कागजात मिले और यह चोरी एक ठेकेदार के घर में हुई थी जो कि सरकारी पैसे की चोरी का आरोपी है। आप देखिए कि सरकार किसकी है, यहां तो चोर और सरकार मौसेरे भाई हो गए। इतना ही नहीं कांग्रेस में भ्रष्टाचार अब एक नए डाइमेंशन में पहुंच रहा है जल जीवन मिशन में जो भ्रष्टाचार हुआ है उसको समाचार पत्रों की रिपोर्ट के अनुसार माने तो साफ-साफ कहा गया कि 18,800 करोड रुपए के टेंडर तो बगैर क्वालिटी की तसल्ली किए दे दिए गये। कांग्रेसी भ्रष्टाचार का डाइमेंशन इतना बड़ा है कि छत्तीसगढ़ में एक प्रकरण सामने आया है जिसमें मुख्यमंत्री को महादेव बैटिंग ऐप का पैसा मिल रहा है जो कि, जुए से आया हुआ पैसा है। इसमें यह आरोप भी लगा है कि ये पैसा ( यूएई ) से आया है। त्रिवेदी ने कहा कि राजस्थान में पीएफआई को प्रतिबंध से एक सप्ताह पहले रैली की अनुमति दी जाती है। यहां केवल मात्र सर तन से जुदा होने का नारा ही नहीं लगा बल्कि ऐसा कर भी दिया गया। कांग्रेस ने 2019 के चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि हम देशद्रोह कानून को हटा देंगे, लेकिन सबसे पहला प्रयोग भी कांग्रेस सरकार ने किया, और अपने विधायकों के खिलाफ ही उपयोग किया जो इनकी कथनी करनी में फर्क को दर्शाता है। त्रिवेदी ने कहा कि कुल मिलाकर राजस्थान में कांग्रेस सरकार के पांच साल के कामकाज को देखने पर हम पाएंगे कि दुख दर्द से सिसकती महिलाओं दलितों के शोषण वाली अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार का राजस्थान है।

## समाजसेवी नरेश जांगड़ा को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड अवार्ड से नवाजा



**हिसार ( हिंस )।** शहर के समाजसेवी फिजोथैरेपिस्ट नरेश जांगड़ा को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड अवार्ड से नवाजा गया है। नरेश जांगड़ा ने सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में लगभग 100 नि:शुल्क कैंप लगाए हैं। इस आधार पर उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, लिखित पत्र, मेडल बेज व शील्ड अवार्ड के रूप में मिले। नरेश जांगड़ा ने अपने जीवनकाल में अभी तक सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में लगभग 100 कैंप लगाकर 15 हजार मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया है। इसी आधार पर समाजसेवी नरेश को अवार्ड दिया गया है।

## केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा में गूंजे *जय श्रीराम* के नारे, जनता को दिया अयोध्या आने का न्यौता



**जयपुर ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को राजस्थान दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जयपुर में आयोजित राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के नामांकन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और जनता को संबोधित किया। मौर्य ने कहा कि जब यूपी में चुनाव आते हैं तो राज्यवर्धन सिंह यूपी में प्रचार करने आते हैं, आज मैं राजस्थान आया हूं। पार्टी ने मुझे स्टार प्रचारक जरूर बनाया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक तो हमारी मातृशक्ति है, हमारे बड़े बुजुर्ग हैं, हमारे नौजवान हैं। अपने भाषण के दौरान यूपी के डिप्टी सीएम ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश को अगर बचाना है तो कांग्रेस को हटाना होगा। इस देश में आतंकवाद है, भ्रष्टाचार है, बदमाशों का संरक्षण हो रहा है, तुष्टिकरण है, तो इन सबकी अम्मा कांग्रेस है। इसे लेकर कोई भ्रम मत रखना। 2014 तक की सरकार में इन्होंने 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया था। आज नरेंद्र मोदी के आने के बाद भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा रहा है। अगर आप राजस्थान को भी भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाना चाहते हैं तो 24 तारीख तक आपको परिश्रम करना है और फिर 25 तारीख को हर बूथ पर कमल खिलाना है। फिर दंगाइयों के खिलाफ ऐसे ही कार्रवाई होगी जैसी यूपी में हो रही है।

## पंजाब ने फूड प्रोसेसिंग और सहायक उद्योगों में 1225 करोड़ रुपए का निवेश किया हासिल

### अनमोल गगन मान ने दिल्ली में उद्योगपतियों के साथ की मुलाकात

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** राज्य में कारोबार करने को आसान बनाने के लिए उठाए गए अहम कदमों में, पंजाब ने नई दिल्ली में *वर्ल्ड फूड इंडिया 2023* समागम के दौरान फूड प्रोसेसिंग और सहायक उद्योगों में लगभग 1225 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया। नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में 3 से 5 नवंबर तक वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दूसरे एडिशन में हिस्सेदार राज्य के तौर पर पंजाब की मौजूदगी ने विश्व भर का ध्यान आकर्षित किया। इस इवेंट के उद्घाटन के अवसर पर निवेश प्रोत्साहन मंत्री अनमोल गगन मान ने इनवेस्ट पंजाब के सीईओडीपीएस खरबन्दा के साथ एचयूएल, सुपर टेस्टी बेकर, नवारा ( स्पेन ), एलयूएलयू ग्रुप ( यूएई ), डेनोन इंडिया, मारसेल अगसते ( फ्रांस ), विस्टा फूड्स ( ओएसआई ग्रुप कंपनी, यूएसए ) जैसी प्रोसेसिंग कंपनियों के सीईओ और सीनियर प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। इन मीटिंगों का उद्देश्य आपसी



सहयोग, विकास और लगातार विकसित हो रहे फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में महारत का आदान-प्रदान करना था। उद्योग जगत के दिग्गज इन मौकों के प्रति उत्साहित नजर आए और उन्होंने बेहतरीन कारोबारी माहौल मुहैया करवाने के लिए पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। अनमोल गगन मान ने राज्य में निवेश करने वाले सभी निवेशकों को पूर्ण सहयोग और सुविधा देने का भरोसा दिया। इस सहयोगी भावना ने विश्व स्तर पर फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में नवीनता, गुणवत्ता और खुशहाली के लिए एक केंद्र के तौर पर पंजाब की भूमिका को और मजबूत किया। अनमोल गगन मान ने बताया कि समागम के पहले दिन पंजाब को फूड प्रोसेसिंग और सहायक उद्योगों में लगभग 1225 करोड़ रुपए के नए निवेश प्राप्त हुए। इस अंतर्राष्ट्रीय मेगा फूड इवेंट का आयोजन फूड प्रोसेसिंग उद्योग मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सीनियर सरकारी प्रतिनिधि, निवेशक और प्रमुख विश्व स्तरीय और घरेलू एग्री- फूड कंपनियों के दिग्गज मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार और महिला अपराध में प्रदेश को नंबर वन बना दिया गहलोत ने : केंद्रीय मंत्री शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र के मैराथन दौरे पर रहे। उन्होंने सरदारपुरा, सूरसागर, लूणी और लोहावट में भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने गहलोत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि गहलोत के राज में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रही। गहलोत खुद अपनी कुर्सी बचाने में लगे रहे, जबकि मंत्री और विधायक आपस में आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त रहे। गहलोत ने प्रदेश को भ्रष्टाचार और महिला अपराध में नंबर वन बना दिया। शेखावत ने कहा कि गहलोत सरकार पूर्णतः विफल हुई है। चाहे किसानों के मुद्दे को लें, चाहे युवाओं और महिला सुरक्षा ले या फिर केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने की बात हो। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल हैं। उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे के कार्यकाल में प्रदेश विकास के मामलों में पूरे देश में ऊपर से पांचवें पायदान पर था। अब यह नीचे से पांचवें पायदान पर है। सरकार ने विकास करने की बजाय इसमें अवरोध बनने का काम किया है। सूरसागर में भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र जोशी की सभा में शेखावत ने कहा कि यह विधानसभा क्षेत्र भाजपा का अभेद्य किला है। इसकी दीवारों को अभेद्य ही बनाए रखना है। कार्यकर्ताओं को स्वयं को कमल का फूल समझकर चुनाव में कार्य करना है। यह ढलती हुई सूरज के समान सरकार है। इसे हराना आसान होगा। राजस्थान में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। यह संकल्प राजस्थान की जनता ने तय कर लिया है। लूणी में भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल को जिताने की अपील करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सरकार में कुर्सी में गहलोत का जीव पड़ गया, उस मोह निकालना होगा। इस मोह को दूर करना होगा। सरकार के नाम पर नोटंकी चल रही है। वाटों की महत्वाकांक्षा के नाम पर सांप्रदायिक ताकतों को शह दी जा रही है। राजस्थान के ताने बाने को छिन्न भिन्न किया जा रहा है। शेखावत ने लोहावट में भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह खींवसर के समर्थन में नामांकन सभा को संबोधित किया और कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार विफल रही है। यह सरकार पूरे 5 साल तक कुछ नहीं कर पाई और अब कांग्रेस के मुखिया गारंटी देते घूम रहे हैं, लेकिन उनकी खुद की गारंटी समाप्त हो चुकी है।

## वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर कर सकते हैं मतदान

**जोधपुर ( हिंस )।** विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए आगामी 25 नवंबर को होने वाले मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि यह पूरी तरह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 25 नवंबर को मतदान दिवस पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें। उन्होंने कहा कि पूरक सूची सहित मतदाता सूचियों का अंतिम रूप से प्रकाशन 7 नवंबर को किया जाएगा। इसमें शामिल सभी मतदाता वोट डाल सकेंगे। जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दिखाना होगा। गुप्ता ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक व डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## बस और कार की भीषण टक्कुर में चार की मौत

**डूंगरपुर ( हिंस )।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात गलत दिशा से जा रही एक कार तेज रफ्तार निजी बस से टकरा गई। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। एक्सीडेंट में एक युवक गंभीर घायल हो गया। सभी लोग गुजरात के शामलाजी के रहने वाले हैं। बिछीवाड़ा थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया की शुक्रवार देर रात एनएच-48 पर खजुरी की नाल में गलत दिशा से जा रही एक गुजरात नंबर की कार गुजरात से डूंगरपुर जा रही निजी बस से टकरा गई। टक्कुर इतनी भीषण थी की कार आगे के बोनट और ड्राइवर सीट तक परखच्चे उड़ गए। भीषण हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे शवों को कड़ी मशक्कुत के बाहर निकाला गया। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया की घायल हिरेन भाई (40) पुत्र कमलेश भाई, निवासी गेड ईसरी गुजरात को डूंगरपुर अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। वहीं चारों मृतकों को पहचान सतीश भाई (25) पुत्र कावजी भाई भगोरा, निवासी वेणपुर शामलाजी, अंकित निनामा (25) पुत्र चिमन भाई निनामा, निवासी वेणपुर शामलाजी, रवि (23) पुत्र कस्तूर भाई निनामा, निवासी खारी शामलाजी गुजरात, कौशिक (21) पुत्र अशोक कुमार, निवासी कुनल रेंडलावाडा, थाना ईसरी गुजरात के रूप में की गई है।

## दिवाली और छठ पूजा पर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जोधपुर ( हिंस )।** दीपावली और छठ पूजा पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए भगत की कोठी-दानापुर-भगत की कोठी ( चार ट्रिप ) स्पेशल रेलसेवा का आठ नवंबर से संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04811 भगत की कोठी-दानापुर स्पेशल रेलसेवा आठ से 29 नवंबर तक ( चार ट्रिप ) प्रत्येक बुधवार को भगत की कोठी से 17.20 बजे रवाना होकर अगले दिन गुरुवार को 16.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04812 दानापुर-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा नौ से 30 नवंबर तक ( चार ट्रिप ) प्रत्येक गुरुवार को दानापुर से 18.45 बजे रवाना होकर अगले दिन शुक्रवार को 23.15 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जोधपुर, गोटन, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 द्वितीय शयनयान श्रेणी, आठ साधारण श्रेणी और दो गार्ड डिब्बों सहित 20 कोच होंगे।

## सरकार ने पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया : बनवारी लाल

**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा सरकार के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार गरीब के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। मंत्री डॉ. बनवारी लाल शनिवार को फरीदाबाद जिला में पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव अटाली, हीरापुर, जवा और सागरपुर गांव में जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। जन संवाद कार्यक्रमों में एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद, डीसीपी राजेश कुमार, बीजेपी प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, तहसीलदार भुमिका लांबा, बीडीपीओ अजीत सिंह, चेयरमैन पंचायत समिति चन्द्र पाल, सरपंच नफेसिह, सरपंच प्रीति रानी सहित सभी विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आतंकवादियों के हमले में मारे गए पुलिसकर्मी के परिवार को जल्द मुआवजा और नौकरी प्रदान की जाए : महबूबा मुफ्ती

**जम्मू ( हिंस )।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को मांग की कि बारामूला जिले में आतंकवादियों द्वारा मारे गए पुलिसकर्मी के परिवार को जल्द मुआवजा और नौकरी प्रदान की जाए। उन्होंने पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद डार की हत्या की निंदा की। गौरतलब है कि 31 अक्तूबर को बारामूला जिले के वेलू में उनके घर के बाहर आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि हम इसकी निंदा करते हैं हम इसकी निंदा करने के अलावा और क्या कर सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने शनिवार को डार के परिवार के सदस्यों से उनके आवास पर मुलाकात के बाद यह बात कही। महबूबा ने कहा कि डार एक ईमानदार व्यक्ति थे और अपने पीछे पत्नी और सात बेटियां छोड़ गए हैं। परिवार में अब कोई पुरुष सदस्य नहीं है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से डार के परिवार के एसआरओ 43 मामले में तेजी लाने और उनकी एक बेटी को नागरिक प्रशासन में नौकरी प्रदान करने का अनुरोध किया। पीडीपी प्रमुख ने उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन से आग्रह किया कि डार के परिवार को भी जल्द मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## ब्राह्मण समाज ने नहीं किया कांग्रेस पार्टी का समर्थन : अशोक शर्मा



**फरीदाबाद ( हिंस )।** ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने शनिवार को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि ब्राह्मण समाज ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों ने यह बयान दिया है, जो कि पहले से ही किसी पार्टी विशेष से जुड़े हुए हैं। उनका अपना राजनीतिक उद्देश्य हो सकता हैं। इससे संपूर्ण ब्राह्मण समाज को कोई लेना देना नहीं है। यह चुनिंदा लोगों का निजी निर्णय हो सकता है। ब्राह्मण समाज ने अभी तक किसी पार्टी के समर्थन का कोई भी फैसला नहीं किया है। चुनाव में ब्राह्मण समाज किस पार्टी को समर्थन करेगा, यह समाज के अग्रणी लोगों की सामूहिक बैठक में तय किया जाएगा। खाप प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने भूपेंद्र हुड्डा के उस बयान का भी विरोध किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार आने पर ब्राह्मण समाज सहित 4 बिरादरी के उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि यदि भूपेंद्र हुड्डा ब्राह्मण समाज का सम्मान करते हैं तो उनको ब्राह्मण समाज को मुख्यमंत्री पद देने की घोषणा करनी चाहिए थी। यह समाज को बरगलाने की साजिश है। ब्राह्मण समाज जागरूक है, अपने राजनीतिक निर्णय समय आने पर लेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपील की कि ब्राह्मण समाज को उनकी समाज में हिस्सेदारी के हिसाब से भागीदारी सुनिश्चित करके सम्मान दें।

## गुरुद्वारों पर बीजेपी की कार्यकर्ता की टिप्पणी से सिखों में रोष

**कैथल ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी की अलवर में हुई सभा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता संदीप दाईमां के गुरुद्वारों पर की गई टिप्पणी के विरोध में शनिवार को गुरुद्वारा नीम साहब में सिख संगत में बैठक कर रोष जताया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य अवतार सिंह चक्कू की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सिख समाज के मौजिज लोगों ने डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी भेजा। बैठक में बोलते हुए अवतार सिंह चक्कू ने कहा कि संदीप दाईमा ने दो नवंबर को अलवर में हुई सभा के दौरान कहा था कि गुरुद्वारा हिंदू धर्म के लिए नासूर बन गए हैं। इनको उखाड़ फेंकना चाहिए। उसकी टिप्पणी से पूरे विश्व के सिख समाज में भारी रोष है। सिख समाज राष्ट्रपति से अनुरोध करता है कि ऐसे शरारती तत्वों को सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। संदीप दाईमा के खिलाफ धारा 295 ए के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए, ताकि कोई दूसरा ऐसी बयान बाजी करने का साहस न कर सके। जिससे सिखों की आस्था को ठेस न पहुंचे। सिख समाज चाहता है कि राष्ट्रपति राजस्थान प्रशासन को आदेश दें कि उसके खिलाफ तुरंत मामला दर्ज किया जाए। इसके बाद सिख समाज के लोगों ने डीसी को ज्ञापन दिया। बैठक में हरियाणा से गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व उप प्रधान बलदेव सिंह बल्ली, अवतार सिंह चक्कू, गुरचरण सिहं ऊमेद पुर, महिन्द्रा सिंह, बलविन्द्र सिंह कैथल, जीवन सिंह कैथल, बलविंदर सिंह समाना, केवल सिंह कैथल, केवल सिंह कैथल, सुखचैन सिंह कैथल व रिछपाल सिंह चक्कू ने हिस्सा लिया।



# धनतेरस पर गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में से कौन-सा गोल्ड खरीदें किसमें मिलेगा ज्यादा रिटर्न का फायदा

**नई दिल्ली।**
आज हम फिजिकल गोल्ड के साथ डिजिटल गोल्ड में भी निवेश कर सकते हैं। फेस्टिव सीजन 2023 की शुरुआत हो चुकी है। कुछ दिनों के बाद पूरा भारत दीपों से जगमगा जाएगा। ऐसे में दीपावली से पहले धनतेरस पर लोग गोल्ड खरीदना पसंद करते हैं।

कई लोग फिजिकल गोल्ड खरीदना पसंद करते हैं तो वहीं कई डिजिटल गोल्ड। जो लोग डिजिटल गोल्ड खरीदते हैं वो गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के बीच कंफ्यूज हो जाते हैं कि इनमें से कौन-सा गोल्ड खरीदना बेस्ट होगा। आज हम आपको बताएंगे कि इन दोनों गोल्ड में से ज्यादा का लाभ किसमें मिलता है।

### फिजिकल गोल्ड से डिजिटल गोल्ड बेहतर

वर्ष 2007 में गोल्ड ईटीएफ का शुरुआत हुई है। कोविड-19 में बाद सबसे ज्यादा निवेश इसमें किया जाने लगा। जनवरी 2020 में ईटीएफ निवेशकों की संख्या 4.61 लाख हो गए थे। वहीं, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सरकार द्वारा जारी किया जाता है। इसमें निवेशक को बादार में गोल्ड की कीमतों के आधार पर रिटर्न मिलता है। लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए ईटीएफ और एसजीबी दोनों बेहतर हैं। डिजिटल गोल्ड आने के बाद फिजिकल गोल्ड की खरीद में हल्की गिरावट देखने को मिली है। इसकी वजह है कि फिजिकल गोल्ड को मैंटेन करने के लिए अतिरिक्त राशि लगती है। वहीं, उसके खो जाने या चोरी होने का डर बना रहता है। ऐसे में फिजिकल गोल्ड को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है। कई लोगों के मन में सवाल होता है कि आखिर ईटीएफ और एसजीबी मेंसे किसमें निवेश करना चाहिए और इनमें क्या अंतर होता है।

### ईटीएफ और एसजीबी में से किसमें करना चाहिए निवेश

ईटीएफ के मुकाबले एसजीबी में निवेश करने पर ज्यादा रिटर्न मिलता है। दरअसल, एसजीबी में सालाना 2.5 फीसदी का ब्याज दर मिलता है। वहीं, इस बॉन्ड को मैच्योरिटी तक रखने पर किसी भी प्रकार का कोई टैक्स का भुगतान नहीं करना होता है। आपको बता दें कि एसजीबी को आप फिजिकल गोल्ड में नहीं बदल सकते हैं। वहीं, एसजीबी में आप 8 साल तक निवेश कर सकते हैं। आप 5 साल तक निवेश करते हैं तभी टैक्स बेनिफिट का लाभ मिलेगा।

जिन निवेशकों के पास डीमेट अकाउंट नहीं है वह इन दोनों में निवेश नहीं कर सकते हैं। आप गोल्ड फंड ऑफ फंड्स के जरिए भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश कर सकते हैं। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने की कोई सीमा नहीं है। अगर आप लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना चाहते हैं तो गोल्ड ईटीएफ काफी अच्छा ऑप्शन है।

## न्यूज ब्रीफ

### सितंबर तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा 8 प्रतिशत बढ़कर 14330 करोड़ रुपये हुआ, एनआईआई में भी वृद्धि




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 14,330 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), अर्जित ब्याज और खर्च किए गए ब्याज के बीच का अंतर, सालाना आधार पर 12 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 39,500 करोड़ रुपये हो गया। यह पूर्व के अनुमान 38,500 करोड़ रुपये से अधिक है। सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 26.4 प्रतिशत बढ़कर 1.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 28.4 प्रतिशत बढ़कर 4,253 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 32,033 करोड़ रुपये रही। इस दौरान शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), अर्जित ब्याज और खर्च किए गए ब्याज के बीच का अंतर, सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत बढ़कर 10,831 करोड़ रुपये हो गया। एडटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजूस का राजस्व मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में एक साल पहले की तुलना में 2.3 गुना बढ़कर 3,569 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। परिणाम बायजू के मुख्य व्यवसाय संचालन के हैं और इसमें आकाश एजुकेशनल सर्विसेज, व्हाइटहैट जूनियर और अन्य अधिग्रहण शामिल नहीं हैं। कंपनी के एक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 22 में ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन आधारित मुख्य व्यवसाय का नुकसान 2406 करोड़ रुपये से घटकर 2253 करोड़ रुपये रह गया।

### अमेजन-माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां सरकार को हर साल लगा रहीं तीन हजार करोड़ की चपत




**नई दिल्ली।** अमेजन व माइक्रोसॉफ्ट जैसी विदेशी कंपनियां अवैध तरीके से ग्राहकों के एसएमएस भेजकर केंद्र सरकार व दूरसंचार कंपनियों को सालाना 3,000 करोड़ रुपये का चूना लगा रही हैं। इस मामले में तीन भारतीय दूरसंचार कंपनियों एयरटेल, वोडाफोन आइडिया व जियो का प्रतिनिधित्व करने वाले समूह ने सरकार से शिकायत की है। सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल को लिखे पत्र में कहा, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट ग्राहकों को एसएमएस भेजने के लिए वॉट्सएप, टेलीग्राम व अन्य अनियमित प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रही हैं। ये कंपनियां कानूनी रास्ते से एसएमएस भेजने से बच रही हैं। यह न केवल लाइसेंसिंग व सुरक्षा मानदंडों का घोर उल्लंघन है, बल्कि इससे सरकारी खजाने और विदेशी मुद्रा आय का भी नुकसान हो रहा है। फॉर्च्यून-500 कंपनियां ओटीपी के जरिये प्रचार के लिए वॉट्सएप जैसे अंतरराष्ट्रीय ए2पी (व्यक्ति के लिए एप्लिकेशन) चैनलों का इस्तेमाल करती है। सीओएआई ने कहा, अगर इस प्रथा पर अंकुश नहीं लग तो यह ग्रे व अनियंत्रित तरीकों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित कर सकता है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा पैदा हो सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 में भारत की दूरसंचार कंपनियों के लिए कारोबारी एसएमएस का आकार 2,500 करोड़ रुपये का था। वॉट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म से संदेश भेजने पर कंपनियों को बड़ा नुकसान हो सकता है। पत्र में केंद्र से वॉट्सएप और टेलीग्राम को कारोबारी एसएमएस के लिए एक अवैध मंच घोषित करने की मांग की गई है।
4.5 रुपये तक शुल्क

### मप्र और महाराष्ट्र में पेट्रोल सस्ता, यूपी में महंगा

**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 2 फीसदी की गिरावट के



साथ 80.89 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 85.23 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, क्रूड में आई इस गिरावट का पेट्रोल और डीजल के दामों पर कोई असर देखने को नहीं मिला है, लेकिन कुछ राज्यों व शहरों में ईंधन के दाम में मामूली कटौती और बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में पेट्रोल 0.25 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में 0.23 पैसे प्रति लीटर सस्ता बिक रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश में पेट्रोल के दाम में 0.21 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में भी पेट्रोल 0.63 पैसे महंगा होकर 101.46 रुपए प्रति लीटर के भाव पर बिक रहा है।

28 की उम्र तक पहला क्रेडिट कार्ड लेते हैं भारतीय

# 64 प्रतिशत कार्ड होल्डर्स 30 साल के पहले खरीदते हैं पहला क्रेडिट प्रोडक्ट

**नई दिल्ली।**
देश में बढ़ते इकोनॉमिक इन्क्लूजन ने लोगों के लिए लोन और दूसरे क्रेडिट सपोर्ट लेना आसान बना दिया है। इंस्टेंट जरूरतों के लिए पर्सनल लोन से लेकर गाड़ी और घर खरीदने तक के लिए भारतीय लोन को एक बेहतर ऑप्शन के रूप में देख रहे हैं।

औसत भारतीय अपना क्रेडिट कार्ड 28 साल की उम्र तक लेते हैं। इनमें 57 प्रतिशत लोग 30 साल और 24 प्रतिशत 25 साल की उम्र के पहले क्रेडिट कार्ड ले लेते हैं। वहीं 53 प्रतिशत भारतीय पहला पर्सनल लोन 30 साल की उम्र से पहले ले लेते हैं। इनमें 22 प्रतिशत ऐसे हैं, जिनकी उम्र 25 साल से कम है।




### 64 प्रतिशत कार्ड होल्डर्स 30 साल के पहले खरीदते हैं पहला क्रेडिट प्रोडक्ट

क्रेडिट कार्ड लेने वालों में 64 प्रतिशत ऐसे हैं, जिन्होंने 30 साल की उम्र के पहले अपना क्रेडिट प्रोडक्ट खरीद लिया है। इनमें 37 प्रतिशत 25 साल से कम उम्र के हैं। इसमें 24 प्रतिशत कंज्यूमर 25 साल से कम उम्र के होते हैं। पैसा बाजार की स्टडी में यह जानकारी मिली है।

### 33 साल की उम्र में होम लोन ले रहे हैं भारतीय

फाइनेंस कंपनी ने 3.7 करोड़ क्रेडिट कार्ड यूजर्स पर यह स्टडी की है। देश में पहली बार होम लोन लेने वालों में 45 प्रतिशत ऐसे हैं, जिनकी उम्र 30 से 40 साल के बीच है। हालांकि, इनकी औसत उम्र 33 साल होती है। 30 साल औसत उम्र वाले कंज्यूमर्स 2 क्रेडिट कार्ड और 1 पर्सनल लोन ज्यादा ले रहे हैं। स्टडी से पता चला है कि क्रेडिट स्कोर चेक करने वाले लोगों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। पैसा बाजार के प्लेटफॉर्म पर 30 से 40 साल से कम उम्र के 52 प्रतिशत लोगों ने अपना क्रेडिट स्कोर चेक किया है। वहीं 30 साल से कम उम्र के 14 प्रतिशत लोग ऐसा करते हैं।

### बेंगलुरु सबसे ज्यादा क्रेडिट-हेल्दी शहर

स्टडी में क्रेडिट हेल्थ के मामले में देश के शहरों की रैंकिंग भी की गई है। इसमें टॉप पर बेंगलुरु है। इसके बाद सबसे ज्यादा क्रेडिट-हेल्दी शहर अहमदाबाद, मुंबई, पुणे, चेन्नई, दिल्ली हैदराबाद, कोलकाता, सूरत और कोयंबटूर हैं। क्रेडिट स्कोर 300 से 900 तक का एक पैमाना होता है, जिसे देखकर लोन या क्रेडिट देने वाली संस्था यह तय करती है कि आपको लोन दिया जाना चाहिए या नहीं। अगर आपका क्रेडिट स्कोर 770 से ज्यादा है, तो इसे हेल्दी माना जाएगा। देश में सैलरीड यूजर्स का क्रेडिट स्कोर 770 है।

### क्रेडिट कार्ड यूजर्स में महिलाएं सिर्फ 12 प्रतिशत

रिसर्च में पुरुष और महिला कंज्यूमर्स के क्रेडिट हेल्थ में कोई विशेष अंतर नहीं मिला। जहां 20 प्रतिशत पुरुष उपभोक्ताओं का क्रेडिट स्कोर अच्छा है, वहीं 19 प्रतिशत महिला यूजर्स के क्रेडिट स्कोर भी हेल्दी की कैटेगरी में हैं। हालांकि बड़ी बात यह है कि टोटल कार्ड यूजर बेस में 88 प्रतिशत पुरुष हैं, जबकि महिलाओं की संख्या केवल 12 प्रतिशत है।

### त्योहारों पर कीमतों को नियंत्रित करने की कवायद, बफर स्टॉक से एक लाख टन प्याज बेचेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली ।** त्योहारी सीजन में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने नवंबर में खुदरा बाजारों में अपने बफर स्टॉक से एक लाख टन प्याज जारी करने की घोषणा की है। इसी के तहत 100 से अधिक शहरों के लिए प्याज जारी करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार ने कहा, सरकारी हस्तक्षेप के कारण कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, इंदौर, भोपाल, रायपुर, रांची, जयपुर और कोटासहित कई शहरों में प्याज की कीमत कम हो गई है। दिल्ली व आसपास के इलाकों में प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) ने कहा, वह दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के अलावा जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक सभी राज्यों में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती भाव पर प्याज बेचेगा। इसका मकसद उपभोक्ताओं को प्याज की ऊंची कीमतों से राहत दिलाना है। केंद्र सरकार की ओर से एनसीसीएफ ने 9 सितंबर से दिल्ली और उसके आसपास 100 विभिन्न स्थानों पर रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की है। सहकारी संस्थान ने पिछले दो सप्ताह से श्रीनगर, जयपुर, वाराणसी और दिल्ली-एनसीआर में पेटीएम, मैजिकपिन और मायस्टोर के जरिये ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) मंच पर ऑनलाइन प्याज बेच रहा है। अब तक 416 वैन चल रही हैं और खुदरा बाजारों में 2,219.61 टन प्याज बेचे जा चुके हैं। एनसीसीएफ चालू वर्ष के लिए सरकार के 5 लाख टन के बफर स्टॉक से प्याज बेच रहा है।

# मुकेश अंबानी से मांग रहा था 400 करोड़ रुपये की फिरौती, पुलिस ने तेलंगाना से दबोचा



**मुंबई।**
दिग्गज कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को ईमेल के जरिए लगातार धमकी देने के मामले में एक आरोपी को तेलंगाना से गिरफ्तार कर लिया गया है। आज सुबह ही मुंबई पुलिस ने बताया था कि अंबानी को एक बार फिर धमकी भरे ईमेल मिले हैं। यह धमकी किसी ओर ने नहीं बल्कि उसी अज्ञात शख्स की ओर से भेजे गए थे, जिसने पहले ईमेल भेजकर 400 करोड़ रुपये की मांग की थी। आखिरकार पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी पर शिकंजा कस लिया है। गामदेवी पुलिस का कहना है कि एक आरोपी को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान गणेश रमेश वनपारधी के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां उसे आठ नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि 31 अक्तूबर और एक नवंबर के बीच दो धमकी भरे ईमेल मिले हैं। साथ ही इसमें पहले भेजे गए मेलों को नजरअंदाज करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

### पहले 20 फिर 200 और अब

गौरतलब है, 26 अक्तूबर को सबसे पहले धमकी भरा ईमेल मिला था। इसमें धमकी देने वाले ने 20 करोड़ रुपयों की मांग की थी। बाद में कीमत बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी थी। साथ ही रुपये न देने पर मुकेश अंबानी को गोली मारने की बात कही थी। इतना ही नहीं, फिर तीसरे ईमेल में 400 करोड़ रुपये की मांग की।

अंबानी की आधिकारिक आईडी पर भेजे गए तीसरे ईमेल में लिखा था, आपकी सुरक्षा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, हम फिर भी आपको मार सकते हैं। इस बार यह कीमत 400 करोड़ रुपये है और पुलिस मुझे ट्रैक और गिरफ्तार नहीं कर सकती।

### बीते साल भी मिली थी धमकी

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब मुकेश अंबानी को इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले, बीते साल मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी मिली थी। तब मुंबई पुलिस ने कॉल करके धमकी देने के आरोप में बिहार के दरभंगा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने मुंबई के सर एच एन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

# भारत का बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 2.58 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**
भारतीय रिजर्व बैंक के रिपोर्ट के अनुसार 27 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.579 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 586.111 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल भंडार 2.363 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 583.532 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था।



### विदेशी संपत्ति में बढ़त

अक्टूबर 2021 में देश की विदेशी मुद्रा निधि 645 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, पिछले साल से वैश्विक विकास के कारण दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की रक्षा के लिए विदेशी मुद्रा भंडार को तैनात किया था, जिससे रिजर्व पर असर पड़ा। आरबीआई द्वारा जारी साप्ताहिक सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार 27 अक्टूबर 2023 को समाप्त हफ्ते के लिए, विदेशी मुद्रा संपत्ति का एक प्रमुख घटक, 2.303 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 514.504 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की सराहना या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 17.91 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गए। वहीं, केंद्रीय बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति 208 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.773 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्राओं में आरक्षित पर रखी गई संपत्ति है। इन भंडारों का इस्तेमाल देनदारियों को चुकाने और मौद्रिक नीति को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार में बैंक नोट, जमा, बांड, ट्रेजरी बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियां शामिल हो सकती हैं।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी तेजी रही, सेंसेक्स बढ़त के साथ 64,363.78 और 19230.60 पर बंद

**मुंबई ।**
वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बीते कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में लगभग आधा फीसदी की तेजी दर्ज की गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी तेजी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह शेयर बाजार में पांच कारोबारी दिनों में से चार दिन तेजी और एक दिन गिरावट रही। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो बैंकिंग, वित्तीय और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बेंचमार्क शेयर सूचकांक सोमवार को एक महीने से अधिक समय के सबसे खराब सप्ताह के बाद गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई सेंसेक्स 168 अंक की गिरावट के साथ 63,614 पर खुला और 329.85 अंकों की बढ़त के साथ 64,112.65 पर बंद हुआ।




वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 43 अंकों की तेजी के साथ 19,003 पर खुला और 93.66 अंकों की मजबूती के साथ 19,140.90 पर बंद हुआ। कारोबारी हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को सेंसेक्स 217 अंकों के उछाल के साथ 64,311 पर खुला और 237.72 अंकों की गिरावट के साथ 63,874.93 पर बंद हुआ। निफ्टी 0.52 फीसदी के बढ़ोतरी के साथ 19,181 पर खुला और 61.31 अंक फिसलकर 19,079.60 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 143 अंक की गिरावट के साथ 63,731 पर खुला और 283.60 अंकों की गिरावट के साथ 63,591.33 पर बंद हुआ।

निफ्टी 26 अंकों की तेजी के साथ 19,053 पर खुला और 90.45 अंक फिसलकर 18,989.15 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार दो दिन की बिकवाली के बाद मजबूती दिखी। सेंसेक्स 539.40 अंकों की बढ़त के साथ 64,130.73 पर खुला और 489.57 अंकों की बढ़त के साथ 64,080.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 165.65 अंक चढ़कर 19,154.80 पर खुला और 144.10 अंकों की बढ़त के साथ 19,133.25 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 331 अंकों के उछाल के साथ 64,420 पर खुला और 282.88 अंक (0.44 फीसदी) की बढ़त के साथ 64,363.78 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 0.55 फीसदी के बढ़त के साथ 19,241 पर खुला और 97.35 अंक (0.51 फीसदी) की बढ़त के साथ 19230.60 के स्तर पर बंद हुआ।

# दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा भारतीय विमानन उद्योग, बोइंग इंडिया के अध्यक्ष ने गिनाए कारण

**नई दिल्ली ।**
एयरोस्पेस प्रमुख बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि भारत में एयरलाइन क्षेत्र दुनिया की तुलना में तेजी से विकास कर रहा है, पिछले कुछ वर्षों में लगभग 6.97 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर हुई है। गुप्ते ने इस बात पर जोर दिया कि एयरलाइन उद्योग में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह देश की मजबूत जीडीपी वृद्धि से संबंधित है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था दुनियाभर के प्रमुख देशों में सबसे मजबूत में से एक बन जाएगी। भारत का एयरलाइन क्षेत्र दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला एयरलाइन क्षेत्र है। पिछले कुछ वर्षों में इसमें लगभग 6.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह उस स्तर पर बढ़ता रहेगा क्योंकि यह जीडीपी वृद्धि के साथ-साथ बढ़ता है। मेक इन इंडिया एक पहल है जिसे निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने, सर्वोत्तम श्रेणी के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 25 सितंबर 2014 को शुरू किया गया था। यह अद्वितीय वोकल फॉर लोकल पहलों में से एक है जिसने भारत के विनिर्माण क्षेत्र को दुनिया भर में



बढ़ावा दिया। डीजीसीए एयर इंडिया के खिलाफ पूर्व पायलट की शिकायत की होगी जांच इधर, सूत्रों के अनुसार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डीजीसीए एक पूर्व वरिष्ठ पायलट द्वारा एयर इंडिया के खिलाफ दायर की गई शिकायत पर गौर करेंगे, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की आवश्यक प्रणाली के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमानों का संचालन किया। पायलट, जिसने बी777 कमांडर के रूप में काम किया था, उसने 29 अक्तूबर को मंत्रालय और डीजीसीए को इस अभ्यास के बारे में शिकायत की थी। पायलट ने शिकायत में कहा कि एयर इंडिया पट्टे पर लिए गए बी777 विमानों के साथ उड़ानें संचालित कर रही है, जिसमें रासायनिक रूप से उत्पन्न ऑक्सीजन प्रणाली होती है जो लगभग 12 मिनट तक चलती है, और इसलिए इसका उपयोग सैन फ्रांसिस्को से आने-जाने वाली एयरलाइन की सीधी उड़ानों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) एयर इंडिया के खिलाफ शिकायत की जांच करेंगे। संबंधित मामला बहुआयामी है और इसकी जांच एयर इंडिया और बाहरी विशेषज्ञों द्वारा पहले ही की जा चुकी है। हम इस विशिष्ट मामले पर कोई भी टिप्पणी करने से बचेंगे लेकिन हम दोहराना चाहते हैं कि हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने इस पर कोई समझौता नहीं है।

### पंजाब एंड सिंध बैंक ने सितंबर तिमाही के नतीजों में मुनाफे में आई कमी, बैंक के नेट प्रॉफिट में 32 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** पंजाब एंड सिंध बैंक की ओर से शुक्रवार को सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए गए हैं। इस तिमाही बैंक का नेट प्रॉफिट 32 फीसदी की गिरावट के साथ 189 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की। एक साल पहले की समान अवधि में बैंक ने 278 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। पंजाब एंड सिंध बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 2,674 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023 की इसी अवधि में 2,120 करोड़ रुपये थी। सितंबर के अंत में बैंक की सकल एनपीए घटकर 6.23 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.67 प्रतिशत थी। दिल्ली मुख्यालय वाले बैंक का सकल एनपीए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत तक 5,106 करोड़ रुपये था, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 7,128 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में नेट एनपीए भी 2.24 प्रतिशत से घटकर 1.88 प्रतिशत पर आ गया। जुलाई- सितंबर तिमाही के दौरान बैंक का अनुपात एक साल पहले के 89.16 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 88.54 प्रतिशत हो गया।

# आराध्या बच्चन ने खुलकर की माँ ऐश्वर्या की तारीफ

## -पहली बार मीडिया के सामने खुलकर बोली आराध्या

**मुंबई (ईएमएस)।** कैंसर रोगियों के वेलफेयर के लिए आयोजित कार्यक्रम में बालीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपना 50 वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या बच्चन और मां वृंदा राय के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं। इस मौके पर आराध्या बच्चन ने मॉम ऐश्वर्या की मीडिया के सामने जमकर तारीफ की। आराध्या ने सबके सामने माइक में बोलते हुए सबको चौंका दिया। आराध्या ने जो कुछ भी कहा, उससे ऐश्वर्या की आंखें फंटी की फटी रह गईं। वह हैरान थीं और फिर उन्होंने गर्व के साथ बेटी के सामने अपना सिर झुकाया। ऐश्वर्या ने कहा कि आराध्या ने जो कुछ भी बोला है, उस्-ाकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी। उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि बेटी इस तरह गर्व से सीना चौड़ा करने वाली बातें करेगी। वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। स्पीच में आराध्या ने मॉम ऐश्वर्या को लेकर कहा, मुझे लगता है कि मेरी प्यारी, मेरी जिंदगी, मेरी मां जो कर रही हैं, वह वास्तव में महत्वपूर्ण और वास्तव में अद्भुत है। यह वास्तव में समृद्ध और संतुष्टिदायक है। यह दुनिया की मदद कर रहा है। हम सबकी मदद कर रहा है। और मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि आप जो कर रहे हैं वह वास्तव में अविश्वसनीय है। दरअसल, एक्ट्रेस अपनी मां और बेटी आराध्या बच्चन के साथ खास मकसद से आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। सफेद चिकनकारी सलवार सूट पहने ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हमेशा मीडिया से दूरी बनाए रखने वालीं आराध्या ने पहली बार सबके सामने बात की।



# रजनीकांत के फैन ने बना डाला थलाइवा का मंदिर

## -स्थापित की मंदिर में 250 किलो की मूर्ति

**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के सुपर स्टार रजनीकांत के एक जबरा फैन ने घर में थलाइवा का मंदिर बनवा दिया है। उसने कहा कि वो उन्हें भगवान की तरह मानता है। अब रजनीकांत को लेकर सामने आई इस खबर से सभी शॉक्ड हैं लेकिन ये सच बात है। मामला तमिलनाडु के मदुरै का है। मंदिर की एक और खास बात ये है कि इसमें एक्टर की 250 किलो की मूर्ति भी स्थापित की गई है। रजनीकांत के इस फैन का नाम कार्तिक बताया जा रहा है। एएनआई से बात करते हुए शख्स ने कहा, वो हमारे लिए भगवान के समान हैं। मैंने उनके सम्मान में मंदिर बनवाया है। इतना नहीं शख्स ने आगे कहा, मैं रजनीकांत के अलावा किसी भी एक्टर्स की फिल्म नहीं देखता। मेरे लिए वो भगवान हैं। मैंने उनके लिए मंदिर बनवाया है। हम पांच पीढ़ियों से रजनीकांत के फैन रहे हैं। रजनीकांत के फैन के इस बयान से समझ सकते हैं कि उनकी दीवानगी किस कदर लोगों में है। वो ना केवल फिल्म देखते हैं बल्कि भगवान की तरह मानते भी हैं। वहीं, रजनीकांत भी अपने प्रशंसकों पर प्यार लुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। वो उनसे मिलने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाते हैं। रजनीकांत की हाल ही में प्रदर्शित हुई फिल्म जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। इस फिल्म का निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है, जिनकी पिछली फिल्म थलापति विजय के साथ बीस्ट रही थी। आने वाले समय में रजनीकांत की थलाइवर 170 है, जिसमें वे 32 साल बाद अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन पर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले इन दोनों सितारों को एक साथ एस.रामानाथन द्वारा निर्मित और प्रयागराज द्वारा निर्देशित गिरफ्तार में देखा गया था। इस फिल्म में दोनों दोस्तों की भूमिका निभाई थी। बता दें कि रजनीकांत फैन फॉलोइंग साउथ में ही नहीं बल्कि बॉलीवुड और देशभर में है। उन्होंने हिंदी से लेकर दक्षिणी सिनेमा जगत में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। वो इंडस्ट्री के ऐसे एक्टर हैं, जिनकी लोग भगवान की तरह पूजा करते हैं और कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है तो वो उस मूवी को पोस्टर को रिलीज से पहले दूध से नहलाते हैं।



# 'कॉफी विद करण' का नया प्रोमो रिलीज, आदित्य-अनन्या के रिश्ते पर क्या बोलीं सारा अली खान

'कॉफी विद करण' का नया सीजन हाल ही में शुरू हुआ। शो के पहले एपिसोड में बॉलीवुड के पॉपुलर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण नजर आए। इसके बाद हाल ही में रिलीज हुए दूसरे एपिसोड में दोनों भाईयों सनी देओल और बॉबी देओल ने हिस्सा लिया। अब शो में एंट्री लेने वाली तीसरी जोड़ी कौन होगी? दर्शकों के मन में उत्सुकता पैदा हो गई है। नए प्रोमो से खुलासा हो गया है कि करण के शो में कौन नजर आएगा। करण जौहर के लोकप्रिय 'कॉफी विद करण' में बॉलीवुड में दोस्ती, अफेयर, प्यार, शादी के बारे में गॉसिप की जाती है। इस साल के 8वें सीजन में रानी मुखर्जी, काजोल, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, रोहित शेट्टी, अजय देवगन, सारा अली खान, अनन्या पांडे जैसे कलाकार हिस्सा लेंगे। 'कॉफी विद करण' का क्विज सेक्शन हर किसी को पसंद आता है। इसमें करण अपने सेलिब्रिटी मेहमानों से कई तरह के सवाल पूछते हैं। इस बार करण ने सारा अली खान से पूछा गया कि अनन्या के साथ ऐसा क्या है जो आपके पास नहीं है? सारा ने एक झटके में जवाब दिया 'द नाइट मैनेजर।' इस सीरीज में बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर ने अहम भूमिका निभाई है। इस बीच 'कॉफी विद करण' के सभी एपिसोड ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दिखाए जा रहे हैं। रणवीर-दीपिका के पहले एपिसोड को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब दर्शकों को ये देखने की उत्सुकता होगी कि इन सभी जोड़ियों में से उन्हें कौन-सी सेलिब्रिटी जोड़ी सबसे ज्यादा पसंद है।



# विपरीत परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए : मिलिंद

## -फिल्म के लेखक और निर्देशक मिलिंद ने कहा

**मुंबई (ईएमएस)।** मामी फेस्टिवल में दर्शकों को संबोधित करते हुए फिल्म के लेखक और निर्देशक मिलिंद ने कहा, लेखकों को विपरीत परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए और किसी भी तरह के नुकसान के समय अपने अंदर की आवाज को सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकेलापन एक ऐसी चीज है जिसे उन्होंने खुद अनुभव किया है और वह इसे बेहद निजी मानते हैं। जिस तरह से प्रत्येक दिन की शूटिंग क्या खाएंगे? के साथ शुरू होती थी, उससे भोजन के प्रति उनका जुनून सामने आया और उसी दिलचस्पी के साथ, उन्होंने फिल्म में व्यंजनों और भोजन की शैली के बारे में विस्तार से बताया। मिलिंद ने क्लीनिकल डिप्रेशन के साथ अपनी मुश्किल लड़ाई के बारे में भी बात की, जिसके दौरान उन्हें माई को लिखने और निर्देशित करने के लिए एक कॉल आया, जिसके बारे में उन्होंने गंभीरता से विचार किया कि क्या उन्हें यह करना चाहिए। उन्होंने अपनी पत्नी की मदद से इस पर काम करना शुरू किया, क्योंकि उन्होंने ही मिलिंद को भोजन के दौरान मृत्यु के बारे में सोचने का विचार दिया था। इस खूबसूरत कहानी को लिखने और निर्देशित करने से ही मिलिंद को डिप्रेशन से बाहर निकलने में मदद मिली और यह फिल्म नुकसान को स्वीकार करने तथा बलिदान को अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा बनाने की उनकी यात्रा को दशार्ती है। इस फिल्म के साथ मिलिंद अब भविष्य और ऊंचाई की तरफ देख रहे हैं, तथा फीचर फिल्मों में वापसी के लिए तैयार हैं। लायंसगेट और लव एंड फेथ फिल्म्स द्वारा निर्मित उनके निर्देशन में बनी थैंक यू मिस्टर खन्ना का पोस्ट-प्रोडक्शन पूरा हो चुका है और यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मालूम हो कि मामी फेस्टिवल में मिलिंद धैमाडे की 41 मिनट की शार्ट फिल्म माई का प्रीमियर किया गया। यह लॉस्ट एंड फाउंड संग्रह का एक हिस्सा है, जहां विषय को 7 अन्य शार्ट स्टोरीज के माध्यम से एक्स्प्लोर किया गया है। माई को कोलोसियम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (ललित प्रेम शर्मा) और मैकगफिन पिक्चर्स (हनी त्रेहन और अभिषेक चौबे) द्वारा निर्मित किया गया है। कुणाल रॉय कपूर (सुमन) और शहाना गोस्वामी (मोना) अभिनीत माई, नुकसान, स्वीकृति और बलिदान से जुड़ी एक कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। माई ने ऑडियंस पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है, और अपनी बांधे रखने वाली स्टोरीलाइन, यादगार परफॉरमेंस और आत्मा को झकझोर देने वाले दृश्यों से उन्हें मंत्रमुग्ध करने का काम किया है। उन दर्शकों में से एक जिन्होंने फिल्म का प्रीमियर देखा, उससे प्रभावित होकर, कांपती आवाज के साथ बताती हैं कि कैसे वह फिल्म के विभिन्न तत्वों और पहलुओं से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करती हैं, और पूरी कहानी को बेहद खूबसूरती से चित्रित करने के लिए निर्देशक की सराहना करते नहीं थकतीं।



# ग्रीन-ब्लू कलर की साड़ी में नजर आई जान्हवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर हाल ही में सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीर में सिंपल ट्रेडिशनल ग्रीन और ब्लू कलर की साड़ी में नजर आई। जान्हवी ने कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित एनटीआर जूनियर की फिल्म देवराः पार्ट 1 का गोवा शेड्यूल पूरा कर लिया है। जान्हवी ने गोवा में को-स्टार्स एनटीआर जूनियर और सैफ अली खान के साथ शूटिंग कर रही थीं। जैसे ही गोवा शेड्यूल पूरा हुआ, जान्हवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर देवारा टीम के प्रति अपने लगाव को साझा किया, साथ ही अपने किरदार थंगम के बारे में भी चर्चा किया। शेयर की गई तस्वीर में वह सिंपल ट्रेडिशनल ग्रीन और ब्लू कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा हैः सेट और टीम को मिस कर रही हूं और थंगम की भूमिका को अपना रही हूं। हैशटैग देवरा।

# एक और थ्रीलर सीरीज पी आई मीना




थ्रिलर और सस्पेंस कंटेंट पसंद करने वाले दर्शकों के लिए पी आई मीना वेब सीरीज किसी ट्रीट से कम नहीं है। हाल ही में 3 नवंबर को यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है, जिसे देबलोय भट्टाचार्य ने निर्देशित किया है। मर्डर, साजिश, ड्रामा और सस्पेंस से भरपूर पीआई मीना आपको एक रहस्यमयी यात्रा पर ले जाएगी। मीनाक्षी अय्यर उर्फ पीआई मीना (तान्या मनिकतला) एक प्राइवेट डिटेक्टिव है। ऑफिस जाते हुए उसके सामने पार्थो का एक्सिडेंट हो जाता है। वह उसे अस्पताल पहुंचा देती है। हालांकि उसकी मौत हो जाती है। पार्थो की मां को लगता है कि उसके बेटे का एक्सिडेंट नहीं बल्कि मर्डर हुआ है। वह मीनाक्षी से इस केस की तहकीकात करने की गुजारिश करती है। इन्वेस्टिगेशन में मीना को पता चलता है कि पार्थो की मौत के तार किसी वायरस से जुड़े हुए है।

# द्वारकाधीश मंदिर पहुंची कंगना

अभिनेत्री कंगना रनौत हाल ही में रिलीज हुई फिल्म तेजस को लेकर सुर्खियों में हैं, उनकी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। यह दर्शकों का दिल जीतने में नाकामयाब साबित हुई है। ऐसे में फिल्म के फ्लॉप होने के बाद कंगना श्रीकृष्ण के दर्शन करने के लिए द्वारकाधीश मंदिर पहुंची हैं और वहां से उन्होंने अपनी कई तस्वीरें और वीडियोज शेयर की हैं। एक्ट्रेस की यह पोस्ट देखने के बाद कई यूजर्स उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर द्वारिकाधीश दौरे की तस्वीरें शेयर करते हुए कंगना रनौत ने कैप्शन में लिखा-कुछ दिनों से हृदय बहुत व्याकुल था, ऐसा मन हुआ कि द्वारकाधीश के दर्शन करूँ, श्री कृष्ण की इस दिव्य नगरी द्वारिका में आते ही, यहाँ की धूल मात्र के दर्शन से ऐसा लगा कि मेरी सारी चिन्तायें टूट कर मेरे कदमों में गिर गई हों।



# अलीजेह अग्निहोत्री की फिल्म फर्रे का ट्रेलर जारी

## -सलमान खान की भांजी अलीजेह




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के दबंग भाई जानी यानि सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की फिल्म फर्रे का ट्रेलर जारी हो गया है। फिल्म निमार्ता अतुल अग्निहोत्री-अलवीरा अग्निहोत्री की बेटी है अलीजेह अग्निहोत्री। ट्रेलर को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म के कथानक के साथ-साथ दर्शकों को अलीजेह का अभिनय भी पसन्द आ रहा है। सलमान खान फिल्मस के बैनर तले बनी इस फिल्म को अतुल अग्निहोत्री ने निर्मित किया है। यह अलीजेह की पहली हिन्दी फिल्म है। निर्देशक सौमेंद्र पाधी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का कथानक स्टूडेंट लाइफ पर आधारित है।

हालांकि, ट्रेलर को देखकर जहां अलीजेह की कम और इसमें आखिर में जो आवाज सुनाई पड़ रही है उसकी जमकर तारीफ हो रही है। 2 मिनट 27 सेकंड की इस फिल्म फर्रे की ये कहानी अलीजेह यानी नियति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पढाई में काफी अच्छी है और आईआईटी से पढ़ाई करके खूब सारे पैसे कमाना चाहती है। उसे शहर के सबसे महंगे स्कूल में पढ़ाई करनी है और मां-बाप उसे पढ़ाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। वहीं कॉलेज में कुछ बच्चों का ऐसा ग्रुप भी है जो पढ़ाई-लिखाई नहीं बल्कि केवल मौज-मस्ती के लिए कॉलेज में है। इसी के साथ कहानी कुछ ऐसे मुड़ती है कि नियति दूसरे स्टूडेंट्स को पास कराने के लिए उन्हें फर्रे पास करने का काम करती है और इसके बदले उन्हें ढेर सारे पैसे मिलते हैं। इसी के साथ अब नियति के सामने स्टूटेंड्स को पास करने के लिए इस गलत रास्ते पर आगे बढ़ने और ढेर सारे पैसे कमाने का रास्ता भी मिलता है। और फिर वह इस वजह से कुछ ऐसी मुसीबत में पड़ जाती हैं जहां से जिंदगी के सपने बिखरने शुरू हो जाते हैं। अलीजेह की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कहा है कि बतौर एक्ट्रेस अलीजेह ने काफी इम्प्रेस कर दिया। कुछ ने कहा है- नो डाउट, अलीजेड टैलेंटेड हैं, उनकी एक्टिंग मुझे काफी अच्छी लगी। लोगों ने फिल्म के शानदार चलने की उम्मीद भी जताई है। हालांकि, कुछ ने ये भी कहा है कि चूंकि वो सलमान के फैन हैं इसी वजह से इस फिल्म को देखेंगे। सलमान खान ने भी इस ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान के सोशल मीडिया पोस्ट पर अलीजेह की जगह लोग एमसी स्टैन की आवाज के दीवाने हुए जा रहे हैं। दरअसल ट्रेलर केआखिर में स्टैन की आवाज में फर्रे को गाने की तरह गाया गया है, जिसे सुनकर लोग खूब दीवाने हो रहे हैं। फिल्म की कहानी और अलीजेह की एक्टिंग दोनों भी लोगों को काफी पसंद आ रही है। ट्रेलर को दर्शकों की ओर से सराहना मिली है। उनका कहना है कि ये ट्रेलर उन्हें प्रॉमिसिंग लग रहा है।

# काइली का बोल्ड अंदाज



हमेशा अपने बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में रहने वाली हॉलीवुड अभिनेत्री काइली जेनर एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में काइली ने अपनी कुछ दिलकश तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में काइली जेनर ऑफ शोल्डर के लुक की बात करें तो अभिनेत्री ब्लैक गाउन में काफी बोल्ड लग रही हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग कलर की हील पेयर की हैं। न्यूड मेकअप और खुले बालों से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट किया है। हाथ में रेड फूलों वाला बुके लिए वह कैमरे के सामने कातिलाना पोज दे रही हैं। बता दें काइली सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 398 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# उर्फी जावेद की गिरफ्तारी के पीछे का सच आया सामने, अब एक्ट्रेस के खिलाफ होगी कार्रवाई



सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद अपने अजीबोगरीब कपड़ों को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शुक्रवार को उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें दो महिला पुलिसकर्मी उन्हें पकड़ कर जीप में ले जाती दिख रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दावा किया गया कि उर्फी को अजीब कपड़े पहन कर अश्लीलता फैलाने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हालांकि, यह खुलासा हो चुका है कि उनका यह वीडियो फर्जी है। मुंबई पुलिस ने खुद इस मामले का संज्ञान लिया है और इस रिपोर्ट की पुष्टि की है कि यह वीडियो फर्जी है। यह बात सामने आई है कि उर्फी ने यह वीडियो सिर्फ प्रसिद्धि पाने के लिए बनाया है। अब उनके इस फर्जी वीडियो पर एफआईआर दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस ने उर्फी जावेद और वीडियो में दिख रही महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस ने ट्वीट किया कि, 'कोई भी सस्ती पब्लिसिटी के लिए देश के कानून का उल्लंघन नहीं कर सकता! मुंबई पुलिस द्वारा अश्लीलता के आरोप में गिरफ्तार की गई महिला का वायरल वीडियो सच नहीं है। इसमें पुलिस बैज और वर्दी का दुरुपयोग किया गया है। भ्रामक वीडियो में शामिल लोगों के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में धारा 171, 419, 500, 34 आईपीसी के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच चल रही है और वीडियो में दिख रहे फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन भी जब्त कर लिया गया है।'

## सूडोकु नवताल- 6603

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6602 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7350

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | न | मे | रि | का | पा | तू | फा | रु | ही | क |
| न | ख | क | ह | इं | डो | ने | त | या | ड़ | क |
| अ | दा | जा | ला | ल | ग | स | जु | ह | प | का |
| आ | ग | ल | पा | ब | औ | स | र्बा | ह | लि | ल |
| वा | ना | ह | न | य | ज | र | कि | या | प | का |
| रा | इ | इ | थ | व | प | वा | बं | ह | यु | बां |
| जिं | ज | ल | ह | क | प | रि | न | दू | प | ग |
| द | रि | भा | र | त | ड़ी | स | रा | ल | क | ला |
| गी | या | स | ज | मी | न | आ | स | मा | न | दे |
| प | बे | प | ना | ह | सिं | ब | स | अ | प | श |
| या | स | ए | क | ही | भू | ल | त्ता | प | क | र |

*शब्द जाल में 'मजहर खान' की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

शान, आवारा जिंदगी, हल और बंदूक, तजुर्बा, जमीन आसमान, हथकड़ी, कालका, एक ही भूल, बेपनाह, रुही

### शब्दजाल - 7349 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | वि | वे | का | नं | द | ज | म | ल | त |
| द | आं | ल | प्रे | व | स | म्रा | ट | अ | शो | क |
| र | स | इ | म | दी | छ | स | आ | र्म | ख | पा |
| इं | स | ल | स्टी | दि | वा | स | ध | ल | श | इ |
| ड | अ | दो | ग | न | ज | ना | तू | ग | झ | थो |
| का | ली | दा | स | दि | अ | क | ब | र | घ | गो |
| ती | व | ल | मी | धी | प | च | जू | बा | व | र |
| क | एं | ऊ | गां | द | ब | क | र | ए | श | स |
| र | ड | त्मा | प | र्द | गी | स | री | क | प | स्तू |
| य | हा | ल | गै | ली | लि | यो | ऐ | ने | र | द |
| म | ड | ल | प | या | प | स | अ | अ | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6303

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 3 | | 4 | 6 |
| 6 | 34 | | 40 | 7 | 33 | |
| 3 | 1 | 5 | | | 2 | |
| | 22 | | 34 | 5 | 34 | 4 |
| | | 4 | 6 | | 7 | |
| 4 | 30 | | 30 | | 33 | |
| 7 | | 2 | 5 | 1 | | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6302 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 1 | 33 | 2 | 28 | 5 | 30 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 36 | 4 | 33 | 6 | 23 | 1 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 3 |
| 6 | 36 | 6 | 33 | 3 | 31 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सेमीफाइनल में पहुंचे तो भारतीय टीम को हरा देंगे : वसीम

नई दिल्ली ।

विश्वकप क्रिकेट में इस बार पाकिस्तान का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसके लिए सेमीफाइनल में जगह बनाना भी मुश्किल हो रहा है। उसे शुरुआती लीग मुकाबले में ही भारतीय टीम से करारी हार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद भी पाक खिलाड़ियों की अकड़ कम होने को नाम नहीं ले रही है। अब पाक के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने कहा कि हमारी टीम अगर सेमीफाइनल में पहुंची तो भारतीय टीम को हरा देगी। विश्वकप में आज तक भारतीय टीम एक बार भी पाक से नहीं हारी है। अब तक हुए सभी 8 मैचों में भारतीय टीम को जीत मिली है। इस टूर्नामेंट में भी भारत ने पाक को सात विकेट से हराया है। एक कार्यक्रम के दौरान वसीम ने कहा कि मेरी इच्छा है कि पाक टीम सेमीफाइनल में भारत को वैसे ही हराए, जैसे हमने 2021 टी20 विश्व कप में भारत को हराया था। तब कई सारे खिलाड़ी ऐसा चाहते हैं। साल 2021 के टी20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। यह एकदिवसीय और टी20 विश्वकप के इतिहास में पाक की भारत पर पहली जीत थी। वहीं एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद आमिर ने कहा कि मैं वादा करता हूं कि अगर पाक विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचता है और भारत को हरा देता है, तो मैं बिल्कुल वैसे ही डांस करूंगा, जैसे इरफान पठान ने हमारी टीम के अफगानिस्तान से हारने पर किया था। उन्होंने कहा कि मैं पठान से भी बेहतर डांस करूंगा। वहीं पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने कहा कि हमें दुआ करनी चाहिए कि हमारी टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाए, क्योंकि दूसरी टीमें नहीं चाहती हैं कि हम ऐसा कर सकें। रज्जाक ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ पाक को हार मिली थी, तब भारतीय क्रिकेटर क्यों डांस कर रहे थे।

### विदित ने नाकामुरा से ड्रॉ खेला, वैशाली ने मिलेट से अंक बांटे

**नई दिल्ली ।** सातवें दौर के बाद एकल रूप से शीर्ष पर रहे भारतीय ग्रैंड मास्टर विदित गुजराती अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट के आठवें दौर में मुकाबला ड्रॉ करने के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। महिलाओं में फ्रांस की सोफी मिलेट के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बाद आर वैशाली को ड्रॉ नतीजे से संतुष्ट होना पड़ा। अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना, रूस के एंड्री एसिपेंको और रोमानिया के डीक बोगडान-डैनियल छह अंकों के साथ गुजराती के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। ओपन सेक्शन में करीबी मुकाबले में दूसरे भारतीय, अर्जुन एरिगेसी ने यूक्रेन के यूरी कुज़ुबोव के साथ ड्रॉ खेला और 5.5 अंकों के साथ नौ खिलाड़ियों के समूह में हैं। वह शीर्ष दो में जगह पक्की करने की कोशिश कर रहे हैं। शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए जगह पक्की करेंगे। सफेद मोहरों से खेलते हुए विदित ने महज 16 चाल के बाद नाकामुरा को ड्रॉ पर सहमत होने के लिए मजबूर किया। एरिगेसी कुजुबोव के खिलाफ अच्छी स्थिति में थे लेकिन लगातार दूसरे दिन वह अपनी लय बनाये रखने में विफल रहे और ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### हेड कोच ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को बताया पाकिस्तान की हार का कारण

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की टीम के हेड कोच ने उनकी हार का कारण भारत में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बताया है।



हालांकि पाकिस्तान टीम की हालत टूर्नामेंट में काफी खराब है। पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन को लेकर कोच मिकी ऑर्थर ने अपना बयान दिया है। कोच ने कहा कि टाइट सेक्योरिटी ही खराब परफॉर्मेंस के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा है कि हमारे खिलाड़ियों को आजादी से खेलने की आदत है, लेकिन हम इतनी सेक्योरिटी के बीच है कि अपना नाश्ता भी एक दूसरे के साथ में नहीं कर पाते हैं। मिकी ऑर्थर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे लिए सबसे मुश्किल बात यह है कि हम इतनी कड़ी सेक्योरिटी के बीच हैं। सच बताऊं तो मुझे ये मुश्किल हालात लग रहे है। ऐसा लग रहा है कि जैसे हम कोविड काल में आ गए हैं। हम यहां पर अपने होटल में अपनी मंजिल और कमरे तक ही सीमित रहते हैं। इतनी कड़ी सुरक्षा है कि हमारा नाश्ता भी अकेले ही होता है। हम अपने प्लेयर्स से ज्यादा बातचीत नहीं कर पाते। ऑर्थर ने आगे कहा कि हमारे खिलाड़ियों को आजादी से रहने की आदत है। लेकिन हम यहां कही बाहर नहीं जा सकते हैं। हमें कही पर भी बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। अगर हम अलग-अलग जगहों पर कुछ खाने का ट्राई करना चाहें, तो भी हम वो भी नहीं कर सकते हैं। यह हमारे लिए सचमुच दम घुटने जैसा है। इससे पहले मिकी आर्थर ने भारत के खिलाफ हार के बाद आईसीसी टूर्नामेंट को बीसीसीआई टूर्नामेंट बताया था।

### विश्वकप में उतरी है अब तक पिता-पुत्र की ये जोड़ियां

**नई दिल्ली ।** भारत में इस समय एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप खेला जा रहा है। विश्वकप में



कई बार पिता और पुत्र की जोड़ियां भी उतरी हैं। इसमें लांस केर्न्स और उनके बेटे क्रिस केर्न्स ने न्यूजीलैंड से खेला है जबकि क्रिस ब्रॉड और उनके बेटे स्टुअर्ट ब्रॉड ने इंग्लैंड की ओर से खेला है। रॉड लैथम ने न्यूजीलैंड से खेला है, उनके बेटे टॉम लैथम इस समय न्यूजीलैंड टीम की ओर से विश्वकप खेल रहे हैं। डॉन प्रिंगल ने ईस्ट अफ्रीका की ओर से साल 1975 के विश्वकप में खेला था जबकि उनके बेटे डेरेक प्रिंगल ने 1987 और 1992 के विश्वकप में इंग्लैंड की ओर से खेला था। इसके अलावा केविन करेन और सेम करेन की जोड़ी ने भी अलग-अलग देशों की ओर से खेला है। पिता केविन करेन ने जिम्बाब्वे की ओर से 1983 और 1987 विश्वकप में खेला था पर उनके पुत्र बेटे सेम करेन इस विश्वकप में इंग्लैंड की ओर से खेल रहे हैं। डच टीम के टिम डी लीडे और अब उनके बेटे बास डी लीडे नीदरलैंड्स से खेल रहे हैं। इसके अलावा रॉजर बिन्नी और उनके बेटे स्टुअर्ट बिन्नी भी विश्वकप में भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। पिता रॉजर 1983 और 1987 के विश्वकप में भारतीय टीम की ओर से 9 मैच खेल चुके हैं। रॉजर के बेटे स्टुअर्ट, 2015 के विश्वकप में भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल थे हालांकि उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला। केविन ने 1983 के विश्वकप में भारत के के. श्रीकांत और संदीप पाटिल को आउट किया था। 1987 के विश्वकप में केविन ने 75 रन बनाने के अलावा चार विकेट भी लिए थे। वहीं उनके पुत्र सेम का प्रदर्शन विश्वकप में अब तक अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं।

### उत्तराखण्ड में होगा 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, खेल मंत्री ने कहा- ये मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व का है परिणाम

**देहरादून।** उत्तराखण्ड 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की मेजबानी करेगा। वर्तमान में 37वें राष्ट्रीय खेलों का



आयोजन 26 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में चल रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी प्रतिभाग कर अपना परचम लहरा रहे है। वहीं 37वें राष्ट्रीय खेलों में देवभूमि उत्तराखण्ड के खिलाड़ी भी लगातार अपना परचम लहरा रहे है। वहीं उत्तराखण्ड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि सभी प्रदेशवासियों को बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आईओए द्वारा 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की मेजबानी का सौभाग्य उत्तराखण्ड राज्य को मिला है। यह सब शीर्ष नेतृत्व के कुशल प्रतिनिधित्व व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। देवभूमि जो कि अब खेलभूमि बनने की ओर भी अग्रसर है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हेतु समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी से यह वादा है करते है कि उत्तराखण्ड सरकार एवं खेल विभाग मिलकर 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन हेतु प्रतिबद्ध है।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

# अजेय भारत की टक्कर सेमीफाइनल में कोरिया से, लीग राउंड में शीर्ष पर रही थी टीम

**नई दिल्ली ।**


**महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अजेय भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। टीम इंडिया इस मैच में मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ मैदान पर उतरेगी क्योंकि उसने लीग चरण में अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हराया था। भारत ने गुरुवार को कोरिया को 5-0 से पराजित किया था।**



इस तरह से उसने राउंड रोबिन लीग चरण में अपने सभी मैच जीते। भारतीय टीम लीग चरण में पांच मैच में 15 अंक लेकर शीर्ष पर रही थी। दूसरी तरफ, कोरिया दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ से सात अंक लेकर चौथे स्थान पर रहा था। टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने विरोधियों की तुलना में काफी बेहतर नजर आ रही है और वह अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। अब जबकि भारत खिताब से केवल दो जीत दूर है तब उसे सतर्क होकर खेलना होगा और आत्ममुग्धता से बचना होगा। भारतीय टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और पूरी उम्मीद है कि सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम सेमीफाइनल में भी ऐसा प्रदर्शन जारी रखेगी। भारतीय रक्षा पंक्ति ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिसके कारण टीम ने अभी तक केवल तीन गोल खाए हैं। मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति का तालमेल भी शानदार है जिसका परिणाम लिया है कि भारत अभी तक 21 गोल करने में सफल रहा है। भारत की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा, 'टीम ने इस टूर्नामेंट में अभी तक शानदार जज्बा और तालमेल दिखाया है। कोरिया के खिलाफ जीत बेहतरीन थी लेकिन हम जानते हैं कि सेमीफाइनल अलग तरह की चुनौती होगी क्योंकि नॉकआउट मैच में अतिरिक्त दबाव होता है।

### पीसीबी में हो सकता है बदलाव

**लाहौर ।** विश्वकप में इस बार पाकिस्तान क्रिकेट के खराब प्रदर्शन को देखते हुए अब बड़े बदलाव की उम्मीदें जतायी जा रही हैं। मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने पहले ही इस्तीफा दे दिया है। टीम के खराब प्रदर्शन की गाज अब पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख जका अशरफ पर पड़ने की संभावना है। पिछले कुछ समय से कप्तान बाबर आजम के संदेशों को लीक करने के बाद से ही वह आलोचकों के निशाने पर हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है। वहीं पूर्व पाकिस्तान कप्तान शाहिद अफरीदी के पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर अल हक से मुलाकात के भी मायने निकाले जा रहे हैं। ऐसे में संभव है कि पीसीबी में फिर बदलाव किया जाये क्योंकि अनवर ने अफरीदी को देश के खेल के मामलों में शामिल सक्रिय रूप से शामिल होने का अनुरोध किया है। इन दोनों ने क्रिकेट के कई पहलुओं पर चर्चा की है। ये मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब पाकिस्तानी टीम लगातार चार मैच हारकर विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर होने की दौड़ में है। वैसे भी 5 नवंबर को अशरफ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उनके कार्यकाल का आगे बढ़ाये जाने की संभावना कम ही है। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए पिछले कुछ महीने अच्छे नहीं रहे थे। अशरफ के अलावा इस साल तीन लोग पीसीबी की अध्यक्षता कर चुके हैं। जका के कार्यकाल की समाप्ति के बाद चौथा चेयरमैन नियुक्त होगा। ये पाकिस्तान के अगले चुनाव और नए प्रधानमंत्री के बनने तक रहेगा। उसके बाद प्रधानमंत्री नया अध्यक्ष नियुक्त करेंगे। द्वारा नया चेहरा नॉमिनेट करने तक पद पर रहेगा।




हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप से बाहर

# बांग्लादेश के खिलाफ मैच में टखना मुड़ गया था, उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा टीम इंडिया में शामिल



**बेंगलुरु ।**

टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने इसकी पुष्टि की है। हार्दिक 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेले गए मैच में एंकल ट्विस्ट हो जाने से चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला। वर्ल्ड कप में उन्होंने 4 मैच खेले। बांग्लादेश के खिलाफ मैच से बाहर हो गए थे हार्दिक बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच में 9वें और अपने पहले ओवर में चोटिल हो गए थे। तीसरी बॉल पर हार्दिक का टखना मुड़ा और वह क्रीज पर ही बैठ गए।

मेडिकल टीम ने चोट देखी और उन्हें मैदान से बाहर ले कर गए। हार्दिक की जगह विराट कोहली बॉलिंग करने आए। उन्होंने 3 बॉल में 2 रन दिए। चोट लगने के बाद पुणे से एनसीए गए थे पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ चोट लगने के बाद पंड्या 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के लिए पुणे से टीम के साथ नहीं गए। वे पुणे से बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में चले गए। अभी वह एनसीए में ही डॉक्टरों की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं। वर्ल्ड कप में पंड्या ने लिए 5 विकेट हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप में अब तक खेले 4 मैचों में 6.84 की इकोनॉमी रेट से 5 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 11 रन भी बनाए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा पहली बार विश्व कप टीम में प्रसिद्ध कृष्णा पहली बार वर्ल्ड कप के टीम में शामिल किए गए हैं। प्रसिद्ध को बैकअप के तौर पर तैयार रहने को कहा गया था और वह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में ही अभ्यास कर रहे थे। टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया।

# दिल्ली की दमघोंटू हवा, बांग्लादेशी टीम हुई परेशान, प्रैक्टिस सेशन को किया रद्द

**नई दिल्ली ।**

बांग्लादेश की क्रिकेट टीम को राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर पर पहुंच जाने के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले से पहले अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा। बांग्लादेश की टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है। वह कोलकाता में पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद बुधवार को पहुंची थी। उसे अपने पहले अभ्यास सत्र में भाग लेना था लेकिन अत्यधिक प्रदूषण होने के कारण टीम प्रबंधन को अपना फैसला बदलना पड़ा।



दिल्ली की वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। बांग्लादेश की टीम के निदेशक खालिद महमूद ने टीम होटल में कहा, हमारा अभ्यास सत्र था लेकिन कल से स्थिति काफी खराब हो गई है इसलिए हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे क्योंकि अभी हमारे पास अभ्यास के लिए दो दिन बचे हैं। उन्होंने कहा, कई क्रिकेटर कल बाहर निकले थे और उनमें से कुछ को खांसी की शिकायत है इसलिए इससे जोखिम जुड़ा हुआ है। इन सब कारणों से हमने अभ्यास सत्र रद्द करने का फैसला किया ताकि खिलाड़ी अस्वस्थ ना हों। दिल्ली विश्व कप के अपने पांच मैचों में से आखिरी मैच की मेजबानी 6 नवंबर को करेगा। श्रीलंका के खिलाड़ियों ने 2017 में वायु प्रदूषण से बचने के लिए दिल्ली में मास्क पहने थे। श्रीलंका ने विश्व कप में अपना आखिरी मैच गुरुवार को मुंबई में भारत के खिलाफ खेला था। अगले दिन यात्रा पर होने के कारण टीम ने अभ्यास नहीं किया। महमूद ने कहा, हम नहीं जानते कि निर्णय क्या होगा (मौजूदा स्थिति में हमें यहां खेलना होगा या नहीं) और मौसम बेहतर होगा या नहीं। अगर यह बेहतर होता है तो निश्चित तौर पर हमारे लिए अच्छा होगा और अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो तब हमें इससे तालमेल बिठाना पड़ेगा और कल अभ्यास करना होगा। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 468 तक पहुंच गया, जो 'गंभीर प्लस' श्रेणी में आता है।

# क्विंटन डी कॉक विश्व कप 2023 में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहे हैं : एबी डिविलियर्स

**बेंगलुरु ।**

**दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि वह मौजूदा 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान एक वैश्विक टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देख रहे हैं। डी कॉक ने चार शतक लगाए हैं पुरुष वनडे विश्व कप में किसी एक खिलाड़ी द्वारा लगाए गए दूसरे सबसे ज्यादा शतक है. कुल मिलाकर, उन्होंने सात पारियों में 545 रन बनाए हैं, जो टूर्नामेंट के एक सीजन में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा बनाये गए सबसे अधिक रन हैं।**



आईसीसी ने डिविलियर्स के हवाले से कहा,,मुझे लगता है कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ है जिसे मैंने विश्व कप में खेलते हुए देखा है. वह निश्चित रूप से घर पर लगता है, उसके पास साबित करने के लिए एक प्वाइंट है और जब वह ऐसा कर रहा होता है तो वह शांत दिखता है। दक्षिण अफ्रीका को ठोस शुरुआत देने के लिए हमें उसकी जरूरत है जितनी बार संभव हो सके वह उतनी बार करें क्योंकि अगर हमें वह ठोस शुरुआत मिलती है तो यह वास्तव में मध्य ओवर के लिए अच्छा है।

डिविलियर्स ने कहा, जब से मैंने उसे पहले दिन से खेलते हुए देखा है, तब से वह हमेशा मेरे लिए बहुत खास रहा है. क्विनी ने दिखाया कि वह किसी भी अन्य से एक स्तर ऊपर है. मैंने वास्तव में कभी किसी को गेंद को लगातार ऊपर की तरफ हिट करते नहीं देखा, जैसा वह करता है और उसने किया है. हां, यहां या वहां एक या दो असफलताएं मिलीं, लेकिन उनमें हमेशा वापसी करने की क्षमता रही है।

डिविलियर्स का मानना है कि प्रोटियाज टीम अपने इतिहास में पांचवीं बार विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की राह पर है और उन्हें इस बार भी आगे बढ़ने की उम्मीद है. वनडे विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का अगला मैच रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत के खिलाफ है। फिलहाल बल्लेबाजी क्रम वास्तव में अच्छा है, और एक-दूसरे और गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है. टूर्नामेंट की शुरुआत में जिन सभी पर संदेह किया जा रहा था, वे फॉर्म में दिखना शुरू कर रहे हैं, इसलिए कुल मिलाकर, चीजें एक साथ आ रही हैं और उम्मीद है कि हम सभी तरह से आगे बढ़ेंगे।

# सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच देखने पहुंचे वित्तमंत्री चीमा, बोले- युवाओं के लिए राज्य में बनेगी खेल नर्सरी

**जालंधर।**

ओलिंपियन सुरजीत हाकी स्टेडियम में सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच देखने के लिए पहुंचे मुख्य अतिथि वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। मैच से पहले मंत्री ने छात्राओं द्वारा पेश गिद्दे की प्रस्तुति देखी।

इसके बाद चीमा ने केक काट मैच की शुरुआत करवाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। सरकार ने खेल नीति जारी कर दी है, जिसके तहत राज्य में खेल नर्सरी तैयार होगी। यह नर्सरियां गांव, ब्लाोक, जिला व राज्य स्तर पर तैयार की जाएगी। इससे युवाओं की प्रतिभा में काफी निखार आएगा।

### भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के थे दस खिलाड़ी

मंत्री चीमा ने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम में दस खिलाड़ी पंजाब के थे, जोकि बड़े गर्व की बात है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर पंजाब का नाम रोशन किया। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर



देना और युवा पीढ़ी को आगे लेकर जाना है। खेलों को प्रमोट करने के लिए सरकार ने खेडां वतन पंजाब दीयां के दो सीजन करवाए हैं। इसमें युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

### रंगला पंजाब बनाने में खेलों का रोल अहम- डीसी

सुरजीत हाकी सोसायटी के प्रधान डीसी विशेष सारंगल ने कहा कि रंगला पंजाब बनाने में खेलों का रोल अहम है। सांसद सुशील रिंकू ने कहा कि टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। पंजाब ने देश को कई ओलिंपियन दिए हैं। इस अवसर पर इंडियन आयल से राजन बेरी, अमोलक सिंह गाखल, सोसायटी के सीईओ इकबाल सिंह संधू, सुरिंदर भापा, राजविंदर कौर, कवि राज सिंह, आप नेता दिनेश ढल्ल उपस्थित थे।

### हरजीत हरमन के गाने 'यारी यारां दी किते आजमा लईं' पर जमकर झूमे दर्शक

बर्ल्टन पार्क में फाइनल मैच से पहले पंजाबी गायक हरजीत हरमन के गीतों पर शहरवासियों ने जमकर मस्ती की। इस दौरान गायक ने दर्शकों के कहने पर कई गाने सुनाए। जब उन्होंने अपना प्रसिद्ध गाना 'यारी यारां दी किते आजमा लईं नी मित्तरां दा नां चलदा' सुनाया तो दर्शक जमकर झूमे। इसके बाद हरजीत हरमन ने 'सिद्धी सादी जट्टी साडी परियां तों सोहणी' और 'जट्ट 24 कैरेट दा' आदि गीत भी सुनाए। हर कोई गीतों का आनंद ले रहा था।

### सुआरेज की जगह कोच कोस्टारिका के कोच बने गुस्तावो अल्फारो

**सैन जोस ।** गुस्तावो अल्फारो अब कोस्टा रिका की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच होंगे। वह 2026 विश्व कप तक इस पद पर रहेंगे। अर्जेंटीना के मैनेजर रहे अल्फारो को कोलंबियाई लुइस फर्नांडो सुआरेज की जगह कोच बनाया गया है। सुआरेज को टीम के खराब पदर्शन को देखते हुए जुलाई में पद से हटा दिया गया था। वहीं कोच बनाये जाने से उत्साहित अल्फारो ने कहा,



कोस्टा रिका टीम के साथ यह पद लेना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मैं अपना ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित हूं। गौरतलब है कि पिछले साल कतर में विश्व कप के बाद से ही इक्काडोर से अलग होने के बाद से ही अल्फारो के पास कोई काम नहीं है। उनका टीम का पहला गेम 16 नवंबर को सैन जोस में पनामा के खिलाफ कोओएनसीएसीएएफ नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल का पहला चरण रहेगा। उन्होंने कहा, मैं लगभग एक साल से दोबारा कोच बनने का इंतजार कर रहा था। अब मेरे पास इस टीम का मार्गदर्शन करने और उसे सफल बनाने की जिम्मेदारी है। अल्फारो ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम साथ मिलकर एक ऐसी टीम बना सकते हैं जो जीत दर्ज करेग।

# दिशा पाटनी की बोल्डनेस ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



दिशा पाटनी अपने यूनिक फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अक्सर फैंस के साथ अपनी बोल्ड फोटो शेयर करती हैं। अब एक बार फिर दिशा पाटनी इंटरनेट का पारा बढ़ाते हुए नजर आ रही हैं। दिशा पाटनी इन दिनों वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने लॉस एंजेलिस से अपनी फोटो शेयर की थी। वहीं, अब एक्ट्रेस कुछ नई तस्वीरें शेयर की है और अपनी मदमस्त अदाओं से इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। दिशा पाटनी अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर 4 से 5 फोटो शेयर की हैं। पहली फोटो में एक्ट्रेस के रेड कलर के टाइट हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं। इस फोटो में दिशा पाटनी चेहरे को बालों से छुपा रही हैं और खूबसूरत गाउन में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। दिशा पाटनी दूसरी तस्वीर में पूल के सामने खड़ी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस प्रिंटेड बिकिनी पहने बालों का संभाल रही हैं। वहीं, तीसरे फोटो में दिशा समुद्र किनारे पोज कर रही हैं और बैकग्राउंड में कुछ लाइट्स से टिमटिमाती बिल्डिंग दिख रही हैं। दिशा पाटनी ने इसके बाद अपने डेजर्ट की फोटो भी शेयर की है। एक्ट्रेस ने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में कुछ नहीं कहा। बस अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आईं। दिशा पाटनी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके खाते में कई फिल्में हैं। एक्ट्रेस नेशनल अवॉर्ड विनर और साउथ के सुपरस्टार सूर्या के साथ फिल्म सूर्या 42 में काम कर रही हैं। इसके अलावा उनके पास करण जौहर की फिल्म योद्धा भी है। इस फिल्म में दिशा पाटनी, सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट नजर आएंगी। योद्धा पहले 11 नवंबर 2022 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में नई रिलीज डेट का एलान किया गया है। अब ये फिल्म 8 दिसंबर 2023 को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। दिशा पाटनी के खाते में एक और बड़े बजट की मच अवेटेड फिल्म है। एक्ट्रेस नाग अश्विन की फिल्म प्रोजेक्ट के में भी शामिल है। इस फिल्म में उनके साथ प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण भी हैं।



## दिवाली को सुरक्षित और खुशहाल बनाने के कुछ उपाय

दिवाली का असली मजा तभी आता है, जब अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मनाई जाए। सभी लोग एक साथ इकट्ठा होकर पूजा करते हैं, दीए जलाते हैं, पकवान खाते हैं, गेम्स खेलते हैं और खूब सारी गपशप करते हैं। लेकिन आपकी दिवाली ऐसे ही खुशहाल रहे, इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ सावधानियों का ध्यान रखें। आज हम आपको यहीं बताना चाहते हैं कि दिवाली मनाते समय क्या एहतियात बरतने चाहिए। दीए और मोमबत्ती जलाते समय इस बात का ध्यान रहे कि वे किसी भी बिजली के समान या तार के पास न हो।

घर की सीढ़ियों, दरवाजों, और पर्दों से दूर दिए जलाएं। सीढ़ियों पर दीए जलाने से कपड़ों में आग लग सकती है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि दीए को किसी समतल जगह पर रखें ताकि वह गिरे नहीं।

सिंथेटिक कपड़ों को पहने से बचें। यह कपड़े जल्दी आग पकड़ते हैं। साथ ही अगर आप शरारा, लहंगा या गाउन पहन रहें हैं, तो दीए, पटाखों के ज्यादा पास न जाएं। इससे आग पकड़ने जैसी दुर्घटना होने का खतरा रहता है।

अपने बच्चों को लहंगे, गाउन जैसी ड्रेसेज न पहनाएं। इनमें आग लग सकती है। अगर आप अपने पेट्स को भी कोई ड्रेस पहनाते हैं, तो ध्यान रखें कि वह ज्यादा लूज न हो और बहुत फैला हुआ नहीं हो।

कोशिश करें कि पटाखे न जलाएं, लेकिन अगर जला रहें है, तो बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें। पटाखे जलाते समय अपनी फर्स्ट एड किट तैयार रखें।

पटाखों को बालकनी, सीढ़ियों, घर के गलियारे आदि में न जलाएं। इससे दुर्घटना हो सकती है। पटाखे हमेशा खुली जगह पर जलाएं।

पटाखे जलाते समय बच्चों को सिखाएं कि इन्हें दूर से जलाएं, जलते पटाखों को चेक करने के लिए उनके पास न जाएं और पटाखों को हाथ में रख कर न जलाएं।

एल्कोहल या सैनिटाइजर के हाथों से दीए, मोमबत्ती, आदि न जलाएं। एल्कोहल आग जल्दी पकड़ता है। इसलिए इससे आपका हाथ जलने या आग लगने का जोखिम रहता है।

बच्चों, बूढ़ों और पालतू जानवरों को बाहर न भेजें। पटाखों के शोर और धुंए की वजह से उन्हें तकलीफ हो सकती है।

बच्चों और पेट्स को दीए और मोमबत्ती के पास न जाने दें।

## दिवाली पर बना रहे घूमने का प्लान है तो लिस्ट में शामिल करें ये जगहें

# खास हो जाएगी आपकी ट्रिप

दिवाली पर कई दिनों की छुट्टियां मिलती हैं। ऐसे में कई लोग इन दिनों में वेकेशन प्लान कर लेते हैं। क्योंकि लोग अक्सर इस बीच मिलने वाली छुट्टियों में शनिवार और संडे को भी शामिल कर लेते हैं। ऐसे में घूमने के शौकीन लोग पांच या सात दिन का वेकेशन प्लान कर लेते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस दिवाली की छुट्टियों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बता दें हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप दिवाली इंज्वॉय कर सकते हैं और साथ ही अपनी छुट्टियां भी मना सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

आपको बता दें कि अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है। जिसके कारण यहां पर दिवाली पर कुछ अलग ही रौनक देखने को मिलती है। दिवाली के मौके पर अयोध्या नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। बता दें कि दिवाली के मौके पर यहां एक साथ तीन लाख दिए जलाए गए थे। यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया था। ऐसे में आप दिवाली के मौके पर अयोध्या घूमने के लिए आ सकते हैं।



अमृतसर : वैसे तो अमृतसर मुख्य तौर पर गोल्डन टेंपल के लिए जाना जाता है। लेकिन अमृतसर में दिवाली का पर्व बेहद अलग अंदाज में मनाया जाता है। अगर आप भी दिवाली की छुट्टियों में अमृतसर जाने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि यहां पर आप होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। दिवाली पर जलने वाले दिए, लाइटें और आतिशबाजी माहौल को बहुत ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं।

वाराणसी : वाराणसी हिंदू के लिए बेहद खास जगह है। ऐसे में दिवाली की छुट्टियों में आप वाराणसी घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर रात भर होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि दिवाली के मौके पर आपको वाराणसी में गंगा आरती में शामिल होना चाहिए। गंगा आरती के बाद घाटों पर दिए और मोमबत्ती जलाए जाते हैं। फिर इन दियों को गंगा में बहाया जाता है। नदी में जलते हुए दियों को देखने का अलग ही नजारा होता है।

उदयपुर : दिवाली मनाने के लिए उदयपुर भी एक लोकप्रिय जगह है। दिवाली के मौके पर उदयपुर को रोशनी और आतिशबाजी से सजाया और रोशन किया जाता है। यह पिछोला झील के ऊपर रिफ्लेक्ट होता है। इसके अलावा आप यहां पर उदयपुर लाइट फेस्टिवल में भी शामिल हो सकते हैं। उदयपुर लाइट फेस्टिवल सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है।

## बालों को रूखा और बेजान बना सकता है प्रदूषण



प्रदूषण के कारण आपके बालों पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रदूषण न केवल आपके बालों को कमजोर बनाता है, बल्कि इस वजह से आपको डैंडरफ, गंजापन, रूखापन, दो मुंहे बाल होने जैसी कई परेशानियां हो सकती हैं। इस वजह से बढ़ते प्रदूषण के बीच बालों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए आपको बस कुछ बातों का ध्यान रखना है। आइए जानते हैं, कैसे अपने बालों को प्रदूषण से बचाएं।

बालों को ढकें : प्रदूषण की वजह से आपके बालों में काफी धूल मिट्टी और प्रदूषक इकट्ठे होते हैं, जो आपके बालों को रूखा और बेजान बनाते हैं, जिससे डैंड्रफ की समस्या हो सकती है। इसलिए बालों को ढक कर बाहर निकलें। बालों को ढकने के लिए स्कार्फ, दुप्पटे और कैप का प्रयोग करें।

तेल लगाएं : प्रदूषण आपके बालों को रूखा बनाता है। इसलिए अपने बालों में तेल लगाकर मालिश करें। यह करने के लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपके बालों को पोषण देता है और प्रदूषण की वजह से होने वाले डैमेज को कम करता है।

बाल धोएं : प्रदूषण के कारण बालों में इकट्ठा हुए प्रदूषक काफी हानिकारक होते हैं। इसलिए यह आपकी स्कैल्प में जमा न हों और बालों को डैमेज न करें इसलिए हफ्ते में कम से कम दो बार शैम्पू करें। इसे करते समय इस बात का ख्याल रखें कि आपका शैम्पू ज्यादा हार्ष न हो। इससे बाल रूखे हो सकते हैं।

कंडिशनर का इस्तेमाल करें : प्रदूषण की वजह से रूखे हुए बालों को अधिक पोषण की जरूरत होती है। यह पोषण आपको कंडिशनर से मिल सकता है। शैम्पू के बाद कंडिशनर का इस्तेमाल करने से आपके बालों को मॉइस्चर भी मिलता है और बाल टूटते भी कम हैं। इसलिए हमेशा शैम्पू करने के बाद बालों को कंडिशन करें।

हीट से बचाएं : बालों को स्टाइल करने के लिए हम स्टाइलिंग टूल्स जैसे स्ट्रेटनर, कर्लर आदि का इस्तेमाल करते हैं। इनके इस्तेमाल से आपके बालों को बहुत गर्मी का सामना करना पड़ता है। इस वजह से बाल कमजोर और फ्रिजी होते हैं। प्रदूषण की वजह से बालों पहले से ही कमजोर हो रखे होते हैं, इसलिए बालों को हीट से बचाकर रखें। साथ ही गर्म पानी से बालों को धोने से भी बाल रूखे होते हैं इसलिए बालों को ठंडे या गुनगुने पानी से धोएं।






मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**